आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

रविवार, 10 मई 2026, वर्ष 36, अंक 92, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



श्रम सुधार : देश में लागू होगा चार नई संहिताओं वाला कानून
-12



हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट
-12



ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय
-13



तीरंदाजी विश्व कप में साहिल जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना
-14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बांहें फलाए आपका इंतजार कर रहा है रूमी गेट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# बंगाल में अब शुभेंदु सरकार

## मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, 5 विधायक बने मंत्री सफल कार्यकाल के लिए मोदी ने दी शुभकामनाएं

## जनादेश के सम्मान में प्रधानमंत्री मंच पर हुए नत मस्तक, 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छुए

**पहली बार सत्ता में भाजपा**

**कोलकाता, एजेंसी**

शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक ऐतिहासिक करवट ली और राज्य में पहली बार भाजपा ने सत्ता संभाली। स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथग्रहण का गवाह बना। शपथ समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे।

जय श्री राम के उद्‌घोष, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच राज्यपाल आरएन रवि ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर पहुंचने के बाद जनादेश के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए लोगों की ओर मुख करके घुटनों के बल झुककर जैसे ही हाथ जोड़े और मंच पर नत मस्तक हुए, ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र भाजपा के हजारों समर्थकों ने जोरदार नारों और तालियों से उनका स्वागत किया। भवानीपुर और नंदीग्राम, दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल करने वाले तथा भाजपा के आक्रामक चुनाव अभियान का चेहरा बनकर उभरे अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह छह सदस्यीय मंत्रिमंडल सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार के बाकी मंत्रियों को सोमवार को राजभवन में शपथ दिलाए जाने की संभावना है। नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक भी उसी दिन हो सकती है। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कभी वाम दलों का वैचारिक गढ़ माना जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने भी इसे अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के प्रमुख मंच के रूप में इस्तेमाल किया। भाजपा खेमे ने इसे 'डबल इंजन' सरकार के तहत 'सोनार बांग्ला' की शुरुआत के रूप में पेश किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे। राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ और पूर्वी भारत में भाजपा ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता हासिसल की।



### शुभेंदु के शपथ लेने के बाद मां गायत्री अधिकारी बोलीं-आरजी की पीड़िता को न्याय दिलाएं नए मुख्यमंत्री

**कांठी।** नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मां गायत्री अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह चाहती हैं कि उनका बेटा आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए काम करे। शुभेंदु की मां गायत्री और पिता शिशिर अधिकारी ने कहा कि बंगाल के लोग राज्य में पहली भाजपा सरकार की उनके बेटे के बागडोर संभालने से उनसे भी ज्यादा खुश हैं। अपने बेटे के मुख्यमंत्री बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए गायत्री ने कहा, मैं उनसे कहूंगी कि वह अत्याचारों का सामना करने वाले सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। पीड़िता, जो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु थी, के साथ 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। उसकी मां रत्ना देबनाथ ने पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता है।



## 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अब होगा सिद्ध : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ /कोलकाता**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और शुभेंदु अधिकारी के ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा। उन्होंने कामना की कि नया कार्यकाल बंगाल की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने। योगी ने बंगाल सरकार के नवनिर्वाचित मंत्रियों को भी बधाई दी और कहा कि वे जन-सेवा को सर्वोपरि रखकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। उन्होंने माँ काली से सभी के सफल और लोककल्याणकारी कार्यकाल की प्रार्थना की।

- कहा- बंगाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान का अमृतकाल शुरू

### शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र

समारोह के दौरान योगी ने नवनिर्वाचित सीएम शुभेंदु को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, मंत्री की शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान शुभेंदु ने भी एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### नड्डा, सैनी विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए गुवाहाटी पहुंचे

**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए शनिवार शाम को असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। इस बैठक में असम के अगले मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा। भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक रविवार सुबह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बैठक कर नए नेता का चुनाव करेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में लगातार तीसरी बार दो–तिहाई बहुमत के साथ जीत हासिल की है।

### राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में लोगों को चाकू की नोक पर लूटने से पहले उन्हें काबू में करने के लिए गला कसने की तकनीक का इस्तेमाल करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 30 अप्रैल को पुल पहाड़गंज के पास हुई, जब पीड़ित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। आरोपी ने उसे रोका और उसकी गर्दन पकड़कर गला कसने के बाद चाकू की नोक पर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग के खुलासे और एक सूचना के आधार पर शेष आरोपियों को शीला सिनेमा के पास से पकड़ा गया।

### क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में क्रिप्टो हैकर श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकि समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 20 अप्रैल को छापेमारी की थी। इसके तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हारिस के पुत्रों मोहम्मद हारिस नलापड़ व उमर फारूक नलापड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के. रहमान खान के पोते आकिब खान समेत अन्य आरोपियों के विभिन्न परिसर पर छापेमारी की गई।

# लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि होंगे अगले सीडीएस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) नियुक्त किया गया है और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती उस महत्वाकांक्षी 'थिएटराइजेशन' योजना को लागू करने की होगी, जिसका मकसद तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत ले. जनरल सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर सहित दो कोर की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। सेना की पूर्वी कमान के पूर्व कमांडर जनरल चौहान ने सितंबर 2022 में देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के नौ महीने बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सुब्रमणि ने 40 से अधिक वर्षों के अपने सैन्य करियर में विभिन्न भौगोलिक और अभियानगत परिस्थितियों में कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े तमाम दायित्व निभाए हैं।

### वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख नियुक्त



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को शनिवार को भारत का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। नौसेना प्रमुख के रूप में उनका ध्यान सैन्यबल के जारी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहने की संभावना है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।

## सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 17 परिसरों की तलाशी ली



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कामर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड - तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, तलाशी से यह भी पता चला कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

# विजय आज लेंगे शपथ, वीसीके आईयूएमएल ने दिया समर्थन

**तमिलनाडु में टीवीके की सरकार**

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में नयी सरकार के गठन को लेकर अनिश्चितता खत्म करते हुए विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) ने शनिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इसके बाद टीवीके नेता विजय ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फिर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने विजय के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सुबह 10 बजे तय किया है।

विजय का समर्थन करने से जुड़े वीसीके के निर्णय के कुछ ही देर बाद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक और सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को समर्थन दे दिया। आईयूएमएल के दो विधायक हैं। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हो गया, जो तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से दो अधिक है। नयी सरकार के गठन को लेकर लगाई जा रही अटकलों और अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए, टीवीके नेता अधव अर्जुन ने बताया कि वीसीके ने उनकी पार्टी को समर्थन दिया है। वीसीके के वरिष्ठ नेता वन्नी अरसु, जो पार्टी के विधायक दल के नेता भी हैं, ने राज्यपाल को संबोधित पत्र में टीवीके को समर्थन देने की घोषणा की है।



चेन्नई में राज्यपाल के साथ टीवीके प्रमुख विजय।

- टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हुआ राज्यपाल ने सरकार बनाने का दिया निमंत्रण

# पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा धनशोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**



ईडी ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मंत्री और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ दर्ज धनशोधन के नए मामले में की गई। अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया।

इससे पहले शनिवार सुबह से अरोड़ा के सरकारी आवास समेत उनसे जुड़े 17 परिसरों पर छापेमारी की गई थी। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की। ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक मकसद पूरे करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

- ईडी ने की कार्रवाई, अरोड़ा व उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापे मारे

**तैयारी**

**मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, दोपहर 3 :30 बजे राजभवन में होगा समारोह, कई मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल संभव**

# यूपी मंत्रिमंडल विस्तार आज, छह नए चेहरे ले सकते हैं शपथ

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार 10 मई को हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार राजभवन में दोपहर 3:30 बजे आयोजित समारोह में छह नए नेताओं को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जा सकती है। साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले शनिवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान उन्होंने संभावित मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल आनन्दीबेन को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा भी भेंट की।



लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### प्रदेश में फिलहाल 54 मंत्री, छह पद थे रिक्त

उप्र मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल 60 सदस्य हो सकते हैं। वर्तमान में 54 मंत्री कार्यरत हैं, जबकि छह पद रिक्त थे। इन्हीं पदों पर नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी के नाम प्रमुख हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि शपथ ग्रहण से ठीक पहले ही होगी।

### जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश

मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछड़ा, दलित, महिला और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों का चयन किया गया है।

### संगठन में भी बदलाव के संकेत

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ संगठन स्तर पर भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए सरकार और संगठन दोनों में संतुलन साधने की तैयारी में है।

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS (intake - 250) - Through NEET | (10+2 PCB) | 4½+1 Year |
| 02 | MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET | MBBS | 3 Year |
| 03 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 05 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 07 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 09 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 10 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 10 | BDS (intake - 100) - Throught NEET | (10+2 PCB) | 4+1 Year |
| 11 | MDS (intake - 38) Through MDS NEET | BDS | 3 Year |
| 12 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 13 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 14 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 15 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 17 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 18 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 19 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 20 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 21 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 22 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 25 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 26 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 27 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 28 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 29 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 30 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 31 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 32 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 33 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 34 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

### Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

| | Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 77 | BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60) | Through NEET (10+2 PCB) | 4½+1 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

# 2047 तक विश्व का नेतृत्व करेगा भारत : पंकज सिंह

## महाराणा प्रताप जयंती पर भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, वक्ताओं ने महाराणा के शौर्य को किया नमन, विपक्ष पर साधा निशाना

● पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने किया कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** मेवाड़ के अमर शूरवीर, वीरता, स्वाभिमान और त्याग के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शनिवार को शहर के होटल रॉयल रिलाइट में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह द्वारा किया गया।



मुख्य अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह को भाला देता समर्थक, साथ में राज्यमंत्री व पूर्व एमएलसी। ● अमृत विचार


कार्यक्रम को संबोधित करते पंकज सिंह। ● अमृत विचार

मंच से वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, उनके त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पंकज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया, लेकिन कभी किसी के सामने सिर नहीं झुकाया। यही कारण है कि आज भी देश का युवा उन्हें अपना आदर्श मानता है। उन्होंने कहा कि कुछ सरकारों ने इतिहास को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया और देश के महापुरुषों के योगदान को दबाने का प्रयास किया, लेकिन सच्चाई कभी छिप नहीं सकती। भाजपा सरकार ने महापुरुषों के सही इतिहास और योगदान को समाज के सामने लाने का काम किया है।

उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग अकबर, बाबर और औरंगजेब की बात करते हैं, लेकिन देश का नौजवान महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों को अपना हीरो मानता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं, लेकिन इस देश में रहकर अगर कोई दूसरे देश की जिंदाबाद करेगा तो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी यही स्पष्ट संदेश है। पंकज सिंह ने कहा कि समाज में पूजा उस व्यक्ति की होती है जिसने त्याग और समर्पण किया हो, केवल लंबे समय तक राज करने वालों की नहीं। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विश्व नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि नई चीजों को स्वीकार करेंगे, लेकिन हमारा मार्गदर्शन भगवा और सनातन धर्म ही करेगा। उन्होंने भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए कहा कि अब देश में न हाथ, न हाथी, न साइकिल और न सरिया चलेगा, देश में सिर्फ और सिर्फ केसरिया चलेगा। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं और मातृभूमि से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कार्यक्रम के आयोजक एवं पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सनातन धर्म, देश के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रसिद्ध कवि गजेंद्र प्रियाशु के नेतृत्व में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत व रॉयल रिलाइट ग्रुप के डायरेक्टर विपुल सिंह, मनोज सिंह, अवधेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव व एक्टर शरद राज सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

### यूपी में भाजपा की फिर होगी बड़ी जीत : पंकज

पश्चिम बंगाल की राजनीति पर बोलते हुए पंकज सिंह ने कहा कि वहां की जनता लंबे समय से विकास चाहती थी। भाजपा ने पहली बार वहां सरकार बनाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुभेंदु अधिकारी बेहतर सरकार चलाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 365 दिन और 24 घंटे काम करने वाली पार्टी है तथा 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा पहले से भी बड़ी जीत दर्ज करेगी।

### पार्टी नेतृत्व करेगा फैसला: हरगोविंद

रामनगर विधानसभा सीट से वर्ष 2027 के चुनाव में टिकट की दावेदारी के सवाल पर हरगोविंद सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें क्षेत्र में काम करने की जिम्मेदारी दी है और टिकट देने का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि भाजपा उन्हें उम्मीदवार बनाती है तो पार्टी 25 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल करेगी।

### सिद्धू परिवार से मिले नोएडा विधायक पंकज सिंह


पंकज सिंह को उनकी तस्वीर भेंट करते जयदीप व गुरदीप।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू एवं जिला मंत्री भाजपा गुरदीप सिंह सिद्धू के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना। इस दौरान खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं व्यापार संगठन संरक्षक संतोष सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, उद्योग व्यापार संगठन के जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला सहित मन्नू, अतुल, मुकेश व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं से समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

### दंडवत यात्रा पर निकले दंपति का स्वागत


रामसनेहीघाट पहुंचे श्रद्धालु दंपति का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** बिहार के सीतामढ़ी से वृंदावन तक 1007 किलोमीटर की दंडवत यात्रा पर निकला श्रद्धालु दंपति मंगलवार को रामसनेहीघाट पहुंचा। दंपति की कठिन तपस्या और अटूट विश्वास को देखकर स्थानीय श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। विशुनपुर गोनाही जिला सीतामढ़ी, बिहार निवासी जय प्रकाश साह अपनी पत्नी के साथ 3 जनवरी को वृंदावन के लिए दंडवत यात्रा पर निकले थे। उनका उद्देश्य वृंदावन पहुंचकर प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करना है। श्रद्धालु दंपति ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वे महाराज के प्रवचन और वीडियो सुन रहे हैं, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने यह कठिन संकल्प लिया। यात्रा के दौरान 5 मई को दंपति अयोध्या पहुंचे, जहां सरयू स्नान और पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने पुन: दंडवत यात्रा शुरू की और रामसनेहीघाट पहुंचे। यहां सुरेंद्र सोनी (पिंटू), धर्मेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, ओम गुप्ता और दिनेश समेत तमाम भक्तों ने उनका स्वागत कर जलपान कराया और उनके संकल्प को प्रणाम किया। जय प्रकाश साह ने बताया कि यात्रा के दौरान वह और उनकी पत्नी स्वयं भोजन बनाकर ग्रहण करते हैं। रात में मंदिर या सड़क किनारे विश्राम करते हैं और सूर्यास्त के बाद यात्रा रोक देते हैं।

### लोक अदालत में छात्रों ने निभाई सक्रिय भूमिका



एसआरएमयू के विद्यार्थी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र (लीगल एड सेल) के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विद्यार्थियों अभिनव मिश्रा एवं श्रुति सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाई। दोनों विद्यार्थियों ने लोक अदालत की कार्यवाही का अवलोकन करते हुए आमजन को त्वरित, सुलभ और सस्ती न्याय व्यवस्था के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोक अदालत के माध्यम से विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया और उसके लाभों की जानकारी भी दी। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी एवं कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर लीगल एड सेल के संयोजक डॉ. महेंद्र कुमार, सह-संयोजक के.पी. सिंह तथा असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप कुमार यादव, दीपेश कुमार सिंह एवं सुश्री शशि शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

### बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक पुरानी तहसील मुख्यालय स्थित शिव मंदिर पर आयोजित हुई। बैठक में रक्तदान, संगठन विस्तार तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुकेश सिंह की पुण्यतिथि के संबंध में जानकारी देते हुए उनके आदर्शों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 16 मई को ग्राम हरपालपुर में आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। संगठन विस्तार के तहत हरपालपुर ग्राम अध्यक्ष के रूप में दीनअली और जासेपुर में फिरोज खान को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं से 15 मई को जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। बैठक में किसानों के बिजली बिल रीडिंग के अनुसार सही किए जाने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद कर पुराने मीटर बहाल करने की मांग उठाई गई। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर हैदरगढ़ ब्लॉक इकाई विरोध करेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष हरीराम पाल, महासचिव राजेश, रामखेलावन, राम नरेश, कमलेश, राम बहादुर, लल्लन, विनोद, रामचंद्र, जगदीश प्रसाद, कमलेश कुमार, गया प्रसाद, दीपक कुमार, राम अचल, शालिग्राम, दुखी बाबा, दिनेश मौर्य और जगजीवन समेत कई किसान मौजूद रहे।

### 26 उपनिरीक्षकों के मध्य वितरित हुए टैबलेट

**बाराबंकी : अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना में उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता लाने हेतु उपनिरीक्षकों, विवेचकों को टैबलेट वितरित किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था को हाईटेक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस लाइन सभागार में विभिन्न थानों पर नियुक्त 26 उपनिरीक्षकों को टैबलेट वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विवेचना कार्यों में उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और तेजी लाना है, जिससे उपनिरीक्षक, विवेचक मौके पर ही साक्ष्यों का संकलन कर उन्हें डिजिटल पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे और अपराधियों के विरुद्ध समयबद्ध तरीके से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा सकेगी तथा आम जनमानस को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया उपस्थित रहें।

### महादेवा कॉरिडोर : फिर शुरू होगा ध्वस्तीकरण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर कॉरिडोर निर्माण को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती तेज कर दी है। शनिवार को एसडीएम आनन्द तिवारी एवं तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने पुरुषोत्तम मास मेले की तैयारियों और कॉरिडोर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मेले से पूर्व बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई के कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं अधिग्रहित होने के बावजूद खाली न किए गए शेष मकानों को जल्द खाली कराने के लिए लेखपाल के माध्यम से मुनादी कराने को कहा। देर शाम डुग्गी मुनादी कर लोगों से मकान शीघ्र खाली करने की अपील की गई। सूत्रों के अनुसार सोमवार से दोबारा ध्वस्तीकरण अभियान शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। उधर लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और मुख्य द्वार का निर्माण भी कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान राजन तिवारी, कोतवाल अरुण प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज रजनीश पांडेय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## 103 किलो गांजा बरामद, 4 बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट कानपुर और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 103.100 किलोग्राम गांजा के साथ चार सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन, सात मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है।


गिरफ्तार तस्कर। ● अमृत विचार

टीम ने थाना बीबीडी क्षेत्र स्थित बबुरिहा पावर हाउस के सामने नहर पुलिया तिराहे से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल पाण्डेय निवासी मटियारी लखनऊ, सौरभ कुमार जायसवाल निवासी कृष्णानगर बाराबंकी, जितेन्द्र कुमार निवासी नगराम लखनऊ तथा अखिलेश कुमार निवासी बेहटा मुजावर उन्नाव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 103.100 किलोग्राम अवैध गांजा, एक स्विफ्ट कार, एक किया सेल्टॉस कार, एक आईफोन, छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 3,140 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना बीबीडी, कमिश्नरेट लखनऊ में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गांजा बिहार से मंगवाया गया था और सभी आरोपी मिलकर विभिन्न स्थानों पर इसकी सप्लाई करते थे।

## सामान खरीदने गया युवक लापता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरहेमऊ निवासी एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। ग्राम भरहेमऊ निवासी कालिका प्रसाद शुक्ला ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका 25 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार शुक्ला बीते 4 मई को दोपहर करीब एक बजे घर से भिटरिया चौराहा घरेलू सामान खरीदने गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिवार ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। तलाश के बाद भी जानकारी न मिलने पर परिजन बेहद परेशान हैं।

## जिविनि को राहत, एसटीएफ जांच व ट्रांसफर पर रोक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने डीआईओएस ओपी त्रिपाठी को बड़ी राहत देते हुए उनके विरुद्ध पारित 15 अप्रैल के आदेश पर रोक लगा दी है।


ओपी त्रिपाठी डीआईओएस।

मामला विवादित सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज में सहायक अध्यापक अभय कुमार के दोबारा कार्यभार ग्रहण से जुड़ा है। कॉलेज प्रबंधक सरदार आलोक सिंह द्वारा डीआईओएस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए दाखिल याचिका पर सिंगल बेंच ने एसटीएफ जांच, ट्रांसफर और रिकवरी के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने डबल बेंच में अपील की थी। डबल बेंच ने 7 मई को दिए आदेश में कहा कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि डीआईओएस ने विभागीय नियमों के विरुद्ध कोई कार्य किया है। न्यायालय ने माना कि अभय की कार्यमुक्ति और दोबारा कार्यभार ग्रहण में जिविनि द्वारा अनुमति नहीं दी गई थी और न ही उनके पक्ष में दोहरा भुगतान हुआ। प्रकरण के अनुसार प्रधानाचार्य शिवचरण गौतम ने अभय कुमार को कार्यमुक्त किया था। बाद में उन्होंने एकलव्य विद्यालय, छत्तीसगढ़ में मार्च 2025 से जून 2025 तक सेवा देने के बाद 31 अगस्त 2025 को त्यागपत्र देकर 1 सितंबर 2025 को सिटी इंटर कॉलेज में पुनः कार्यभार ग्रहण किया। मामला संज्ञान में आने पर जिविनि ने अभय के वेतन पर रोक लगाते हुए उच्चाधिकारियों से दिशा-निर्देश मांगे थे।

## धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति


कार्यक्रम में मौजूद बाबा गुरुकुल एकेडमी के चेयरमैन हरपाल सिंह व अभिभावक।



केक काटतीं किंग जार्ज विद्यालय की प्रिंसिपल स्मिता सिंह व बच्चों की माताएं।


संस्कार ग्लोबल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मौजूद बच्चे व माताएं।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मदर्स डे हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता, कार्ड मेकिंग और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

बहराइच रोड स्थित बाबा गुरुकुल अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रैंप वॉक और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। विद्यालय के चेयरमैन हरपाल सिंह ने मां को जीवन की प्रथम गुरु बताते हुए उनके संस्कारों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताया। प्रधानाचार्या सुप्रिया पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पारिवारिक मूल्यों और संवेदनशीलता को विकसित करते हैं। वहीं संस्कार ग्लोबल स्कूल, अमरसंडा-निंदूरा में भी मातृ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई। चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर, निदेशक रंजन सिंह और प्रिंसिपल नगमा आबिदी ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों और माताओं ने रैंप वॉक, पाम पेंटिंग और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेता अभिभावकों अल्का राठौर, विनीता विश्वकर्मा और ऋतु मौर्या को सम्मानित किया गया। उधर शहर के कमरिया बाग स्थित किंग जॉर्ज स्कूल में भी मदर्स डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रिंसिपल स्मिता सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माताओं और बच्चों ने नृत्य व खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा माताओं को दिए गए शुभकामना कार्ड और भावुक संदेशों ने माहौल को भावनात्मक बना दिया।

## स्कूल से लौट रहे छात्र पर हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली में स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गईं। ग्राम पिपरौली निवासी चन्द्र प्रकाश पुत्र दुर्गा सरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 13 वर्षीय पुत्र अक्षत 8 मई को दोपहर करीब एक बजे स्कूल से वापस घर आ रहा था। आरोप है कि पड़ोसी राज शर्मा पुत्र जयकृष्ण मोहन शर्मा ने अक्षत को मारने के लिए दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए भाग रहे अक्षत का हाथ रानी शर्मा ने पकड़ लिया। इसी दौरान छोटू बेल्ट लेकर मारने दौड़ा। आरोप है कि राज शर्मा ने ईंट का टुकड़ा उठाकर अक्षत के सिर पर मार दिया, जिससे उसे चोटें आईं।

**राष्ट्रीय लोक अदालत** | जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ

## 1.56 लाख से अधिक मामले निस्तारित, 16 करोड़ वसूले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,56,664 मामलों का निस्तारण करते हुए 16 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अर्थदंड और प्रतिकर के रूप में जमा कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी अल्पना सक्सेना, न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी आदि मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि संवाद, सहमति और संवेदनशीलता लोक अदालत की आत्मा है।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि विभिन्न न्यायालयों, बैंकों, राजस्व विभाग और अन्य विभागों द्वारा कुल 1,56,664 मामलों का निस्तारण किया गया तथा 16,19,05,936 रुपये की धनराशि अर्थदंड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराई गई।

सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों में 34,873 वादों का निस्तारण करते हुए 5.73 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई। वहीं प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक, बैंक और राजस्व संबंधी 1,21,791 मामलों का निस्तारण कर 10.45 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वसूल की गई।

इसी प्रकार मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय ने 74 मामलों का निस्तारण करते हुए 3.40 करोड़ रुपये प्रतिकर के रूप में प्रदान किए गए।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने सर्वाधिक 11,017 मुकदमों का निस्तारण कर 3.39 लाख रुपये अर्थदंड वसूल किया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्ज्वल उपाध्याय ने बताया कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 79,091 वादों का निस्तारण किया गया। जिले की विभिन्न बैंकों ने 1,192 एनपीए खातों का निस्तारण कर 7.45 करोड़ रुपये की वसूली की, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वाधिक 483 मामलों का निस्तारण किया।

लोक अदालत के दौरान पारिवारिक न्यायालयों में 15 दंपतियों को आपसी सहमति से साथ विदा किया गया।



# मदर्स-डे: मैंने जन्नत तो नहीं देखी, बस मां देखी है



शुभम निगम, उन्नाव

**अमृत विचार।** मदर्स-डे पर यह तस्वीर मुनव्वर राना की उन मशहूर पंक्तियों को जीवंत करती है कि मैंने जन्नत तो नहीं देखी, बस मां देखी है। मोतीनगर की इस तस्वीर में एक मां अपनी नन्हीं बेटी को गोद में लिए जीवन के कड़े संघर्षों से जूझ रही है। तपती धूप व भारी हथौड़े के बीच भी मां का आंचल बेटी के लिए सबसे सुरक्षित जन्नत बना हुआ है। यह दृश्य न केवल वात्सल्य की पराकाष्ठा है बल्कि उस अदम्य साहस का भी प्रतीक है। जहां एक महिला अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए फौलाद से टकराने का जज्बा रखती है।

## स्कूलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



मदर्स-डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### जयपुरिया स्कूल में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**उन्नाव, अमृत विचार।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मातृ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। शुभारंभ में विद्यालय के कक्षा नर्सरी के छात्रों ने अंग्रेजी गाने आई लव मम्मी पर अत्यंत मनोहरी नृत्य की प्रस्तुति की। एलकेजी व यूकेजी के छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य के साथ कक्षा 3 से 5 तक के नन्हे मुन्हों ने मधुर गीत मां मेरी मां मैं तेरा लाडला प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने खेल संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। सभी विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। चेयरमैन आनंद आहूजा ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि प्रेम त्याग संस्कार व ममता की जीवित प्रतिभा होती है। प्रधानाचार्य निधि शर्मा ने कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। वह हर परिस्थिति में बच्चों का मार्गदर्शन करती है।

### मां बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती है

**उन्नाव, अमृत विचार।** चंद्रशेखर आज़ाद इंटर कॉलेज आवास विकास कालोनी में मदर्स-डे पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य मो. सैफ व मो. कैफ ने कहा मां का स्थान सर्वोच्च होता है। विद्यार्थियों को माता-पिता का सम्मान करने व उनके आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य व भाषण प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम व सम्मान व्यक्त करते हुए भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधक सबिया खातून ने सभी माताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मां बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती है। संचालन नेहा मैम ने किया।

## अंडर-19 जोनल ट्रायल में 8 महिला खिलाड़ी चयनित

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत अंडर-19 जोनल ट्रायल के लिए जिले से चयनित 8 महिला अंडर-19 खिलाड़ियों की सूची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी की गई है। चयनित खिलाड़ियों में आस्था वर्मा, अंशिका हरिपाल, दीपांशी साहू, जाहन्वी, सेजल रावत, आकांक्षा सिंह, अवंतिका अवस्थी व आयुषी यादव शामिल हैं। चयनित सभी खिलाड़ियों को लोगों ने हार्दिक बधाई दी है। जोनल ट्रायल मैच 13 से 15 मई तक जीसीआरजीसी क्रिकेट स्टेडियम बक्शी का तालाब चंद्रिका देवी मार्ग लखनऊ में खेले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक घायल

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के अटिया गांव निवासी इंद्रपाल (37) पुत्र श्रीराम शुक्रवार देररात हरदोई जिला के कासिमपुर थानाक्षेत्र के अटुका गांव स्थित ससुराल जा रहा था। तभी उन्नाव-संडीला मार्ग पर थानाक्षेत्र के जरुआखेड़ा मोड़ पर सामने से आई बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें इंद्रपाल घायल हो गया। उसने आरोप लगाया कि टक्कर मारने के बाद दूसरी बाइक सवार युवकों ने उससे मारपीट भी की।

### बोलेरो की टक्कर से दंपति हुए घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ब्योली इस्लामाबाद गांव निवासी गोपाल शंकर (52) पुत्र श्रीराम पत्नी नीलम को इलाज के लिये बांगरमऊ लेकर जा रहा था। संडीला मार्ग पर रानीपुर ग्रंट के सामने तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें गोपाल शंकर घायल हो गए। नीलम को भी चोटें आई हैं।

### समारोह में हुई मारपीट कई लोग हुए घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव निवासी पिंकी पत्नी टिंकू के अनुसार वह शुक्रवार को अपनी पुत्री के घर कुवारिया खेड़ा शंकरपुर में नातिन की छठी में शामिल होने परिवार के साथ गई थी। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने नशे में उन पर हमला कर दिया। बताया कि आरोपियों ने उनकी बेटी व उन्हें लात-घूसों से पीटा। जान बचाकर वह घर में घुसीं, लेकिन हमलावर दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए और मारपीट जारी रखी। शोर सुन ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीआरवी पहुंची और मामला शांत कराया।

### डीएम व एसएसपी ने सुनीं लोगों की फरियाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शिकायतें लेकर पहुंचे। इसमें डीएम घनश्याम मीना व एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान 10 शिकायतें आईं। जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इनमें दो मामले राजस्व विभाग से जुड़े थे। जिन्हें डीएम के निर्देश पर तत्काल सुलझाया गया। जबकि पुलिस से संबंधित 2 मामलों का निस्तारण एसएसपी ने मौके पर कराया। संचालन इंस्पेक्टर अजय सिंह ने किया। इस दौरान सीओ सिटी दीपक यादव, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी सहित पालिका व राजस्व विभाग के कर्मचारी भी रहे। शेष मामलों को जांच के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके।

### सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के अहिरौर गांव निवासी धर्मा देवी (55) पत्नी मुन्ना वर्मा बीती 7 मई को पड़ोसी के घर जा रही थी। तभी घर से 50 मीटर आगे डौंडिया खेड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। बेटा सूरज उसे बीघापुर के 100 बेड अस्पताल लाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। हालत में सुधार ने होने पर उसे डॉक्टर ने हैलट रेफर किया। लेकिन परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देररात उसकी सांसे थम गई। परिजन शव लेकर घर लौटे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पीएम कराया।



बच्चों द्वारा बनाए गए घोसले देखते अभ्युदय सेवा संस्थान के लोग। अमृत विचार

### नन्हे हाथों ने बनाया पक्षियों के लिए आशियाना

**उन्नाव, अमृत विचार।** थाना इंटर कॉलेज में अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा कार्यशाला आयोजित हुई। संस्थान अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को पक्षी संरक्षण व पर्यावरण संतुलन का पाठ पढ़ाया गया। विद्यालय प्रबंधक करुणेश सिंह व कमल सिंह चंदेल की उपस्थिति में बच्चों ने गत्ते के डिब्बे, जूट की रस्सी व सूखी घास जैसी बेकार वस्तुओं से पक्षियों के लिए घोंसले तैयार किए। प्रधानाचार्य अजय शुक्ल ने बच्चों से कहा कि ये छोटे-छोटे घोंसले पक्षियों के लिए केवल धूप से बचाव ही नहीं, बल्कि एक सुरक्षित आशियाना भी साबित होंगे। सहायक शिक्षक योगेंद्र चौहान ने छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे घोंसलों को सुरक्षित स्थानों पर लगाएंगे। कक्षा 8 की छात्रा नैन्सी, यशिका शर्मा, दुर्गा सिंह, आरफा, तस्मिया व छात्र शिवम, अनुभव, प्रतिमा आदि ने अपनी रचनात्मकता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. प्रभात सिन्हा ने बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की।

## शादी में दबंगों का उत्पात, लहराया तमंचा, मारपीट में कई लोग घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार रात शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष ने बाहरी दबंगों को बुला लिया। इसके बाद जमकर मारपीट हुई और तमंचा लहराने से अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। जानकारी के अनुसार, सहजनी स्थित गोकुल धाम गेस्ट हाउस में संभरखेड़ा गांव निवासी सर्वेश की बेटी का विवाह समारोह चल रहा था। तभी दो लोग आइसक्रीम लेकर पहुंचे, जिस पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि आइसक्रीम विक्रेता ने बाबा खेड़ा निवासी विमलेश पासी को फोन कर दिया। कुछ ही देर में विमलेश अपने साथी विमल व अन्य दर्जनभर लोगों के साथ पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। इस दौरान विमलेश ने तमंचा लहराया। जिससे वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मौके से विमलेश को तमंचे सहित पकड़ लिया। घटना में भदोही जिले के लठिया गांव निवासी गोविंद चौहान सहित अवधेश, प्रीती व गीता समेत कई लोग घायल हुए हैं। गोविंद की तहरीर पर पुलिस ने विमलेश और विमल पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### महर्षि स्कूल में उत्साह से मना मातृ दिवस




कार्यक्रम प्रस्तुत करते महर्षि स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कंचन नगर स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में शनिवार को मातृदिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने शिक्षिकाओं को मातृरूप मानते हुए उपहार देकर उनका सम्मान किया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया और पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माताओं के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। वहीं आमंत्रित माताओं ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कार्यक्रम रोचक बनाया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली माताओं को प्रधानाचार्या सुषमा श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने मातृदिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि सह-प्रबंधक विराट शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

### बच्चों ने माताओं को किया सम्मानित



दयानंद स्कूल में माताओं को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज परिसर में मदर्स-डे पर भावनात्मक व आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माताओं के तिलक व पुष्प स्वागत से हुआ। प्रधानाचार्य सुधा तिवारी ने कहा कि माँ बच्चों की पहली गुरु होती हैं और उनके जीवन निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। इस दौरान बच्चों ने गीत, कविताएं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों व माताओं के बीच विभिन्न मनोरंजक खेल भी कराए गए। एक गतिविधि में आंखों पर पट्टी बांधकर माताओं से अपने बच्चे को पहचानने को कहा गया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। माताओं ने बच्चों संग रैंप वॉक कर माहौल को उत्साह से भर दिया। इस मौके पर अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह आदि रहे।

## जयंती: महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष की मिसाल



उदय प्रताप सिंह को नियुक्ति पत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद महासभा के लोग। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जयंती समारोह मोतीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन व शंखनाद के साथ किया। इसमें संगठन की मजबूती पर बल देते हुए राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच जिला इकाई का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से आशुतोष मिश्रा को जिलाध्यक्ष व उदय प्रताप सिंह को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय आन-बान व स्वतंत्रता के अमर प्रतीक थे। प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ल ने कहा कि सवर्ण समाज को महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों को अपनाकर समाज की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। प्रोफेसर डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने युवाओं का आह्वान कर कहा कि वर्तमान पीढ़ी को साहस, ईमानदारी व राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उमा निवास बाजपेयी, मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम सिंह, संजय राठी, विशाल सिंह, लाल सिंह, प्रेम सिंह सेंगर, डॉ. विनय शंकर दीक्षित 'आशु', ओपी तिवारी, ब्रजेश पांडे, सोनी अवस्थी शुक्ला, राहुल राम द्विवेदी, राकेश तिवारी 'राही' रहे।

### महाराणा प्रताप की मनाई जयंती

**हसनगंज, उन्नाव।** क्षेत्र के मेंहदी खेड़ा गांव के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह मनाया गया। इसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने किया। क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को अपने पूर्वजों के शौर्य व बलिदान पर गर्व होना चाहिए। कहा कि महाराणा प्रताप ने समाज व राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस दौरान डिजिटलमैन ओम प्रकाश सिंह, समाजसेवी मिलन पांडेय व अरुण दीक्षित ने क्षत्रियों का प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किया। संचालन नृपेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में डा. भानू प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, इंद्रमोहन सिंह आदि रहे।



108 छमकनाली पुलिया पर होता कार्य। अमृत विचार

### 15 किमी प्रति घंटे की गति से गुजर रहीं ट्रेनें

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित छमकनाली 108 पुलिया के शिफ्टिंग कार्य के बाद ट्रेनों का संचालन फिलहाल कॉशन के साथ किया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिया शिफ्ट करने के बाद देर शाम प्रतापगढ़ इंटरसिटी को 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजारा गया। रेलवे की ओर से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अगले दो दिनों तक सभी ट्रेनों को इसी गति सीमा में चलाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को सुबह से ही रेलवे पुल पर मेगा ब्लॉक लेकर कार्य दोबारा शुरू किया गया। इस दौरान एक्सईएन ब्रिज वर्कशॉप लखनऊ रामलखन सचान और एसएसई ब्रिज लखनऊ नवनीत की देखरेख में तकनीकी खामियों को दूर करने का कार्य किया गया। पुलिया में बैरिंग डालने के साथ ही ग्रिसिंग और ऑयलिंग की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई। इसके अतिरिक्त ओएचई लाइन की मरम्मत का कार्य भी किया गया, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कार्य पूर्ण होने तक एहतियातन ट्रेनों की गति सीमित रखी जाएगी।

### पोल पर फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** उन्नाव-मोहन मार्ग पर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धाराखेड़ा गांव में युवक का शव एचटी लाइन के सपोर्टिंग पोल में लटका देख लोगों में सनसनी फैल गई। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के उलरापुर गांव निवासी अंकित (27) पुत्र सुरेश मजदूरी करता था। उसकी दाईं आंख में रोशनी नहीं थी। जिसका कानपुर में इलाज चल रहा था। दो दिन पहले वह डॉक्टर के पास गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा। पिता सूरज पाल ने बताया कि मजदूरी के सिलसिले में वह अक्सर वहीं रुक जाता था। इसलिए परिजनों ने उसकी चिंता नहीं की। शनिवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-मोहन मार्ग पर मकूर गांव के मजरा धाराखेड़ा गांव के बाहर कुलवीर के खेत के पास से निकली एचटी लाइन के सपोर्टिंग पोल पर एक युवक का शव गमछे के फंदे से लटका देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

## हाइड्रोलिक मशीन की डीजल टैंक में धमाका, ऑपरेटर की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** मशीन की तकनीकी खराबी ठीक करते समय डीजल टैंक में अचानक हुए भीषण विस्फोट में सहायक ऑपरेटर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने सहकर्मियों के साथ शव रखकर हंगामा काटा। करीब पांच घंटे बीतने पर भी पुलिस लोगो को समझाने में जुटी है। बदायूं जिला के हजरतपुर थाना क्षेत्र के कोटरा मजरा गांव निवासी उमेश (35) पुत्र गजेंद्र सिंह पिछले डेढ़ माह से मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे दही थाना क्षेत्र के सराय कटियान गांव में विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारे में पाइलिंग मशीन पर सहायक ऑपरेटर था। यही चचेरा भाई अवधेश भी ऑपरेटर के रूप में काम करता है।शनिवार शाम काम करते समय पाइलिंग मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। उमेश व अवधेश मशीन को ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। तभी मशीन के डीजल टैंक में तेज धमाके के फट गया।। अवधेश ने मशीन से कूदकर अपनी जान बचा ली। लेकिन उमेश गंभीर झुलस गया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने सहकर्मियों के मिलकर मुआवजे व कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पति की मौत से पत्नी मीना देवी व मां रामवती बेहाल है। उसके तीन बच्चों में बेटे आदर्श अभ्यास, बेटी दिशा है।

### फुटबॉल गर्ल्स टूनामेंट में सर सैय्यद उपविजेता




सर सैय्यद स्कूल की उपविजेता टीम। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** सीआईएससीई फुटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन कानपुर के वीरेंद्र स्वरूप स्कूल कैंट में हुआ। इसमें हडर्ड स्कूल, वीरेंद्र स्वरूप कैंट व सर सैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव के अलावा अन्य कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंडर-14 गर्ल्स के अंतर्गत सर सैय्यद स्कूल उन्नाव की बालिकाएं शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता बनीं। इनमें से 5 प्रतिभागियों का चयन आगामी 24 व 26 जुलाई को सेंट जीसस एंड मेरसी कान्वेंट स्कूल नोएडा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्रधानाचार्या सादिया कमाल, प्रबंधन समिति के सदस्यों व शिक्षकों ने सभी को प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में स्कूटी सवार युवक को मरणासन्न करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ जेल भेजा है। कंचन नगर-ए निवासी रविशंकर यादव स्कूटी से आजाद नगर गए थे। तभी कार चालक राजकुमार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों आकाश रावत, विशाल व अन्य के साथ मिलकर गाली-गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद घायल की पत्नी सरिता देवी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

आयोजन | जिला न्यायालय परिसर में जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया शुभारंभ

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 96 हजार से अधिक वाद निपटे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लोक अदालत में 90 हजार से अधिक वादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाया गया। इसमें 7 करोड़ से अधिक की धनराशि भी वसूली गई। जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया कि इसके माध्यम से सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वाद का त्वरित निस्तारण किया जाता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों व अन्य स्थानों पर लंबित कुल 96,313 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही 7.14 करोड़ से अधिक की वसूली भी की गई। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 5 मामलों में 50 लाख 97 हजार 417 रुपये का प्रतिकर अवार्ड किया गया।

बैंक रिकवरी के 662 मामलों में 6 करोड़ 60 लाख 18 हजार रुपये की अदायगी तय की गई। बीएसएनएल के 35 एवं फाइनेंस कंपनियों के 50 मामलों में 3 लाख 32 हजार 500 रुपये की धनराशि जमा कराने पर सहमति बनी। राजस्व से संबंधित 53,636 मामलों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय में वैवाहिक मामलों के 18 वाद व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 6 प्री-लिटिगेशन वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया गया। विद्युत विभाग से जुड़े 32,782 प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निपटारा हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य लघु वादों की विशेष लोक अदालत में 115 मामलों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनिल शुक्ला, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी रामायण शर्मा, अपर जिला जज कविता मिश्रा, अंकिता शुक्ला, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रामराज, विवेकानंद विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश, शिप्रा आर्या, शैलेन्द्र सिंह यादव, निवेदिता अस्थाना, रवि प्रकाश साहू, महेंद्र सिंह, रत्नेश दीप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कमल आनंद, बार अध्यक्ष गिरीश मिश्र, महामंत्री अनुज बाजपेयी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भाव्या तिवारी सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं पराविधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, जनपद-उन्नाव**

पत्रांक 537/पार्क/ सूचना/2026–27 दिनांक– 08/05/2026

पार्क, खेल, मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची
(नियम 4 देखें)

**स्थानीय निकाय का नाम नगर पालिका परिषद बांगरमऊ जनपद उन्नाव।**
उ0प्र0पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ0प्र0 पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (विनिमय और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित नियम–4 के अधीन नगर पालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा निम्नवत् सूची प्रकाशित की जाती है. यदि उक्त सूची पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

अनन्तिम सूची (प्रपत्र–1)

| क0 सं0 | नाम/गाटा संख्या | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थित | क्षेत्रफल /आकार ल0×चौ0 | विस्तृत अम्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पार्क | कटरा द्वितीय /10 | कटरा द्वितीय | 45×90 फिट | वार्ड नं0 10 |

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांगरमऊ-उन्नाव।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांगरमऊ-उन्नाव।

न्यूज ब्रीफ

### घायल पड़े मिले अधेड़ की अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी रोड ओवर ब्रिज के पास घायल पड़े मिले अधेड़ को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके पास से बरामद हुए मोबाइल से दूसरे दिन शव की शिनाख्त हो सकी। अधेड़ बेटी की ससुराल जाने के लिए घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा। पुलिस जांच कर रही है।



शुक्रवार को 59 वर्षीय अधेड़ पिहानी रोड ओवर ब्रिज के पास घायल हालत में पड़ा था, उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उसके पास से बरामद हुए मोबाइल से बरखेरवा निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अधेड़ सुरेश पाल सिंह जोकि बघौली थाने के बरखेरवा गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को वह बेटी की ससुराल देवरिया थाना हरियावां जाने के लिए घर से निकला था। माना जा रहा है कि अधेड़ सड़क हादसे में जख्मी हुआ था।

### किशोरी बरामद, आरोपी युवक वाला गिरफ्तार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती 21 मार्च को उसकी बहन का बेटा उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी घर में रखे 40 हजार रुपए भी ले गई थी। रिपोर्ट में मां ने बेटी के भगाने में आरोपी की बहन पर सहयोग करने व किसी तरह की कार्यवाही करने पर जान से मार डालने की धमकी का भी आरोप लगाया था। शनिवार को कस्बा इंचार्ज न्यूटन सिंह ने हमराहियों के साथ मुखबिर व सर्विलांस के जरिए किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही शुरू की है।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक और बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हुईं दो दुर्घटनाएं

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिंदगी को रफ्तार देने वाले हाई-वे की बेकाबू रफ्तार पलक झपकते ही जिंदगी निगल रही है। बीते कुछ घंटों के दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक और बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हुए दो हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

हादसा नंबर-1- शाहजहांपुर के चिलौटा थाना बंडा निवासी 35 वर्षीय आदेश पुत्र छोटेलाल पेशे से मजदूर था, वह शाहजहांपुर के ही अजीजगंज निवासी 30 वर्षीय ठेकेदार समरपाल पुत्र चन्द्रपाल के साथ पाइप लाइन बिछा रहा था। शुक्रवार की रात आदेश ठेकेदार के साथ बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर पैदल जा रहा था। उसी बीच बद्रीपुरवा के पास बुलेट बाइक से आ रहे बेहटा रम्पुरा निवासी फूल सिंह (30) पुत्र मुनेश्वर उन दोनों को टक्कर मारते हुए खाईं में जा गिरा, हादसे में तीनों जख्मी हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया। वहां मजदूर आदेश की मौत हो गई, जबकि फूल सिंह को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। आदेश के परिवार में पत्नी राखी, एक बेटी और दो बेटे है।

- हादसा नंबर-2- हरपालपुर थाने के ककरा निवासी 25 वर्षीय अंजुल पुत्र अजयपाल की चचेरी बहन मधु की गुरुवार को बारात आई हुई थी, शुक्रवार को उसकी विदाई के बाद घर आए नाते-रिश्तेदार जाने लगे। शादी में शामिल होने आई अंजुल की साली कुसुमा जा रही थी, अंजुल उसे बाइक से सवायजपुर छोड़ने गया और वहीं से लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में बरसोहिया ईंट-भट्टे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। अंजुल की दो साल पहले शादी हुई थी, परिवार में पत्नी नेहा और एक साल का बेटा हर्षित है। घर कोहराम बरपा हो गया।

- हादसा नंबर-3- सवायजपुर कोतवाली के कनकापुर निवासी 32 वर्षीय गोविंद पुत्र देवकुमार साइकिल से गांव-गांव फेरी लगा कर कास्मेटिक (हार-बुंदे) का सामना बेंच कर पत्नी और अपने चार बच्चों के साथ गुजर-बसर करता था। शुक्रवार को वह फेरी लगाने निकला और रात में वापस लौट रहा था, उसी बीच गंगा एक्सप्रेस-वे पर सवायजपुर कोतवाली के सैदपुर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। काफी छानबीन के बाद शव की पहचान की जा सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।

# स्व-जनगणना के लिए किया जागरूक



कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को जानकारी देती अधिकारी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को स्पोर्ट स्टेडियम में जिला क्रीडाधिकारी मंजू शर्मा, युवा कल्याण विभाग, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं अन्य समूह के साथ स्व-जनगणना प्रचार प्रसार सम्बन्धी कार्यक्रम किया गया। जिसमें सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम की घोषणाएं व स्वजनगणना से सम्बन्धित जानकारियां दी गई एवं युवाओं को प्रेरित किया गया कि इस महान यज्ञरूपी कार्यक्रम में अपने परिवार को सम्मिलित करने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर महताब अहमद फुटबाल कोच, आशीष पाल एथलेटिक्स कोच, अनुज सिंह हॉकी कोच, विनय प्रताप, राजकुमार, नितिन यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, पी. के. सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। जिला क्रीडाधिकारी (कार्यक्रम नोडल अधिकारी) मंजू शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया और सफल बनाने के लिए सभी खिलाड़ियों व एन.सी.सी. कैडेट्स एवं अन्त में सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया गया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# करंट लगने से किराना कारोबारी की मौत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** शादी में शामिल हो कर वापस लौटा किराना व्यापारी कमरे में पंखा लगाते ही एक-एक करंट की चपेट में आने से झुलस गया, इस बारे में किसी को कानो-कान भनक तक नहीं लगी, पूरी रात वह कमरे में ही पड़ा रहा, अगली सुबह बेटी के चिल्लाने पर पहुंचे लोग उसे सीएचसी हरपालपुर उठा ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की देर रात हुए हादसे से वहां कोहराम बरपा है। हरपालपुर थाने के खरगपुर निवासी 42 वर्षीय राजवीर सक्सेना पुत्र रामकिशन गांव में किराने का व्यापार करता था। बड़े भाई श्यामवीर ने बताया कि शुक्रवार को गांव से सत्यपाल के बेटे विक्रम की बारात पाली थाने के एक गांव गई थी, राजवीर भी गया था, उधर उसकी पत्नी रीता भी रिश्तेदारी की एक शादी में शामिल होने गई थीं, घर मे. शादीशुदा बेटी श्वेता के साथ दो छोटी बेटी लाली और निराली थीं। देर रात राजवीर बारात से वापस लौटा, उसकी बेटियां छत पर सो रहीं थीं, वह कमरे में सोने के लिए पंखा लगा रहा था, उसी बीच एका-एक पंखे में करंट उतरने से वह झुलस गया। शनिवार सुबह बड़ी बेटी श्वेता उसे चाय देने पहुंची, वहां पिता की हालत देख कर चिल्लाने लगी, शोर सुन कर पहुंचे लोग उसे सीएचसी हरपालपुर उठा ले गए, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



राजवीर की फाइल फोटो।

## फाल्ट सही करते समय करंट लगने से संविदा बिजली मिस्त्री की मौत

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पंचायत में शनिवार को संविदा पर कार्यरत बिजली मिस्त्री महेंद्र उर्फ गुड्डू निवासी पश्चिमी बाजार कछौना बिजली की फाल्ट ठीक करने के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। नगर पंचायत की टीम ने उन्हें फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना ले जाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह हादसा दोपहर के आसपास नंदलाल ज्वेलर्स के पास हुआ, जब गुड्डू रूटीन मेंटेनेंस कर रहे थे। सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला (पंकज) व अधिशासी अधिकारी देवांशी दीक्षित घटनास्थल व अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया व आर्थिक सहायता का भरोसा दिलाया। महेंद्र अपने पांच भाइयों में तीसरे नंबर के थे। उनकी पत्नी सोनी, बड़ी बेटी सान्वी, छोटी बेटी बबली और पुत्र हर्षित उर्फ गोलू पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बड़ी बेटी सान्वी की तिलक रस्म 12 मार्च को ही हो चुकी थी। अब बारात की तैयारी चल रही थी।



महेंद्र की फाइल फोटो।

## गंदा पानी फेंकने के विवाद में दंपति पर हंसिए से हमला, तीन पर केस

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुरवा मजरा ककराखेड़ा गांव में गंदा पानी फेंकने को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने दंपति पर लाठी-डंडों और धारदार हंसिए से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी चन्द्रशेखर आजाद ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 3 मई की शाम पड़ोसी सुन्दरलाल अपने घर का गंदा पानी उनके घर की ओर फेंक रहे थे। विरोध करने पर आरोपी सुन्दरलाल, उसकी पत्नी पार्वती और पुत्री सीमा गाली-गलौज करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हंसिए से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंची उनकी पत्नी कमला देवी को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि केस दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में कुल चार का निस्तारण

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में एसडीएम बिलग्राम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 20 प्रार्थना पत्र आए ,चार का निस्तारण कर दिया गया। शेष संबंधित हलका इंचार्ज को देकर निस्तारित करने को कहा गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे** ई-ऑक्शन नोटिस सं.-LJN-PRKG-16-26

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.स | लॉट सं० | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | PARKING-LJN-GKP-TW-7-24-1 (Parking-TwoWheeler) | **गोरखपुर** स्टेशन के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 2 | PARKING-LJN-GKP-MX-143-26-1 (Parking-Mixed) | **गोरखपुर** स्थित रेल म्युजियम–कम–हैरिटेज प्लाजा में संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 3 | PARKING-LJN-CLJ-MX-139-25-1 (Parking-Mixed) | **कर्नैलगंज** स्टेशन के मेन प्रवेश द्वार सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 4 | PARKING-LJN-BNZ-MX-129-25-1 (Parking-Mixed) | **बादशाहनगर** स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार साईड स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 5 | PARKING-LJN-GKP-MX-149-25-1 (Parking-Mixed) | **गोरखपुर** के ललित नारायण मिश्र रेलवे हॉस्पिटल स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |
| 6 | PARKING-LJN-BLP-MX-122-26-1 (Parking-Mixed) | **बलरामपुर** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। |

◆ निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। ◆ सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दि०-22-05-2026 को 12:00 बजे प्रारम्भ होकर 22-05-2026 को 13:20 बजे बंद होगी। ◆ इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ◆ अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ◆ विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट *www.ireps.gov.in (E-Auction module)* पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–32 **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


# सड़क पर पड़े मिले दिव्यांग के शव की हुई शिनाख्त, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**हरदोई, अमृत विचार।** घर के लिए सब्ज़ी खरीदने निकला दिव्यांग युवक वापस नहीं लौटा। जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उसे खोजती हुई मां थाने पहुंची, जहां उसने शव की शिनाख्त अपने बेटे के रूप में की। शनिवार को तीसरे दिन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

साण्डी थाने के जलपीपुर निवासी रमेश के दो बेटों में बड़ा बेटा रामसेवक (32) पैरों से दिव्यांग था। उससे छोटा रामविलास है। चचेरे भाई नीरज ने बताया कि रामसेवक गुरुवार की शाम घर की सब्ज़ी खरीदने के लिए गर्रा पुल पर जाने की बात कहकर गया था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसे इधर-उधर ढूंढा जा रहा था, उसी बीच शुक्रवार को सुनने मे. आया कि साण्डी से हरपालपुर रोड पर एक स्कूल के पास गुरुवार की रात हुए सड़क हादसे में एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई, इधर रामसेवक को ढूंढती घूम रही उसकी मां मालती साण्डी थाने पहुंची, वहां उसे गुरुवार की रात हुए हादसे के शिकार युवक का फोटो दिखाने पर मालती ने शव की शिनाख्त अपने दिव्यांग बेटे के रूप में की। कहा जा रहा है कि दिव्यांग रामसेवक के पास ट्राई साइकिल थी, लेकिन सब्ज़ी खरीदने वह पैदल ही गर्रा पुल पर गया था।

## पानी से भरे गड्ढे में पड़ा मिला युवक का शव, जांच शुरू

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव में दो दिनों से लापता युवक का शव पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। चौकी इंचार्ज ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परियर निवासी कन्हैया (18) पुत्र स्व. नंदन दो दिनों से घर से लापता था। बड़े भाई रिंकू ने बताया कि रिश्तेदारी व अन्य सभी संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन उसका पता नहीं लगा। शनिवार को सूचना मिली कि गांव के पास एक गड्ढे में युवक का शव पड़ा है। इस पर वह वहां पहुंचा तो शव उसके भाई कन्हैया का था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दरोगा अनिल राजपूत ने बताया कि भाई की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया डूबने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने पर सही कारण पता चलेगा।

## कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** चाचा की मोबाइल शॉप पर बैठने वाला उसका भतीजा रात में खाना खाने के बाद कमरें में सोने गया, लेकिन सुबह देर तक बाहर न आने पर अंदर झांक कर देखा गया जहां उसका शव फांसी पर लटक रहा था, पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर उसका शव बाहर निकाला, पूरे मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली शहर के मोहल्ला गौरी नगर (धर्मशाला रोड) निवासी राजीव कुमार की दो बेटियों में 27 वर्षीय आकाश इकलौता बेटा था। वह अपने चाचा संजीव कुमार की मोबाइल शॉप पर बैठता था। बताते है कि शुक्रवार की रात आकाश घर पहुंचा, बहन-बहनोई के साथ बैठ कर बातचीत की, उसके बाद खाना खाने के बाद अपने कमरे. में सोने चला गया। शनिवार की सुबह काफी देर बाद भी वह कमरें से बाहर नहीं निकला, अंदर झांक कर देखा तो आकाश का शव चादर से बंधा फांसी पर लटक रहा था।


**नोटिश निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)**

**ब अदालत श्रीमान उपजिला अधिकारी न्यायिक महोदय बिलग्राम हरदोई**

**ता0 पेशी–15.05.2026**

मुकदमा नं0 T202610330302532

सन् 20 धारा 144 उ0प्र0 रा0 संहित 2006

**खालिद खां आदि**

**बनाम**

**शमसुद्दीन आदि**

हरगाह मुशम्मो

वायोगण

1. शमसुद्दीन, 2. मोइनुद्दीन, 3. नसरूद्दीन सर्व पुत्रगण मुंशी खां सर्व निवासीगण मो0 मलकंठ कस्बा व परगना बिलग्राम जिला–हरदोई

मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालाज मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 15 माह 5 सन् 2026 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त के खिलाफ मजबूरन आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 7 माह 5 सन् 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

**आज्ञा से उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिलग्राम, जनपद हरदोई**

**वक्त हाजिर दफ्तर 10 बजे से 4 बजे तक**

**आवश्यकता है**

**श्री रामपाल महाविद्यालय**

**बहेरिया, सण्डीला, हरदोई**

**बी.एससी. कृषि संकाय–** सहायक आचार्य कृषि अर्थशास्त्र, सस्य विज्ञान, **योग्यता–** यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**बी.एससी. (गणित/ विज्ञान) संकाय–** सहायक आचार्य की आवश्यकता है वनस्पति विज्ञान, **योग्यता–** यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**संपर्क सूत्र–7408106605**

**प्रबंधक– श्री रामपाल महाविद्यालय, बहेरिया, सण्डीला, हरदोई**

**आवश्यकता है**

**नूर जहां डिग्री कॉलेज**

**गोपामऊ, हरदोई**

में प्रवक्ताओं की विषय–भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,

**योग्यता–**नेट क्वालीफाई, पीएचडी, वेतनमान योग्यता अनुसार

**संपर्क सूत्र–**

9918827024, 8299318105


## गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भगवंतपुर गोटपाली के बाहर शनिवार को पेड़ पर युवक का शव लटका देख परिजनों ने कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। भगवंतपुर गोटपाली गांव निवासी समीर (18) पुत्र इकबाल उर्फ अफजल शनिवार को घर से बिना बताए निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर एक बरगद के पेड़ पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते वहां भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख बदहवाश हो गए। पुलिस ने जांच की और फंदा काटकर शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या की सूचना दी थी। लेकिन वे वजह नहीं बता सके। पोस्टमार्टम कराया गया है।

## जानलेवा हमले के आरोपी दो सगे भाई गिरफ्तार

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव चिंतापुरवा निवासी मुकेश पुत्र पुतान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि शुक्रवार को गांव के रोहित, दीपू, गुंजन, कन्हैया ने उसके पुत्र सौरभ व सूरज को पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने शनिवार को मामले में वांछित पंकज उर्फ दीपू पुत्र रज्जन व रोहित पुत्र रज्जन को दुगवां के पास स्थित काली माता मंदिर के पास से दबोच लिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि जानलेवा हमले के वांछित दो भाइयों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किये जा रहे हैं।

## लापरवाह सचिव ग्राम पंचायत का वेतन रोका

**उन्नाव, अमृत विचार।** सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में विकासखंड मियागंज की ग्राम पंचायत बरहाकला में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, फेमिली आईडी व जीरो पॉवर्टी कार्य के प्रति धर्मेन्द्र श्रीवास्तव सचिव ग्राम पंचायत द्वारा उदासीनता बरतने के कारण माह मई का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश देते हुए सभी परिवारों की फेमिली आईडी बनाने व जीरो पावर्टी के सभी परिवारों का सर्वे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। चौपाल में परियोजना में अच्छा कार्य कर रही समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भी दिये गये। नव दुर्गा स्वयं सहायता समूह की सदस्य सरोजनी देबी ने बताया कि महिलाओं के जरी जरदोजी कार्य की राज्य स्तर पर प्रशंसा की गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत, हरदी टीकर विकास खण्ड–जगतपुर, रायबरेली**

पत्रांक/ ग्रा0पं0/2026–27 दिनांक 9–5–26

**टेण्डर नोटिस**

राज्यत्ति/चौदहवां वित्त/ मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2026– 2027 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित करानें हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 15–05–26 को सांय 3: 00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे किसी भी टेण्डर को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/–रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2: 00 बजे से 4: 00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क0 सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इण्टरलाकिंग जिकजैक 80 एमएम ईट | 4000 ईट | 7 दिन | | कुर्मिन टिकरिया में इ0ला0 रोड से फूलचन्द्र के घर तक इ0ला0 कार्य |
| 2 | सीधा खंजर ईट | 40000 ईट | 7 दिन | | अकोहरी पक्की रोड से गुरगुजपुर सरहद तक खडंजा निर्माण |

**प्रतिबंध / निर्देश**

1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे।
2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा।
3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

**श्रेया श्रीवास्तव**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत, हरदी टीकर**
**विकास खण्ड–जगतपुर, रायबरेली**

**हरिश्चंद्र**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत, हरदी टीकर**
**विकास खण्ड–जगतपुर, रायबरेली**


# गंगा में डूबे किशोर का शव तीसरे दिन मिला

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** साथियों के साथ गंगा नदी में नहाते समय डूबे किशोर का शव तीसरे दिन पानी में उतराता मिला। सर्च अभियान में जुटे एसडीआरएफ जवानों ने उसे बाहर निकाला। जिसे देखते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई। पुलिस ने कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कानपुर के कस्बा व कोतवाली बिल्हौर क्षेत्र के जवाहर नगर मोहल्ला निवासी लकी गुप्ता (17) बीती 7 मई को अपने साथी अंशु शर्मा निवासी गांव बीसल खेड़ा फतेहपुर चौरासी के साथ गंगा नदी के किनारे तरबूज खाने आया था। इसके बाद दोनों नदी में नहाने लगे। तभी अचानक लकी गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते तेज बहाव में फंस कर कुछ देर में वह नजरों से ओझल हो गया। पुलिस ने गोताखोरों से तलाश कराई लेकिन पानी गहरा होने से उसका पता नहीं लगा। कानपुर से आई एसडीआरएफ टीम ने दो दिनों तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। इसके बाद शनिवार को एसडीआरएफ टीम ने नानामऊ घाट के पास लकी का शव बरामद किया। जिसे देख वहां मौजूद मां लक्ष्मी सहित सभी परिजन बेहाल हाल हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई-बहनों में लकी बड़ा था। पिता की पहले मौत हो चुकी है।



गंगा किनारे मौजूद एसडीआरएफ टीम। अमृत विचार





**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा उ0प्र0 बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2014 रोल नम्बर 3583865, इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 रोल नम्बर 2723512 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **रोहित सिंह यादव पुत्र सर्वानंद सिंह यादव निवासी ग्राम सुभाखरपुर पो० लावा जिला गाजीपुर उ0प्र0 233303**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल में नाम Sangita Singh है त्रुटिवश कुछ जगहों पर नाम sangeeta singh लिख गया कृपया सही नाम sangita singh पढ़ा व लिखा जाए। W/0–स्व.विजय बहादुर सिंह पता–टाइप 2/185, जी.एस.आई कॉलोनी अलीगंज, लखनऊ (उ0प्र0)

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MOHAMMAD UMAIR to MOHD UMAIR. In the future, I shall be known and recognized by the **MOHD UMAIR S/O MOHD. ZUBAIR Address: 398/23/24, TAKIYA PEER GAYAB, POST-CHOWK, LUCKNOW, UP Note: OLD NAME: MOHAMMAD UMAIR NEW / CHANGED NAME : MOHD UMAIR**

**सूचना**

मैं **रीना पत्नी रमा शंकर निवासिनी** 309 **वक्सपुर, नियर राधा नगर पावर हाउस, जिला फतेहपुर,** उ0प्र0 मेरी पुत्री अविका पाल (AVIKA PAL) का जन्म दिनांक 14.10.2025 को एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 820250911450000700 में पुत्री का नाम त्रुटिवश रेचल अंकित हो गया है. जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अविका पाल है. जो कि सत्य व सही है। अतः पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश अंकित गलत नाम रेचल के स्थान पर सही नाम अविका पाल अंकित किया जाय।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from ABDUR RAHMAN to ABDUL RHAMAN. In the future, I shall be known and recognized by the **ABDUL RHAMAN S/O JAHOOR AHMAD Address: VILL-PURANI BAJAR, PURAB TOLA, TULSIPUR, BALRAMPUR, UP Note: OLD NAME : ABDUR RAHMAN NEW / CHANGED NAME : ABDUL RHAMAN**

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from RAMAKANT to RAMAKANT VIMAL. In the future, I shall be known and recognized by the **RAMAKANT VIMAL S/O SATY NARAYAN Address: VILL-CHHOTI PANDARIYA BHAULI, POST-RAIPUR GARHI, AJGAIN, UNNAO, UP Note: OLD NAME : RAMAKANT NEW / CHANGED NAME : RAMAKANT VIMAL**

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from DINESH KUMAR PAL to DINESH PAL. In the future, I shall be known and recognized by the **DINESH PAL S/O JANKI PAL Address: VILL-GADRIYA PURWA, DHARAMPUR, BAIRIPUR, MANKAPUR, GONDA, UP Note: OLD NAME : DINESH KUMAR PAL NEW / CHANGED NAME : DINESH PAL**

**सूचना**

मैं मनोज कुमार रावत पुत्र छेदा लाल रावत ओम नगर, बछरावां, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे पिता का नाम आधार में छेदा लाल रावत (CHEDA LAL RAWAT), जबकि ड्राइविंग लाईसेन्स में सिर्फ छेदा लाल (CHEDALAL) अंकित है। आधार में अंकित नाम ही सही है। इसे ड्राइविंग लाईसेन्स में अंकित किया जाना है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MRINAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम MRINAL KANTI रख लिया है अब भविष्य में मुझे MRINAL KANTI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- ANANT R/O-BAHIGAVAN JOGIPUR POST LAKHANI PATTI, AMBEDKAR NAGAR

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 10 मई 2026

हरदोई

न्यूज ब्रीफ

### युवती लापता, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना के एक गांव से युवती के लापता होने के मामले में पुलिस ने पिता की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के ग्राम धनवार के मजरा पाण्डेय तारा निवासी रानू पुत्र राधेश्याम फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने संगठित रूप से गिरोह बनाकर समाज में भय व्याप्त करने और आतंक मचा कर चोरी और दूध पाट करने के मामले में तीन लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट की यह कार्रवाई राहुल कंजड, नीरू कंजड़ एवं सुशील कंजड़ समस्त निवासी ग्राम ओमपुरी कोतवाली हरदोई देहात पर की गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया उक्त अपराधियों पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र के अतिरिक्त गैर जनपदों में भी तमाम अपराध कारित करने के मुकदमे पंजीकृत हैं।

### महिला से मारपीट में चार पर केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अजमत नगर गांव में मायके आई महिला के साथ मारपीट और धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अजमत नगर निवासी सुशीला पत्नी कमलेश ने शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल को वह गांव में अपने नए मकान से पुराने मकान की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही रामगुनी पत्नी महादेव, गायत्री पुत्री महादेव, जयसिंह और प्रवीण पुत्र महादेव ने गाली-गलौज करते हुए डंडे, लात और घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# लेखपाल ने पागल कहकर भगाया किसान ने खेत पहुंचकर दे दी जान

## कागजों के दुरुस्तीकरण के लिए तहसील के चक्कर लगा था रहा अधेड़

संवाददाता, हरदोई



रणवीर की फाइल फोटो।



किसान की शर्ट पर लिखा मिला आरोपी लेखपाल का नाम।

**अमृत विचार।** जमीन के काग़ज़ों का दुरुस्तीकरण कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे किसान ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने अपनी शर्ट पर 'लेखपाल अरुणेश यादव के कारण' लिख रखा था। कहा जा रहा है कि लेखपाल बार-बार उसे पागल कहकर तहसील से भगा देता था। इसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। उधर शनिवार को मामला सामने आया तो राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। उधर एडीएम (न्यायिक) प्रफुल्ल त्रिपाठी और एसडीएम सदर मयंक कुंडू पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे,। वहां इस बाबत पूरी छानबीन की।

कोतवाली देहात के पूराबहादुर निवासी रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू (58) ने शनिवार की भोर पहर अपने ही खेत में खड़े सागौन के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता तब हुआ जब गांव के कुछ लोग उधर शौच के लिए पहुंचे। रणवीर की शर्ट पर दाहिने और नीचे की तरफ 'लेखपाल अरुणेश यादव के कारण' लिखा हुआ था। उसके तीन भाइयों में सबसे बड़े रामपाल सिंह की साल 2013 में मौत हो गई थी। उसके सबसे छोटे भाई गोपाल सिंह ने बताया कि उसके तीन भाइयों में करीब 55 बीघा जमीन है। गांव में चकबंदी होनी थी, लेकिन वह बीच में ही निरस्त हो गई। बकौल गोपाल सिंह उसकी जमीन के कागज सदर तहसील आने के बाद उसका भाई उनका दुरुस्तीकरण कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहा था। गोपाल का कहना है कि कुछ गाटा संख्या ही गायब हो गई, जिसे सही कराने के लिए वह काफी परेशान रहता था। उधर बार-बार तहसील के चक्कर लगा रहे अधेड़ किसान को उसी आरोपी लेखपाल ने पागल कहते हुए भगा दिया था। उसी के बाद से वह काफी टूट चुका था।

### 20 मई को आनी है बेटी की बारात

**हरदोई।** रणवीर सिंह और उसके भाई का परिवार खेती-बाड़ी ही करते हैं। रणवीर सिंह के परिवार में पत्नी गीता, तीन बेटी मीनू, मोनू, पारुल के अलावा दो बेटे निशांत और अभय प्रताप हैं। रणवीर ने पचदेवरा थाने के मैकपुर से बेटी मोनू की शादी तय कर रखी थी। उसकी 20 मई को बारात आनी थी। घर से उसकी बेटी की डोली निकलती, लेकिन उससे पहले उसकी अर्थी घर से बाहर निकली।

### आईजीआरएस पर नहीं दर्ज शिकायत

पूराबहादुर निवासी रणवीर सिंह और उसके दो भाइयों के बीच ढाई एकड़ जमीन है, वह ज़मीन संयुंक्त रूप से एक ही गाटा संख्या पर चढ़ी है। इस बारे में न तो आईजीआरएस पर ऐसी कोई शिकायत दर्ज हुई और न ही उनके पास पहुंची। एसडीएम सदर का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, उसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

# डीएम के स्थगन आदेश के बावजूद लेखपाल की शह पर विवादित जमीन पर हो रहा निर्माण

संवाददाता, हरदोई,



विवादित भूमि पर होता निर्माण कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम कोर्ट से जारी हुए स्थगन आदेश के बाद लेखपाल की शह पर विवादित भूमि पर निर्माण हो रहा है। पीड़ित का कहना है कि शिकायत करने पर लेखपाल का कहना है कि स्थगन आदेश जब तक उसके हाथ में नहीं आएगा, तब तक वह कुछ नहीं मानेगा।

मामला शाहाबाद तहसील के कुल्हावर परगना पण्डरवा में स्थित एक भूमि के विभाजन के लिए लियाकुद्दीन पुत्र यासीन खां निवासी खटेली ने डीएम कोर्ट में धारा 30(2) का वाद दायर किया। जिस पर डीएम कोर्ट से स्थगन आदेश जारी करते हुए अगली तारीख 11 मई नियत की गई। लियाकुद्दीन का कहना है कि स्थगन आदेश के बाद भी विवादित भूमि पर निर्माण हो रहा है। इस बारे में जब लेखपाल को आदेश दिखाया गया तो उसने साफ-साफ कह दिया कि ऐसे आदेश रोज़ जारी होते रहते है, जब तक आदेश उसके हाथ में नहीं आएगा, तब तक वह कुछ नहीं होगा। लियाकुद्दीन का कहना है कि शनिवार को वह फिर स्थगन आदेश ले कर पहुंचा और डीएम कोर्ट का हवाला दिया, इस बात पर लेखपाल उसे धमकाते हुए भगा दिया।

### खाने पर बुलाकर युवक को मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक को उसके साले ने खाने पर बुलाया और पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच पड़ताल कर रही है। मझिला के कुमहरुआ निवासी नवनीत किशोर पुत्र भगवत किशोर के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गुरथनिया निवासी बंटी पुत्र रामपाल ने 7 मई की शाम उसे खाने पर बुलाया था। वह रात के आठ बजे खाने पर गया तो बंटी ने उसे गाली गलौज करते हुए लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया और दहेज़ प्रथा में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश में महिला पर हमला चार आरोपियों के खिलाफ केस

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के तरौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तरौली गांव निवासी उमा पत्नी पप्पू ने कोतवाली बिलग्राम में दी गई तहरीर में बताया कि 7 मई की रात करीब 8 बजे गांव के ही राजपाल पुत्र चेतराम, राकेश पुत्र चेतराम, सोनपाल पुत्र रामसिंह और रजनीश पुत्र रामसिंह उसके दरवाजे पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। महिला द्वारा विरोध करने पर सभी आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरदोई स्टेशन पर ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

- निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रहीं कई स्पेशल ट्रेनों

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्मियों की छुट्टियों और त्योहारों के मौसम को देखते हुए भारतीय रेल की ओर से इस बार भी बड़ी संख्या में ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे का दावा है कि अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को राहत मिलेगी और भीड़ कम होगी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है।

कई स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार हो रही देरी के कारण लोग स्पेशल ट्रेनों में सफर करने से बचने लगे हैं और इसका असर नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के रूप में दिखाई दे रहा है। शनिवार को हरदोई रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों की लेटलतीफी का असर साफ दिखाई दिया। पटना से चंडीगढ़ जाने वाली 04511 स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 10:58 बजे के बजाय करीब 8 घंटे की देरी से पहुंचने की संभावना जताई गई। ट्रेन के इंतजार में प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्री गर्मी और उमस से परेशान दिखे।



स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

### गर्मी में यात्रियों को हो रही असुविधा

**हरदोई, अमृत विचार।** लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस भी अपने तय समय दोपहर 2:48 बजे से करीब 3 घंटे 50 मिनट की देरी से हरदोई स्टेशन पहुंची। इसके अलावा अमृतसर से सहरसा जाने वाली 12204 गरीब रथ एक्सप्रेस भी लगभग 1 घंटा 40 मिनट लेट रही।ट्रेनों के लगातार देरी से चलने के कारण यात्रियों में नाराजगी देखी गई। यात्रियों का कहना है कि भीषण गर्मी में घंटों तक स्टेशन पर इंतजार करना बेहद मुश्किल हो जाता है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। यात्रियों ने रेलवे से ट्रेनों का संचालन समय पर कराने और स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सांसद की सख्ती का असर, स्टेशन पर बढ़ेंगी यात्री सुविधाएं

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को लेकर हाल ही में सांसद जयप्रकाश रावत द्वारा किए गए निरीक्षण का असर अब धीरे-धीरे दिखाई देने लगा है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर कई कमियां सामने आने पर सांसद ने रेल अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अमृत भारत योजना के तहत होने वाले कार्यों में यात्रियों की सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के समय सांसद ने स्टेशन के पीआरएस काउंटर पर यात्रियों को हो रही परेशानियों पर भी नाराजगी जताई थी। गर्मी के मौसम में टिकट काउंटर पर लंबी कतारों में खड़े यात्रियों को राहत देने के लिए उन्होंने तत्काल वहां एयर कंडीशनर लगाने के निर्देश दिए थे। सूत्रों के अनुसार रेलवे की तकनीकी टीम द्वारा पीआरएस काउंटर का सर्वे पूरा कर लिया गया है और जल्द ही वहां एसी लगाने का काम शुरू किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि करीब एक सप्ताह के भीतर यह सुविधा यात्रियों को मिल सकती है।

### अब इन प्लेटफार्म पर भी लगेंगे एस्केलेटर

**हरदोई।** प्लेटफार्म संख्या दो और तीन को लेकर भी सांसद ने गंभीरता दिखाई। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों में इन प्लेटफार्मों पर एस्केलेटर की व्यवस्था प्रस्तावित नहीं की गई थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि स्टेशन को आधुनिक बनाया जा रहा है तो सभी प्लेटफार्मों पर समान सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सांसद ने तुरंत प्लेटफार्म संख्या दो और तीन पर भी एस्केलेटर लगाने के निर्देश दिए। रेलवे सूत्रों के मुताबिक सांसद के निर्देश के बाद संबंधित विभाग द्वारा दोनों प्लेटफार्मों पर सर्वे कराया गया है। अब वहां एस्केलेटर लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। माना जा रहा है कि आगामी समय में यात्रियों को लिफ्ट के साथ-साथ एस्केलेटर की भी सुविधा मिलेगी, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और भारी सामान लेकर यात्रा करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। सांसद के हस्तक्षेप के बाद हरदोई के लोगों में संतोष देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं की मांग की जा रही थी। यदि प्लेटफार्म संख्या दो और तीन पर एस्केलेटर लग जाता है तो यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और हरदोई रेलवे स्टेशन की तस्वीर भी बदली हुई नजर आएगी।

# प्रेमिका ने काट दिया युवक का प्राइवेट पार्ट

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- 6 मई को पीड़ित युवक की हुई थी शादी, इसी को लेकर नाराज थी युवक की शादीशुदा प्रेमिका

**अमृत विचार।** पाली थाना क्षेत्र में प्रेमी की शादी से नाराज शादीशुदा प्रेमिका ने उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम गुजीदेई निवासी सुधीर कुमार पुत्र अनिल का विवाह 6 मई को हुआ है। बताया जा रहा है कि सुधीर का एक गांव की शादीशुदा महिला से करीब चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुधीर की शादी होने से महिला काफी नाराज चल रही थी। शनिवार को महिला ने सुधीर को बातचीत करने के बहाने गांव के बाहर गन्ने के खेत में बुलाया। वहां दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने ब्लेड से युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। घटना के बाद युवक लहूलुहान होकर मौके पर ही तड़पने लगा। घायल हालत में युवक को उसका दोस्त बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया।

बताया जाता है आरोपी महिला रिश्ते में युवक की भाभी लगती है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एएसपी आलोक राज नारायण ने बताया आरोपी महिला को पुलिस हिरासत में लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है। घायल युवक खतरे से बाहर है।



सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित करते साथी। अमृत विचार

### सेवानिवृत शिक्षिका को किया सम्मानित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** जूनियर शिक्षक संघ मल्लावां ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका चन्द्रावती के घर पर पहुंचकर अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। 2 मई को सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया था। ऐसे में आउट ऑफ स्टेशन होने के चलते प्रधानाध्यापिका चन्द्रावती कार्यक्रम में नहीं पहुंच सकी थी। उसी के तहत जूनियर शिक्षक संघ की मण्डल महिला उपाध्यक्ष रीना पटेल, जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अंकिता देवी ओमर, ब्लॉक महामंत्री प्रेम शील पाण्डेय, ब्लॉक कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने घर पहुंचकर उनका सम्मान किया।

# लोक अदालत में एक लाख से अधिक वादों का निस्तारण

संवाददाता, हरदोई



दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते न्यायिक अधिकारी।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में एक लाख से अधिक मामलों का निस्तारण कराया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्मिता गोस्वामी ने बताया कि जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विशम्भर प्रसाद, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय महेन्द्र नाथ, अपर जिला जज मनमोहन सिंह, प्रेमेंद्र कुमार, कुसुम लता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप, समस्त न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओ, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं वादों का निस्तारण कराया। सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों द्वारा 10735 वादों का निस्तारण किया गया। उत्तराधिकार प्रकृति के 6 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 159 वाद, पारिवारिक मामलों के 52 वाद, स्थाई लोक अदालत के 6, फौजदारी के 3921 वाद, जिला प्रशासन द्वारा 6953 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते व अभिस्वीकृति के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना वादों में 34,62,3000/- रुपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित पक्षकारों को दिलवाई गई। ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से जिला प्रशासन के विभागों द्वारा 1,62,143 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव/सिविल जज सीनियर डिवीजन स्मिता गोस्वामी ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों ने बैंक ऋण से संबंधित 948 वादों का निस्तारण किया एवं कुल ऋण धनराशि 15,140,5000/- रुपये का समझौता किया गया व भारत संचार निगम द्वारा 5 वादों का तथा यातायात निरीक्षक द्वारा 1988 ई-चालान का निस्तारण किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/ अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि लोक अदालत में कुल 1,82,772 मामलों का निस्तारण किया गया तथा समझौता धनराशि 205,151,303/- रुपये रही।

### स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर सौंपा पत्र

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** व्यापारियों ने कस्बे के चौराहे से सदर बाजार जाने वाले मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा को पत्र दिया। नगर अध्यक्ष सुयश गुप्ता ने बताया कि कस्बे के अन्दर सदर बाजार जाने वाले मार्ग पर वाहन तेज गति से निकलते हैं। जिससे दुर्घटना होने का प्रबल खतरा बना रहता है। विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इस मौके पर धीरेंद्र गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, विश्वनाथ गुप्ता, रोहित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे हैं।

जयंती | जिले में धूमधाम से मनाया गई महाराणा प्रताप जयंती

# महाराणा का शौर्य, राष्ट्रभक्ति व त्याग प्रेरणास्रोत

संवाददाता, हरदोई



महाराणा प्रताप के चित्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप की जयंती पर जगह-जगह याद किए गए। उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति एवं अदम्य साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह चाऊंपुर, अखिल मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती पर जिला युवा कांग्रेसियों ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और देश की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में अजीत सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हसन अहमद, शिव पाल, मोहम्मद शरीफ मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार का निधन, दी गई श्रद्धांजलि

**हरदोई, अमृत विचार।** वर्षों तक विभिन्न समाचार पत्रों में कार्यरत रहे दिनेश वर्मा का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही तमाम गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके आवास पर पहुंचे। पूर्व सांसद बुलाकी राम वर्मा के पुत्र दिनेश वर्मा काफी वर्षों से प्रमुख समाचार पत्रों में कार्य करते रहे। पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र भी एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र कन्नौज में कार्यरत है।



दिनेश वर्मा की फाइल फोटो।

# मदर्स डे पर स्कूल में हुए आयोजन




कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे। अमृत विचार

- बच्चों ने मां और प्रकृति मां को दिल में बसाकर रखने की ली प्रतिज्ञा

**हरदोई, अमृत विचार।** मातृ दिवस (मदर्स डे) स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड में शनिवार को मां और प्रकृति मां के सम्मान को समर्पित थीम पर आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्य अदिति गौड़ ने अपने संबोधन में बच्चों को अपनी मां और प्रकृति मां को दिल में बसा कर रखने की प्रतिज्ञा लेने को कहा। उन्होंने कहा यह स्कूल संस्कृति और सनातनी परंपराओं के साथ बच्चों की नींव को मजबूत करने का काम पिछले 32 वर्षों से कर रहा है। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बच्चों के द्वारा बनाई गई छोटी-छोटी वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, कविता पाठ, सनातन की परंपरा के श्लोक प्रस्तुत कर अपनी माता को भावुक कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शस्त्र के साथ दो शातिर दबोचे

**थानगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानगांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक अतबल सिंह व यतेन्द्र कुमार की टीम ने रामपुर मथुरा क्षेत्र के निवासी कलाम उर्फ चिपटा और पिन्टू को घेराबंदी कर पकड़ा। जामातलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल बिट्टूराम और गौरव कुमार भी शामिल रहे।

### घर से समेटा नकदी और सामान

**हरगांव।** हरगांव थाना क्षेत्र में एक सफाईकर्मी के घर लाखों रुपये की चोरी हो गई। चोरों ने शुक्रवार रात घर में घुसकर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान चुरा लिया। हरगांव नगर के रामपुर बरौरा निवासी दीपक के अनुसार, वो नगर पंचायत में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत हैं। वो परिवार समेत सो रहे थे। अज्ञात चोर घर मे घुसकर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर बक्से मे रखे दस हजार रुपये नकद और लगभग एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य घरेलू सामान भी चोरी कर ले गये।

### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर उतरे सीओ

**मिश्रिख/नैमिषारण्य।** एसपी अंकुर अग्रवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में मिश्रिख सीओ ब्रजेश कुमार ने क्षेत्र का सघन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। सीओ ने नैमिषारण्य थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा व पुलिस बल के साथ हाथिया पुल, हरदोई बॉर्डर और बेलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की।

### श्रीमद्भागवत भगवान का वाङ्मय स्वरूप: अखिलेश महाराज

**लहरपुर।** ग्राम धौरहरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा प्रवाचक पंडित अखिलेश महाराज ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए नारद-भक्ति की कथा का सुंदर वर्णन किया। कथा प्रवाचक पंडित अखिलेश महाराज ने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि साक्षात भगवान कृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने के लिए शिव सागर लाल मिश्र, विद्याधर, आशाराम शुक्ल, देवाराम, शुक्ल ध्रुव दीक्षित, अंकित दीक्षित सहित भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

### वाहन ने चार को रौंदा तीन की हालत गंभीर

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** सदरपुर थाना क्षेत्र के गोड़ैचा चौकी इलाके में देर रात सड़क हादसा हो गया। बकहुआ बाजार के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो बाइकों पर सवार चार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सहेलियां गांव निवासी रजनीश, आयुष और उनके दो अन्य साथी गोड़ैचा में एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे। देर रात पीछे से आए वाहन ने उन्हें रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीन युवकों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# भाई ने गला घोंटा, रेतकर मार डाला, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता बिसवां / सीतापुर।

- बिसवां कोतवाली क्षेत्र के शहरी सरांय का है मामला


अल्तमश (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** 12 वर्षीय बालक की गला घोंटने के बाद धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बालक का शव चचेरे भाई के बंद घर में मिला। बिसवां थानाक्षेत्र के शहरी सरांय इलाके में हुई वारदात के बाद पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी बिसवां का कहना है कि आरोपी युवक की पीड़ित पक्ष से अनबन चली आ रही थी, पूछताछ में हत्या करने की वारदात को आरोपी ने स्वीकार कर लिया है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र का शहरी सरांय निवासी 12 वर्षीय अल्तमश घर से निकलकर लापता हो गया। देर तक घर वापसी न होने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की। बाद में अल्तमश के पिता हमीद व अन्य लोग ढूंढते हुए मुदस्सिर के घर पहुंचे तो कमरे में पलंग के नीचे अल्तमश का रक्तरंजित शव मिला। गले में अंगौछा कसा हुआ था, धारदार हथियार के निशान भी थे। सीओ बिसवां अमन सिंह ने बताया कि शक होने पर मुदस्सिर को हिरासत में ले लिया गया है, पूछताछ उसने हत्या किये जाने की बात स्वीकार की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी मुदस्सिर के संबंध अल्तमश के परिवार से अच्छे नहीं थे, काफी समय से दोनों परिवारों के मध्य अनबन चली आ रही थी।

## मिड-डे मील में कीड़े मिलने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**सीतापुर।** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तारनपुर में छात्र-छात्राओं को कीड़े युक्त मिड-डे मील के तहरी परोसने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई संयुक्त जांच में शिकायत सही पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए प्रभारी प्रधानाध्यापक नसरुल्ला खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच में बच्चों ने बताया कि 6 मई को तहरी में सोयाबीन की बड़ी के साथ कीड़े मिले थे। साथ ही मीनू के अनुसार फल और दूध न देने की शिकायतें भी मिलीं। निलंबन अवधि के दौरान आरोपी शिक्षक को उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलरिया से संबद्ध किया गया है और पूरे मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह परसेन्डी को सौंपी गई है।

# सफलता के पीछे मां का अदृश्य परिश्रम



पुरस्कृत छात्रों के साथ मुख्य अतिथि विधायक आशा मौर्या।

**महमूदाबाद/सीतापुर।** सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर 'मातृ सम्मेलन व मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशा मौर्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक आशा मौर्या ने कहा कि मां सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि त्याग और संस्कारों की वह पाठशाला है जहां से जीवन की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि मेधावी बच्चों की सफलता के पीछे उनकी माताओं का वह कठिन परिश्रम होता है जो कभी दिखाई नहीं देता। मां का ऋण सात जन्मों में भी नहीं चुकाया जा सकता, इसलिए हर दिन उनका सम्मान करना जरूरी है। इस अवसर पर माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर और बैलेंसिंग द कप जैसी रोचक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस मौके पर वागीश दिनकर, किरन वाजपेयी, अवनीश अवस्थी व सूरज दीक्षित सहित माताएं मौजूद रहीं।

**मेधावी छात्र और माताएं सम्मानित**

स्नेहा वर्मा, अंश, अंशिका, हिमांशु, आस्था, अमन, ऋचा व अन्य छात्रों के साथ उनकी माताओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिक परीक्षा में अव्वल रहे मैथिली, यश, वंश, वामिका, अक्षिता, तरुण, वैष्णवी, सचिन सहित अन्य विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# डग्गामार बसों पर परिवहन विभाग का हंटर, 11 बसें सीज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- ओवरलोडिंग और परमिट उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई, 3.41 लाख का जुर्माना


सीज बसों के साथ एआरटीओ सीतापुर। अमृत विचार


धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे अनफिट वाहन
अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार:** सड़कों पर यात्रियों की जान जोखिम में डालकर दौड़ने वाली निजी बसों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सर्जिकल स्ट्राइक की। एआरटीओ प्रवर्तन सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में चली इस छापेमारी में नियमों की धज्जियां उड़ाने वाली 11 बसों को सीज किया गया है। विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए इन पर कुल 3.41 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोंका है।

बता दें कि ओवरलोड और डग्गामार वाहनों से जुड़े मुद्दे को अमृत विचार ने प्रकाशित किया। इसी का संज्ञान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने लिया। विभागीय निर्देश के बाद एआरटीओ की टीम हरकत में आई, प्रवर्तन दस्ते ने घेराबंदी की। कई ओवरलोड और डग्गामार वाहन चालक बीच सड़क पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गए। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि परमिट शर्तों का उल्लंघन और यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

**यहां बिछाया जाल :** विभाग ने मुख्य रूप से उन रूटों को निशाना बनाया जहां से डग्गामार संचालन की सर्वाधिक शिकायतें थीं, जिसमें लहरपुर-सीतापुर-लखनऊ मार्ग, लखीमपुर-सीतापुर-लखनऊ मार्गों से पकड़ी गई सभी 11 बसों को रोडवेज वर्कशॉप परिसर में खड़ा कराकर सीज कर दिया गया है।

# 2 लाख से अधिक वादों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।


वादों के निस्तारण के दौरान एक हुए परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड सफलता मिली। जनपद न्यायाधीश आशीष जैन की अध्यक्षता में कुल 2,01,017 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 16.25 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों का निपटारा हुआ।

लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश आशीष जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समाज कल्याण, प्रोबेशन और दिव्यांग विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्राई साइकिल वितरित की गई। जेल बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और चिकित्सा शिविर का भी आयोजन हुआ। प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने बताया कि लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों ने 59,588, जिला विकास अधिकारी ने 77,869 और विभिन्न बैंकों ने 1129 प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण कर 14.90 करोड़ रुपये की रिकवरी की। वहीं, परिवार न्यायालयों द्वारा 100 वैवाहिक विवाद सुलझाए गए और 23 जोड़े साथ रहने को राजी हुए। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 24 मामलों में 1.12 करोड़ का एवार्ड दिया।

**लोक अदालत**

## तहसीलदार की पत्नी की हत्या में दो को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** वर्ष 2010 में तहसीलदार की पत्नी की हत्या के मामले में 16 वर्ष बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया। दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) की अदालत ने शुक्रवार शाम अभियुक्त सफदर अली और फजल को धारा 302, 394 और 411 भादवि के तहत दोषी माना। अदालत ने दोनों पर 16-16 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत इस मामले की प्रभावी पैरवी की गई थी।

**ये था मामला :** वर्ष 2010 में लहरपुर में तैनात तहसीलदार न्यायिक दिनेश कुमार सिंह की पत्नी पूनम सिंह का शव उनके शिवपुरी स्थित आवास में मिला था। ड्यूटी से लौटने पर पति को घटना की जानकारी हुई थी। घर में लूटपाट के बाद हत्या की गई थी।

# डीएम व एसपी ने थाने में सुनीं जनसमस्याएं


शिकायतों का निस्तारण करते डीएम-एसपी।

**सीतापुर।** जिले के विभिन्न थानों में 'संपूर्ण थाना समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। सदरपुर थाने में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्वयं जनसुनवाई की। अधिकारियों ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर विवादों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि महिला अपराध और भूमि विवाद जैसे मामलों में कोई लापरवाही न बरती जाए।

वहीं, नैमिषारण्य थाने में थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा के नेतृत्व में समस्याओं का निस्तारण हुआ। स्थानीय पड़ताल में फरियादियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। दूसरी ओर, लहरपुर कोतवाली में मरसण्डा निवासी दिलराम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने बेटे के साथ हुई 22 हजार रुपये की ठगी और बकाया वेतन दिलाने की गुहार लगाई है।

## हाइड्रा ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो गंभीर

**लहरपुर।** लहरपुर-हरगांव मार्ग पर मुद्रासन पुलिस चौकी के पास शनिवार को एक अनियंत्रित हाइड्रा क्रेन ने खड़े ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। नगर के मोहल्ला बेहटी निवासी करीब आधा दर्जन महिलाएं और बच्चे ग्राम रिछिन में एक शादी समारोह से ई-रिक्शा द्वारा वापस लौट रहे थे। मुद्रासन चौकी के पास जलपान के लिए जैसे ही ई-रिक्शा रुका, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइड्रा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने चंपा देवी (35) और सीमा देवी (28) की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर ओयल (खीरी) रेफर कर दिया। वहीं, सात वर्षीया सुची और पुष्पा देवी (46) को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## महाराणा प्रताप हम सबके प्रेरणा स्रोत : राजेश


महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य।

**सीतापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने महाराणा प्रताप की जयंती पर काशीराम कॉलोनी स्थित उनकी और दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हमारी ऐतिहासिक धरोहर और प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने मुगलों के आगे झुकने के बजाय घास की रोटी खाना स्वीकार किया, जो हमें स्वतंत्रता के मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महेश शर्मा, रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, जया सिंह और श्रीप्रकाश सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रंगवा कॉलेज में याद किए गए महाराणा प्रताप

**लहरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर व लालपुर इकाई द्वारा आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज और जनता इंटर कॉलेज रंगवा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर मंत्री अभिजीत गौड़ व शरद बाजपेई ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का त्याग और पराक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी, विनोद शुक्ला, नीता सिंह और शिवांश दीक्षित सहित भारी संख्या में छात्र व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**सीतापुर/लहरपुर।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वक्ताओं ने उनके जीवन को राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्रोत बताया। शहर के बाईपास स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर क्षत्रिय समाज द्वारा माल्यार्पण किया गया। संरक्षक अवनेन्द्र विक्रम सिंह व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमान के जीवंत प्रतीक थे। वक्ताओं ने हल्दीघाटी के युद्ध और भामाशाह के योगदान को याद किया। इस दौरान पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, मनोज सिंह, रिपुदमन सिंह, पूरन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय पर बंगाल शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखा


बंगाल में भाजपा की जीत पर कार्यालय में इकट्ठा बंगाली समुदाय के लोग।

**सीतापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर पश्चिम बंगाल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन टेलीविजन के माध्यम से लाइव देखा गया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एनएन. चटर्जी, रंजीत कुमार दास और संजीव कुमार दास ने इस बदलाव को बंगाल के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। इस मौके पर नीता दास, अपर्णा दास, पंकज मुखर्जी, असीम विश्वास, सपना विश्वास, संजय विश्वास, विशाखा विश्वास, अनंत विश्वास, परिमल सरकार, अरिंदम दास, सुशांत विश्वास और शेखर चन्द्रमल्ली सहित अन्य मौजूद रहे।

### कलश स्थापना कर किया पूजन-अर्चन

**बिसवां।** ओवरब्रिज के पास समाज सेविका सोनी किन्नर द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। अयोध्या के गोपाल आश्रम से पधारे बाबा गगन महाराज के संरक्षण में मंदिर शिखर पर विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर कलश स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंदिर के ऊपर कलश स्थापित किए गए।

### टिकौना गांव में घरों के टूटे ताले, लाखों की चोरी

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत टिकौना गांव में शुक्रवार की रात बेखौफ चोरों ने जमकर तांडव मचाया। बदमाशों ने एक ही रात में एक के बाद एक दो घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने मुख्य रूप से प्रदीप वर्मा और राकेश के घरों को निशाना बनाया। परिजनों के अनुसार, प्रदीप के घर से करीब लाखों के जेवर, जबकि राकेश के घर से जेवर व 50 हजार की नकदी चोरी हुई है। इसके अलावा रामनरेश के घर से सोने की चेन व नकदी और राजकिशोर के घर से कीमती बर्तन चोरी हुए।

# सिंघानिया इंस्टीट्यूट में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आगाज



कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते अपर जिलाधिकारी।

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के मेपल हॉल में 5वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नितीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन जनपद के 15 स्कूलों के लगभग 360 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फ्रेशर, कैडेट और सब-जूनियर वर्गों में हुए कड़े मुकाबलों के बाद विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अव्युक्त, शौर्य, परी, हर्षित, भाव्या और दर्शनवी प्रमुख रहे। वहीं आरूष, अंबर, अन्विता, रिया और नित्याश्री ने रजत, जबकि हर्ष, आयुष, मान्यता, मायरा और द्रिशानी ने कांस्य पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आशीष सिंघानिया, शोभित टंडन, डॉ. मनोज कुमार सिंह, राज शर्मा और अनुराग गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।


महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष मौजूद लोग। अमृत विचार

### शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती मनायी

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** बाईपास स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर क्षत्रिय समाज द्वारा उनकी 486वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समाज के लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भदौरिया ने उनके अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध उनकी वीरता की अमर गाथा है। वक्ता रिपुदमन सिंह व पूरन सिंह ने संघर्ष में भामाशाह व आदिवासी समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, करणी सेना अध्यक्ष मनोज सिंह, दिव्यांश तोमर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विपुल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गौशाला में अव्यवस्थाएं दो को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- डीएम ने संसारपुर स्थित अस्थाई गौशाला का किया औचक निरीक्षण

> गौशाला की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 15 दिन के भीतर कमियां सुधारें, अन्यथा बड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें।
> -डॉ. राजागणपति आर., जिलाधिकारी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने पहला ब्लॉक के संसारपुर स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं और कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने एडीओ पंचायत पहला और संबंधित पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल प्रभाव से प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गौशाला में चारे, पानी, स्वच्छता और बीमार पशुओं के लिए बनाए गए सिक वार्ड का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर यदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद डॉ. अंजली सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# मानकों के अनुरूप हो होम विजिट की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।


जिला पोषण समिति की समीक्षा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा की और कम प्रगति वाले इंडीकेटर्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वीएचएसएनडी सत्रों का आयोजन व्यापक स्तर पर हो और सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां जीएमडी डिवाइस के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

**अद्यतन का रखा जाए रिकार्ड :** डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि पुष्टाहार के रखरखाव हेतु उचित प्रबंध किए जाएं और समस्त विभागीय रिकॉर्ड को समय पर अद्यतन रखा जाए। होम विजिट की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

**समन्वय से पूरा करें लक्ष्य :** डीएम ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के शीघ्र पंजीकरण और ब्लॉकवार लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

**क्लस्टर मीटिंग में अनिवार्य होगी सीएचओ की मौजूदगी**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम की क्लस्टर मीटिंग पूरी गंभीरता के साथ आयोजित की जाए। इन बैठकों में सीएचओ का प्रतिभाग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की बेहतर मॉनिटरिंग हो सके।

न्यूज ब्रीफ

## फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**रायबरेली, अमृत विचार :** एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत किसानों की शत-प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से तहसील सदर सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह ने की। बैठक में सभी खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शमीम अहमद, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों का समयबद्ध तरीके से पंजीकरण कराया जाए। साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को जागरूक करने और पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ग्राम प्रधानों और कोटेदारों का सहयोग लिया जाए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**अमावां, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर चौराहे के पास एक अप्रैल सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। महराजगंज थाना क्षेत्र के आदमपुर निवासी रावेंद्र पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि योगेंद्र कुमार, रामशंकर और सरिता रायबरेली जा रहे थे। रतापुर पुलिस चौकी के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर होने पर भर्ती कराया गया। मिल एरिया थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात ट्रक व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पेड़ काटने को लेकर किसान पर केस दर्ज

**खीरों, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सहजनबारी मजरे धुराई निवासी सत्यनारायण ने शनिवार की सुबह अपने घर के पास स्थित एक हरा जामुन का पेड़ काट लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर वन विभाग के क्षेत्रीय प्रभारी राजेश कुमार ने खीरों थाने में किसान सत्यनारायण के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राम बहादुर सिंह ने बताया कि वन विभाग के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद किसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जनवासे में युवक का मिला शव, हड़कंप

**छतोह, अमृत विचार :** परशदेपुर चौकी क्षेत्र में एक बारात के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब जनवासे के पास खाट के नीचे 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान डीह थाना क्षेत्र के शेरनाथपुर निवासी बृजेश उर्फ गोलू यादव के रूप में हुई है। वह बारात में शामिल होने आया था। परिजनों के अनुसार जयमाल के बाद वह जनवासे में रुका था। सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में एक युवक ने कुएं में छलांग लगा दी। घटना में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद गांव में कोहराम मच गया।



रामखेलावन की फाइल फोटो।

गांव निवासी राम खेलावन शराब के नशे का आदि था। शुक्रवार देर रात वह शराब पीकर गांव में घूम रहा था। घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं में उसने छलांग लगा दी। कुएं में गिरने की आवाज पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे कुएं में डूबते देखा। घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों का हुजूम इकठ्ठा हो गया। कोई रस्सी चारपाई या बांस आदि लेकर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकालने की मशक्कत शुरू हुई। करीब आधा घंटे बाद रस्सी व चारपाई के सहारे राम खेलावन के शव को बाहर निकाला गया। राम खेलावन की मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं इस मामले के बारे में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की सूचना पर शव को कुएं से बाहर निकाला गया।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमसीएफ का किया दौरा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आयोजित चिंतन शिविर एवं प्रबंधन दक्षता संवर्धन कार्यक्रम में सहभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष जोर दिया। चिंतन शिविर के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच कार्य दक्षता, आपसी समन्वय, नवाचार आधारित कार्यप्रणाली तथा पारदर्शी प्रशासन को लेकर समूह चर्चाएं आयोजित की गईं।






आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व संस्थान के अधिकारी। अमृत विचार

- **चिंतन शिविर एवं प्रबंधन दक्षता संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुईं**

राज्यपाल ने टीम भावना को किसी भी संस्थान की सफलता का मूल आधार बताया और सभी को नवाचार अपनाकर कार्य संस्कृति को सशक्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एमसीएफ के महाप्रबंधक रामन कृष्णन ने पिछले वर्षों की उपलब्धियों एवं उत्पादन क्षमता वृद्धि की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे ने कोच एवं व्हील निर्माण प्रक्रिया से राज्यपाल को अवगत कराया।

राज्यपाल ने कारखाना परिसर का दौरा कर व्हील शॉप में स्थापित नई मशीनों का लोकार्पण किया तथा "आत्मनिर्भर भारत" एवं "मेक इन इंडिया" अभियान को सशक्त बनाने में एमसीएफ की भूमिका की सराहना की। पूरा कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय, उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी: डीएम

## थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जन शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पहुंचकर नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में फरियादियों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, राजस्व संबंधी शिकायतें तथा सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर टीम बनाकर जांच करने और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



सदर कोतवाली परिसर में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका।

डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित और प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, मायूस लौटे फरियादी:** जगतपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी ऊंचाहार विवेक राजपूत ने की। इस दौरान कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिवगंज निवासी पुष्पा देवी ने शौचालय निर्माण कार्य रोकने और दबंगई का आरोप लगाया, जबकि विश्वनाथ यादव ने 20 वर्षों से पैतृक भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने सभी मामलों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

## जमीन को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन समाधान दिवस में पहुंचा मामला

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित टांघन गांव में बेशकीमती जमीन पर कब्जेदारी को लेकर शनिवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि गांव की दर्जनों महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि भूमि पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। गांव निवासी उषा देवी, सुनीता देवी, सरजू देवी, विमला, रानी, संगीति सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा अभद्रता, धमकी और मारपीट का प्रयास किया गया, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा हटवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरे पक्ष के कृष्ण कुमार पुत्र शिवमंगल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राजस्व टीम द्वारा पूर्व में सीमांकन किया जा चुका है और वे अपनी जमीन पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर रहे थे, जिसे विरोधी पक्ष ने तोड़ दिया। जबकि मामला समाधान दिवस में भी पहुंचा, जहां दोनों पक्षों की सुनवाई की गई लेकिन अंतिम निस्तारण नहीं हो सका। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ऊंचाहार विवेक राजपूत ने बताया कि विवाद की निष्पक्ष जांच के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर पुन: सीमांकन कराया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जैन मंदिर में मनाया गया पंचकल्याणक महोत्सव

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सिविल लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव एवं मंदिर स्थापना दिवस की तेरहवीं वर्षगांठ का शुभारंभ शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत प्रात :काल श्रीजी की शांतिधारा एवं विशेष पूजन-अर्चना से की गई। इसके बाद मंदिर के शिखरजी पर चारों दिशाओं में विराजमान भगवान महावीर स्वामी, मुनिसुव्रतनाथ, चंद्रप्रभु एवं पद्मप्रभु भगवान का भक्तिभाव से अभिषेक किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में संगीतमय सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी का जलाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। प्रथम कलश से शांतिधारा करने का सौभाग्य अशोक जैन को तथा द्वितीय कलश से शांतिधारा का सौभाग्य नवीन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को मंदिर में 51 दीपकों से भव्य महाआरती की गई। इसके बाद प्रिया, पूजा, रुचिका, स्वाति जैन, नेहा, अर्पिता, हर्षिता, वसुधा और प्रियंका जैन ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भजन संध्या में महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि वर्ष 2014 में मुनि श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में मंदिर निर्माण एवं पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न हुआ था। तभी से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर अनिल जैन, अशोक जैन, हेमेंद्र जैन, रमेश जैन, संदीप जैन, इंदरचंद जैन, विजयंत जैन,, सनी जैन, नितेश जैन, अजय जैन, विवेक जैन, अरिहंत जैन, नितिन जैन, अनुराधा जैन, रेखा जैन, रजनी जैन, मधु जैन, शारदा जैन, अनीता जैन, आशिका जैन आदि लोग उपस्थित रहे।



दिगंबर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

## समारोह में सेवानिवृत्त एबीपीएम को दी विदाई

**शिवगढ़।** डाकघर शिवगढ़ में शनिवार को एबीपीएम बाबादीन के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। शिवली चौराहा निवासी बाबादीन शिवगढ़ कस्बे में तैनात थे। कार्यक्रम उप डाकपाल रोहित कुमार एवं सहायक उप डाकपाल पंकज तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डाक विभाग के कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने बाबादीन के लम्बे सेवाकाल और कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त एबीपीएम बाबादीन को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रामकिशोर अवस्थी, अजय कुमार पाण्डेय, प्रशान्त वर्मा, आदर्श शुक्ला, उमेश चौधरी, ललित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, चार लोग घायल

**खीरों, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा गांव में शनिवार सुबह मुर्गी फार्म पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए। एक पक्ष के चंदलाल ने आरोप लगाया कि रामनरेश, शिवम, केवला और सविता ने लाठी-डंडों से हमला किया। वहीं दूसरे पक्ष के रामनरेश ने कहा कि चंदलाल और उनके पुत्र सुमित कब्जा कर रहे थे। कार्यवाहक थानाध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 15 दिन बाद भी नहीं शुरू हुई गेहूं खरीद

**महराजगंज, अमृत विचार।** गेहूं खरीद के लिए 15 दिन पहले शुरू किए क्रय केंद्र पर अभी तक एक दाने की खरीद नहीं हो सकी है। महराजगंज क्षेत्र के साधन सहकारी समिति लिमिटेड कोटवा मोहम्मदाबाद में गेहूं खरीद केंद्र बीते 27 अप्रैल को स्थापित किया गया, परंतु 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। प्रशासन भले ही कितने दावे कर रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। केंद्र पर ना तो किसानों को भीड़ दिख रही और ना ही खरीद की कोई गतिविधि शुरू हो सकी है। केन्द्र पर सन्नाटा पसरा हुआ है। कड़रिया गांव निवासी किसान प्रमोद मिश्रा ने बताया कि खरीद सामग्री बोरा, कांटा आदि उपलब्ध न होने कारण अभी खरीद नहीं शुरू हुई है। बारी गोहन्ना गांव निवासी सतीश शुक्ला ने बताया कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी खरीद केंद्र पर एक दाना तक नहीं खरीदा गया है। कोटवा मोहम्मदाबाद क्रय केंद्र प्रभारी रामशरन यादव ने बताया कि खरीद सामग्री उपलब्ध होते ही खरीद शुरू की जाएगी।

# दिनदहाड़े बाइक सवार से लूट पुलिस बोली सूचना फर्जी



लूट की सूचना की जांच करते सीओ सलोन और कोतवाल। अमृत विचार

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन-ऊंचाहार मार्ग स्थित उमरन गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे बेखौफ बदमाशों द्वारा एक युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम देने के मामले से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं दिन दहाड़े हुई बाइक सवार युवक के साथ नगदी और सोने के आभूषण लूट की घटना से सलोन पुलिस ने इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक फाइनेंस कंपनियों के कर्मियों और युवक के बीच बाइक की किस्त जमा करने को लेकर कहासुनी हुई थी। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

शनिवार दोपहर सलोन पुलिस को वायरलेस सेट पर सूचना मिली कि उमरन स्थित गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे बाइक सवार युवक आशीष पांडे पुत्र श्रीकांत पांडे निवासी गंगेहरी थाना ऊंचाहार की सोने की चैन और दस हजार नगदी अज्ञात बाइक सवार बदमाश लूट कर फरार हो गए है। घटना की सूचना पर सीओ सलोन समेत इंसेक्टर कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि लूट की झूठी दी गई थी। जांच पड़ताल में पता चला कि युवक आशीष पांडे और विपक्षी आदित्य शुक्ला पुत्र रोहित शुक्ला निवासी देवारा संग्रामगढ़ थाना प्रतापगढ़ के बीच फाइनेंस पर ली गई गाड़ी की किस्त के लेनदेन का विवाद था। गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीच विपक्षी युवक समेत तीन लोगों ने युवक से कहासुनी हुई थी। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

- **कोतवाल बोले, फाइनेंस पर ली गई गाड़ी की किस्त के लेनदेन का था मामला**

# मां ओ मेरी मां गीत गाकर किया भावुक

मनाया गया मदर्स डे

रायबरेली

**अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पूरे सप्ताह उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं के प्रति सेवा और सम्मान व्यक्त करने वाले विशेष कार्यों से हुई। विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत, नृत्य और ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से मां के प्रति अपना प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की। बुधवार को "मां ओ मेरी मां" गीत पर सामूहिक नृत्य ने सभी को भावुक कर दिया।

शनिवार को विद्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में लगभग 300 मातृशक्तियों ने सहभागिता की। बच्चों द्वारा तैयार बैच लगाकर माताओं का सम्मान किया गया। छात्रा प्रतिष्ठा के भावपूर्ण गीत "हाथों की लकीरें बदल जाती हैं" ने सभी की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति का सम्मान और महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना बताया।

**सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल में मना मातृ दिवस, लालगंज:** शनिवार को सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा अपनी माताओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। यहां पर सभी माताओं ने पूरे उत्साह एवं आनंद के साथ कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा, एकेडमिक निदेशक देवेंद्र झा, प्रबंधक करुणेश सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. अविनाश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान मौजूद अतिथियों ने माताओं को संबोधित करते हुए उनके त्याग, प्रेम, समर्पण एवं संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉ. अविनाश कुमार ने कहा कि "मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा होती है। मां का प्रेम निस्वार्थ, अनमोल और ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार है।" उनके भावपूर्ण संदेश ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी माताओं एवं अभिभावकों को भावुक कर दिया।



हरचंदपुर स्थित बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।



सेंट जेवियर स्कूल के मातृ दिवस कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम से की शिष्टाचार भेंट

**लालगंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जनपद में नियुक्ति पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नगर के विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। डीएम ने विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में लालगंज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। वर्तमान में नगर के प्रमुख चौराहों पर स्थित महापुरुषों के स्मारकों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। विशेष रूप से वीरा पासी स्मारक स्थल को आकर्षक पत्थर नक्काशी और सुंदर डिजाइन के साथ विकसित किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के एंबेसडर और कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता ने बताया कि नगर के सभी स्मारक स्थलों का चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।



डीएम का बुके देकर स्वागत करतीं सरिता गुप्ता।

## छात्राओं को किया गया जागरूक

**डलमऊ, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को शांति मनोहार इंटर कॉलेज में बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 102, 108, 1076, 1930 एवं 1098 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला आरक्षी करिश्मा यादव, महिला आरक्षी अंकिता कुशवाह एवं महिला आरक्षी तन्वी सिंह उपस्थित रहीं और छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

सहूलियत

बर्न वार्ड के सामने स्थित शौचालयों में लघुशंका आदि करने में महिला व पुरुष मरीजों को नहीं होगी झिझक

# जिला अस्पताल के बदहाल शौचालयों की बदली तस्वीर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय में बदहाल शौचालयों और मरीजों को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद आखिरकार अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया। खबर प्रकाशित होने के बाद बर्न वार्ड के सामने स्थित लंबे समय से बिना दरवाजों वाले शौचालयों में नए दरवाजे लगवा दिए गए हैं। पहले यहां टूटे हुए दरवाजे शौचालय के ऊपर रखे हुए थे और खासकर महिला मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

- **लंबे समय से बिना दरवाजे वाले शौचालयों के प्रयोग करने में मरीजों को लगती थी शर्म**

जिला अस्पताल में बर्न वार्ड के सामने स्थित बिना दरवाजा वाले टूटे व बदहाल गंदे पड़े शौचालयों में लघंशुका आदि करने पर महिला-पुरुष रोगियों की लज्जा भंग हो रही थी। यहां पर एक भी शौचालय में दरवाजा नहीं था। जबकि मजे की बात यह है कि टूटे हुए दरवाजे हटाने के बजाय उन्हें शौचालय के ऊपर दीवार पर विधिवत सजाकर रखे गये थे। ऐसी स्थिति में उल्टी दस्त जैसी समस्या से घिरे होने के कारण मरीजों को शौचालय जाने की आवश्यकता होती है। जिन्हें बार-बार शर्मिंदगी से दो चार होना पड़ता था। अमृत विचार ने 8 मई 2026 के अंक में प्रमुखता से "टूटे दरवाजे और बदहाल शौचालय देख चढ़ा जिलाधिकारी का पारा" की खबर प्रकाशित की थी।

खबर छपने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और बदहाल पड़े शौचालयों में नए दरवाजे लगवा दिए। जिला अस्पताल प्रशासन के इस कदम के उठाने के बाद न सिर्फ यहां पर काफी बदलाव आया, बल्कि यहां आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है।

अमृत विचार IMPACT



टूटे दरवाजे और बदहाल शौचालय देख चढ़ा जिलाधिकारी का पारा

अमृत विचार में 8 मई 2026 के अंक में प्रकाशित की गई खबर।



अमृत विचार में खबर छपने के बाद बदहाल शौचालयों में लगवाए गए नए दरवाजे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में कई लोग घायल

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** शुक्रवार की देर रात सेमरौता कठोरा मार्ग पर बसंतपुर गांव के पास दो बाइक आपस मे भिड़ गई जिसमें प्यारे लाल 62 वर्ष, दीपक कुमार 19 वर्ष एवं अजय कुमार 18 वर्ष निवासी राजाफत्तेपुर थाना इन्हौना अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े, जिसमें बुजुर्ग प्यारे लाल को गंभीर चोट आयी है। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने सभी घायलों को स्वशासी मेडिकल कालेज तिलोई मे उपचार हेतु भर्ती कराया है जहाँ सभी का उपचार चल रहा है। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि अभी किसी ने शिकायत नहीं की है।

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखे फायरिंग करने के तरीके

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार :** क्षेत्र के संत पथिक इण्टर कॉलेज के एन सी सी के कैडेटों को रायबरेली पुलिस लाइन परिसर में फायरिंग प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 एनसीसी कैडेटों ने भाग लेकर निशानेबाजी की बारीकियां सीखीं। इस दौरान पुलिस विभाग के प्रशिक्षकों ने कैडेटों को हथियारों के सुरक्षित उपयोग, फायरिंग के नियमों तथा अनुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां ओंकार, रविकांत यादव, शोभित कुमार, प्रिया तिवारी, श्रीकांत त्रिपाठी रहे।

### कब्जे के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार :** जगतपुर क्षेत्र के ग्राम टांघन में जमीन कब्जे को लेकर शनिवार को विवाद गहरा गया। पीड़िता उषा देवी ने गांव के कुछ लोगों पर जमीन पर जबरन कब्जा करने, धमकी देने और विरोध करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मामले से नाराज गांव की दर्जनों महिलाओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से न्याय की मांग की। महिलाओं का कहना था कि क्षेत्र में लगातार भूमि विवाद बढ़ रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार :** हरचंदपुर क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय बाला में मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ स्वगणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को स्वगणना के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी मीना मंच एसएस पाण्डेय, बीएसए राहुल सिंह, प्रधानाध्यापक जय गोपाल, रंजना श्रीवास्तव, रजनी बाजपेई, सोनी, बृजमोहन, सुनील एवं विनोद रहे।

### शनि मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

**सरेनी।** सरेनी के लखनापुर गांव में स्थित शनि मंदिर के छठें स्थापना दिवस पर शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मन्दिर की मुख्य सेविका श्रीमती सुमित्रा देवी ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व शनि मंदिर की स्थापना आज के ही दिन की गई थी। भंडारे में ब्रजमोहन साहू, कांती, ध्रुव, आस्था, काका, मोती, राजा, विद्या देवी, सीमा, सुधा, बलराम, शिवदुलारी, बिनीता, विपती, अजय, अभिषेक, अर्पिता, नीलम, मोहित, सन्नो, ओमिका, रश्मि, खुशी, डाली, राजवती, अमित, राजेश, रबी, गीता, प्राची, पुल्लू साहू, रोहित, अंकित, सारजन, कोमल रहीं।

# युवक की हत्या पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा अंतिम संस्कार से कर दिया था इनकार

**▶ घटना के 28 घंटे बाद भी आरोपी फरार, आठ घंटे तक गांव में चला हाईवोल्टेज ड्रामा**

संवाददाता, अमेठी


अंतिम संस्कार करने को लेकर परिजन से बातचीत करते सीओ व पुलिस कर्मी।

**अमृत विचार।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में युवक की गोली मारकर हत्या के बाद शनिवार को पूरे गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल देखने को मिला। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। करीब आठ घंटे तक चले विरोध, समझाने-बुझाने और प्रशासनिक कवायद के बाद देर शाम मामला शांत हो सका।

दीपक मिश्रा की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही सचिन पांडेय और श्रीकांत मिश्रा पिस्तौल दिखाने के बहाने दीपक को अपने साथ ले गए थे, जहां उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, लेकिन घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। शनिवार सुबह शव गांव पहुंचते ही महिलाओं की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। लोगों का कहना था कि नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी हैं और पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। गांव में बिगड़ते हालात को देखते हुए पीपरपुर, संग्रामपुर, रामगंज, अमेठी और मुंशीगंज थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। सीओ मनोज कुमार मिश्रा समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया, लेकिन मृतक के भाई भरतलाल मिश्र आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। देर शाम पुलिस ने आरोपी पक्ष की दो महिलाओं को हिरासत में लिया, जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। छोटे भाई भरतलाल मिश्र ने गांव की निजी श्मशान भूमि पर दीपक को मुखाग्नि दी। हालांकि देर रात तक गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही और पुलिस बल तैनात रहा।

वहीं इस मामले में एसपी सरवणन टी ने बताया कि अंतिम संस्कार हो गया है एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस गांव में तैनात की गई है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार दबिश दे रही है देर रात तक गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

## नाले में मिली नवजात बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन ने बचाया

**सिंहपुर (अमेठी)।** इन्हौना थाना क्षेत्र के चिरौली गांव के पास सड़क किनारे नाले में नवजात बच्ची मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि गणपति यात्री प्लाजा के पास ग्रामीणों ने नाले में नवजात बच्ची के पड़े होने की सूचना पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन को दी। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, केस वर्कर रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन लाल एवं पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। टीम ने काफी सावधानी से बच्ची को नाले से बाहर निकाला। इसके बाद बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच में बच्ची का वजन कम पाया, जिसके चलते उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्ची को मलिक मोहम्मद जायसी जिला अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर गूंजे शौर्य के जयघोष, दिखा उत्साह


महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शनिवार को अमेठी कस्बे में भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे की धुन, भगवा पताकाओं और जयघोषों के बीच पूरा कस्बा राष्ट्रभक्ति और वीरता के रंग में रंगा नजर आया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। शौर्य यात्रा देवी पाटन मंदिर से शुरू होकर सकरा तिराहा, कावा चौक और गांधी चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान 'जय श्री राम' और "महाराणा प्रताप अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में अमेठी की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह, उनकी पत्नी शाम्भवी सिंह, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी, अनुज सिंह, राजेश सिंह, राजू सिंह, कोतवाल सिंह, मयंक सिंह, सिंकू सिंह और अभिषेक सिंह बिलिट्री भी यात्रा में शामिल रहे।

## लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें: एसपी

संग्रामपुर (अमेठी)


जनसुनवाई करते पुलिस अधीक्षक सरवणन टी। अमृत विचार

**जन सुनवाई**

**अमृत विचार।** शनिवार को थाना संग्रामपुर पहुंचे अमेठी के पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने जन सुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ शिकायतों का गंभीरता एवं सूक्ष्मता से अवलोकन किया और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

एसपी ने विशेष रूप से भूमि विवाद, पैमाइश और अवैध कब्जे से संबंधित मामलों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच करे तथा दोनों पक्षों की मौजूदगी में पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जाए। एसपी ने कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समय पर होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए।

जनसुनवाई के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों एवं अभिलेखों का निरीक्षण भी किया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने नियमित अपडेट बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं पीड़ितों की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने की हिदायत दी। साथ ही भू-माफियाओं और अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसी दौरान थाना क्षेत्र के खौपुर बुजुर्ग गांव की निवासी रीना यादव ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व दिए गए प्रार्थना पत्र पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार रीना यादव और उनके चचेरे ससुर मुरली यादव के बीच पिछले पांच वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। हाल ही में मामले की पैमाइश भी कराई गई थी, लेकिन फरियादी पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं दिखीं और उन्होंने कार्रवाई पर सवाल उठाए।

## बेहीखोर नहर पुल बनने से मिलेगी राहत

जगतपुर (रायबरेली)


पुल पर कराया जा रहा निर्माण कार्य।

**अमृत विचार।** वर्षों से जर्जर पड़े बेहीखोर नहर पुल के कारण परेशान ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। गंग नहर पर बने इस क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। पुल निर्माण शुरू होते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें लंबा चक्कर लगाकर सफर नहीं करना पड़ेगा और आवागमन पहले की तरह आसान हो जाएगा।

करीब डेढ़ दशक पहले क्षतिग्रस्त हुए इस पुल के कारण आसपास के गांवों के लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पुल बंद होने से ग्रामीणों को दूसरे रास्ते से करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। खासकर स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ती थी। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते थे, जब वैकल्पिक रास्ते भी कीचड़ और पानी से प्रभावित हो जाते थे। करीब 1.10 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस पुल के तैयार होने के बाद टीकर आगाचीपुर, फकीरा का पुरवा, उसरी, बक्शी का पुरवा, आम्बारा, आनंद का पुरवा, भोले का पुरवा, पंपापुर समेत लगभग 20 गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से क्षेत्र में व्यापार, खेती और शिक्षा से जुड़े कार्यों को भी गति मिलेगी। ग्रामीण प्रदीप श्रीवास्तव, सुभाष बनवारी, खिलाड़ी, अयोध्या प्रसाद और जगदीश ने बताया कि पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई थी। लंबे इंतजार के बाद अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में नई उम्मीद जगी है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता प्रवीण कुमार पांडे ने बताया कि पुल निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

## इंसानियत ने कुत्तों से हिरण के बच्चे की बचाई जान


महराजगंज के गजरी में पकड़ा गया हिरन का बच्चा। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र गजरी मजरे बहादुर नगर में शनिवार दोपहर को एक हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने देखा। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ देर के लिए गांव के आवारा कुत्ते दौड़ते दिखें। ग्रामीणों ने कुत्तों से उसे बचाया। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी राम अनुज, देवी प्रसाद ने उसे नजदीक की नर्सरी के लिए उठा लिया। फारेस्ट गार्ड ने शारदा बक्स सिंह ने बताया कि नवोदय विद्यालय के पास स्थित कृषि वानिकी पर उसे रखा गया है। बड़ा होने पर उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

### मातृ दिवस पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा


मदर डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**गौरीगंज (अमेठी) अमृत विचार।** संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में शनिवार को मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक परिधान में भावपूर्ण प्रस्तुतियों से लोगों का मनमोह लिया। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर अभिभावक मंजू सिंह ने शुभारंभ किया। चेयरपर्सन डॉ .अंजना सिंह सेंगर ने कहा कि मां का महत्व अतुलनीय है। निदेशक रंजन सिंह ने कहा कि मां त्याग, प्रेम और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति होती हैं। प्रधानाचार्य अंकिता सिंह ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामना दी। इस अवसर पर चित्रकेतु सिंह, खुशबू गिरि, सुधा सिंह, सुमन सिंह, शालिनी मौर्य, सरिता तिवारी, शिखा कश्यप, राजपति कश्यप, कोमल अग्रवाल, सरिता वर्मा, विमल सिंह, अभिषेक शुक्ला, विमलेश कुमार पाण्डेय, संतलाल जायसवाल, रिचा पुष्पाकर, मो .सत्तार आदि रहे।

### नाट्य प्रस्तुति से मनाया मातृ दिवस


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के छात्र-छात्राओं ने महुली स्थित वृद्धाश्रम में मातृ शक्तियों के साथ मदर डे मनाया। सामूहिक रूप से केक काटकर वृद्धजनों का मुंह मीठा कराया और उपहार भेंट किए। मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चेयरपर्सन डॉ .अंजना सिंह सेंगर ने कहा कि मां का महत्व अतुलनीय है। मां हमारे व्यक्तित्व की नींव रखती हैं। निदेशक रंजन सिंह ने कहा कि मां त्याग, प्रेम और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति होती हैं। सौम्या, अक्षत, पूर्वी, शैलवी, रितिका, श्रेय संस्कार, अभिनव ने मंगलाचरण शिव वंदना नमो नमः शिवाय की प्रस्तुति दी। राजनंदिनी, महबिश बानो, सृष्टि, विद्यांशी, आर्या, जूही, अपेक्षा, काम्या, अनुजा, सिदरा, समृद्धि, अंजली, संस्कृति आदि ने पारिवारिक मूल्यों पर आधारित बागबान की नाट्य प्रस्तुति का भावपूर्ण मंचन किया। गीत दुबे, प्रशस्ति सिंह, सबा आफरीन, मंतशा खान, आश्वी मौर्या आदि ने कालबेलिया नृत्य गीत की मनभावन प्रस्तुति दी समूह गान मुझे इस दुनिया में लाया सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वृद्धजनों के साथ विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने आश्रम संचालक अंबिका प्रसाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संयोजन गुंजन सिन्हा और शुभी अली ने किया। संचालन अविनाश सिंह, सर्वेश सिंह ने किया। इस दौरान मनप्रीत कौर, लक्ष्मी देवी, दीनानाथ शर्मा, जीत लाल पटेल आदि मौजूद रहे।

### सिलेंडर ब्लास्ट होने से महिला की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार।** खाना बनाते समय घरेलू सिलेंडर फटने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र के पूरे गड़रियान गांव की 38 वर्षीय रेनू पाल पत्नी राजू पाल शनिवार सुबह खाना बना रही थी। खाना बनाते समय ही अचानक एलपीजी सिलेंडर फट गया। चपेट में आने से रेनू गंभीर रूप से झुलस गईं। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तेज धमाके से कमरे की एक दीवार भी ढह गई। धमाके की आवाज सुनकर आस – पास के लोग भी दौड़े। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे। सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घर में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। कुंडा एसडीएम वाचस्पति सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### जेल बैरक में छत से गिरा पंखा, बंदी घायल

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** जिला कारागार के बैरक नंबर दो में शुक्रवार की रात करीब 10 .45 बजे बैरक के अन्दर की छत पर लगा पंखा लकड़ी की बल्ली सहित टूटकर गिर गया।इससे विचाराधीन बंदी राजेन्द्र प्रजापति उर्फ चिथरू पुत्र राम लखन प्रजापति निवासी मोला का पुरवा बरना, थाना–हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़ घायल हो गए। इसके बाद जेल चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर बंदी को जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों ने स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि पंखा गिरने के कारण बंदी को चोट लगी है। एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में बंदी की स्थिति सामान्य है।

### पीबीपीजी कॉलेज में प्रवेश शुरू

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में नए सत्र के लिए स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न संख्याओं में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश शुरू हो गया है। स्नातक में बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं परास्नातक में एम .ए . और एमएससी में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म वितरित किया जा रहा है। कला संकाय में हिंदी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं विज्ञान में गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में परास्नातक की व्यवस्था उपलब्ध है। प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र–छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश काउंटर से सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### अंतिम वर्ष एवं सम सेमेस्टर परीक्षाएं कल से, बदला गया समय

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** प्रो . राजेंद्र सिंह ( रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की वार्षिक अंतिम वर्ष एवं सम सेमेस्टर परीक्षाएं 11 मई से शुरू हो रही हैं। तीन पालियों में होने परीक्षा में समय परिवर्तन कर दिया गया है। पीबीपीजी कॉलेज सिटी के परीक्षा प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर ही होंगी। तीनों पालियों में समय परिवर्तन किया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 से 10 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षा 11 : 30 से दोपहर 1 : 30 और तृतीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी।

**आयोजन** कर्तव्यों का पालन ईमानदारी, अनुशासन एवं सच्ची निष्ठा के साथ काम करने की दी गई प्रेरणा

# बालिका विद्या मंदिर में छात्र संसद व कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

लालगंज (रायबरेली)


शपथ ग्रहण समारोह में खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह और अन्य लोग।

**अमृत विचार।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज में छात्र संसद एवं कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी लालगंज गगनदीप सिंह तथा थाना लालगंज की उपनिरीक्षिक अर्चना यादव उपस्थित रहीं। विद्यालय की अध्यक्षा इंदु बाजपेयी व प्रधानाचार्या ममता सिंह की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान छात्र संसद चुनाव के परिणामों की घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित छात्राओं का परिचय एवं शपथ ग्रहण कराया गया। विद्यालय की अध्यक्षा पद पर कक्षा 12 'स' की बहन श्रेया सिंह, प्रधानमंत्री पद पर कक्षा 12 'ब' की बहन वंशिका सिंह तथा सेनानायिका पद पर कक्षा 11 'ए' बहन श्रुति बाजपेयी को नियुक्त किया गया।

उपनिरीक्षिक अर्चना यादव ने सभी छात्र संसद पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी, अनुशासन एवं सच्ची निष्ठा के साथ करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं सामाजिक चेतना का विकास करती है। प्रधानाचार्या ममता सिंह ने कहा कि प्रत्येक पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य एवं जिम्मेदारी का भी परिचायक है। संचालन कन्या भारती प्रमुख अंशू यादव एवं छात्र संसद प्रमुख आचार्य संजय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर रीना वाजपेई, साक्षी साहू, मीडिया प्रभारी आयुष विक्रम व अनुराग बाजपेई उपस्थित रहे।

**पढ़ाई के साथ स्वस्थ, बौद्धिक मनोरंजन भी जरूरी, लालगंज:**


कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करते प्रबंध निदेशक सुनील सिंह।

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा-5 तक के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने समारोह में फीता काटते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को स्वस्थ एवं बौद्धिक मनोरंजन की भी जरूरत होती है। इसी कड़ी में बीएमपीएस ग्रुप की सभी शाखाओं के नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए यह समर कैंप आयोजित किया गया है। इसके अलावा जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चों के लिए भी शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था की गई है।

इस कैंप का आयोजन विद्यार्थियों के मनोरंजन, आत्मविश्वास एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया। समर कैंप में बच्चों के लिए एडवेंचर, फन एवं वाटर एक्टिविटीज की शानदार व्यवस्था की गई थी। जिप लाइन और बर्मा ब्रिज जैसी रोमांचकारी गतिविधियों ने बच्चों में साहस और आत्मविश्वास का संचार किया। वहीं एटीवी माउंटेन बाइक एवं टेंडम ड्यूल साइकिल बच्चों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रबंधक शांतनु सिंह और प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यश बहादुर यादव ने दी।








समय पाय फल होत है,
समय पाय झरि जाय
सदा रहे नहिं एक सी, का
रहीम पछिताए

रहीम दास कहते हैं, सब समय का खेल है। समय आने पर फल पकते हैं और समय आने पर झड़ भी जाते हैं। समय ही हालात को बदलता है। यानी समय सदा एक-सा नहीं रहता, इसलिए पछतावा करने का कोई मतलब नहीं है।



# अमर 'उपभोक्ता' प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा

अमर रहने की महत्वाकांक्षा पुरानी है। पुराणों में हजारों वर्ष जीने वाले पात्रों के उल्लेख हैं। वैदिक ऋषि अमृत्व प्राप्त करने की स्तुतियां करते थे। 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।' में अमृत्व की प्यास का उल्लेख है। आधुनिक विश्व में सभी देशों के वैज्ञानिक मनुष्य शरीर की उम्र को रोकने की योजना पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने के शोध पर काम कर रहा है।

सितंबर 2025 में पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मनुष्य शरीर की उम्र 150 साल तक ले जाने की योजना पर शोध की बातें की थीं। पुतिन ने कहा था कि नियमित रूप से कोशिकाओं के क्षरण को रोककर स्वस्थ बने रहने पर वैज्ञानिक शोध संभव हैं। रूसी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वे वृद्धावस्था रोकने की विश्व की पहली एंटी एजिंग वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था कोशिकाओं के क्षरण का ही परिणाम होता है।

रूस के एक मंत्री डेनिस ने पिछले माह बताया है कि यह प्रायोजित उपचार रेज रिसेप्टर पर जोर देगा। वृद्धावस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया को नियंत्रित कर कोशिकाओं को लंबे समय तक युवा बनाए रखा जा सकता है। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य दुनिया की पहली जीनथेरेपी दवा बनाना है। इस परियोजना को इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग बायोलॉजी एंड मेडिसिन द्वारा विकसित किया जा रहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री ने कहा था कि रूस की योजना सन 2028 से 2030 के बीच एंटी एजिंग दवा का उत्पादन शुरू करने का है। रिपोर्ट में यह बात बताई गई है कि यह तकनीक अभी फिलहाल शोध की प्रक्रिया से गुजर रही है। इसका बजट 26 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। उनका दावा है कि फिलहाल इस पर शोध जारी है। अगर यह सफल होता है, तो भविष्य में वृद्धावस्था अनिवार्य प्रक्रिया नहीं रहेगी। यह नियंत्रित की जाने वाली स्थिति बन सकती है।

> लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी।

यह एक आश्चर्यजनक शोध की दिशा में मनुष्य जाति का पहला नियोजित अभियान होगा। मनुष्य की आयु 150 वर्ष तक ले जाने की यह महत्वाकांक्षी योजना आश्चर्यजनक है। दीर्घायु होना सामान्य बात है, लेकिन पूरी आयु में स्वस्थ बने रहना वाकई बड़ी उपलब्धि होगी। ऋग्वेद में 'जीवेत शरदः शतम्' की प्रार्थनाएं हैं। सौ साल जीने की इच्छा पर्याप्त नहीं है, इसलिए आगे कहते हैं कि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रहें। दीन-हीन न रहें।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस संसार में बहुत सारे लोग 100 बरस या उससे ज्यादा का जीवन जीते हैं, लेकिन शरीर के क्षरण के कारण यह सभी कष्ट और दुख में रहते हैं, तो क्या यह शोध मनुष्य के सभी अंगों और सोच-विचार के तंत्र को स्वस्थ रखने का महत्वाकांक्षी अभियान बनेगा। इस शोध को लेकर बहुत प्रसन्न होने की आवश्यकता नहीं है। 80-90 वर्ष की आयु वाले वृद्ध परिवार की उपेक्षा के कष्ट भोगते हैं। परिजन बूढ़ों का ध्यान नहीं रखते। इस शोध की सफलता और असफलता पर तमाम तरह के विचार व्यक्त किए जा सकते हैं।

यह एक सांस्कृतिक समस्या है। दुनिया के सभी समाजों में अच्छे मानवीय संबंधों का आधार संस्कृति ही है। यहां जीवन को लंबा करने के प्रयास हैं, लेकिन इसके साथ ही दर्शन और विज्ञान काल की व्याख्या भी करता है। काल का पहिया घूम रहा है। हम सब काल रथ पर बैठे यात्री हैं। अथर्ववेद में भृगु ऋषि का सारवान वक्तव्य है- 'कालरथ पर ज्ञानी ही बैठते हैं।'

मैं कालरथ को देख रहा हूं। उस रथ का घर्घर नाद भी सुनता हूं। वह प्रतिपल हमारे सामने से ही गुजरता है। मैं हाथ उठाता हूं। रुकने की प्रार्थना करता हूं। वह नहीं रुकता। मेरी परवाह नहीं करता। जानता हूं कालरथ में ज्ञानी ही बैठते हैं। हमारे लिए उस रथ में जगह नहीं हो सकती। क्या विज्ञान में काल की समस्या का कोई समाधान है? काल निर्वचन कठिन काम है।

हमारे ग्रंथों में ऋषियों की आयु 100 वर्ष बताई गई है, किंतु उनका मार्ग 'बाहरी रसायनों' का नहीं, बल्कि 'भीतरी रूपांतरण' का था। प्राणायाम की विधियां शरीर की जैविक घड़ी को नियंत्रित करने की प्राचीन तकनीकें थीं। वैज्ञानिक शोध अब मान रहे हैं कि गहरी और लंबी सांसें हमारे जीवन-सूत्रों की रक्षा करती हैं। ऋषियों ने बिना किसी भारी-भरकम वित्तीय सहायता के, केवल अंतर्मुखी होकर उस 'अमृत तत्व' को खोज लिया था।

प्राचीन भारत में 'कायाकल्प' की प्रक्रिया का वर्णन मिलता है, जहां विशेष जड़ी-बूटियों से वृद्ध शरीर को पुनः युवा किया जाता था। रूस का प्रयोग जहां अवरोधकों पर काम करता है, वहीं भारतीय पद्धति पंच तत्वों के संतुलन पर बल देती थी। यदि आधुनिक जीव-विज्ञान के साथ योग को जोड़ दिया जाए, तो दीर्घायु एक पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग बन सकती है।

लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी। वैवाहिक संबंधों के स्थायित्व पर नए प्रश्न खड़े होंगे।

माता-पिता और संतान के बीच जब एक सौ वर्ष का अंतर होगा, तो संवाद लगभग समाप्त हो जाएगा। हम एक ऐसे अकेलेपन के युग में प्रवेश कर सकते हैं, जहां शरीर स्वस्थ होगा, पर मन एकाकी। संबंधों में जो ताजगी आज है, वह शायद इस दीर्घ जीवन में न बचे। मनुष्य का अस्तित्व उसके संबंधों से परिभाषित होता है। जब संबंध बोझ बनने लगें, तो लंबी आयु कारावास बन जाती है।

यह प्रयोग वैज्ञानिक जिज्ञासा की पराकाष्ठा है, किंतु इसे विवेक की कसौटी पर कसना अनिवार्य है। केवल आयु का बढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। जैसा कि हमारा दर्शन मानता है, 'जीवेम शरदः शतम' का अर्थ केवल सौ वर्ष जीना नहीं, बल्कि सौ वर्ष तक चैतन्य रहकर योगदान देना है।

रूस का यह शोध यदि मनुष्य को केवल एक अमर 'उपभोक्ता' बनाती है, तो यह प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा, लेकिन यदि यह वृद्धों को पीड़ा से मुक्त कर उन्हें पुनः सृजनशील बनाती है, तो यह विज्ञान का उपहार होगा। साफ बात है कि जीवन की सार्थकता उसकी लंबाई में नहीं होती है बल्कि यह उसकी गहराई और मर्यादा में निहित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# सपनों के शहरों में संघर्ष करती बस्तियां

भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है। शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले यही प्रवासी मजदूर और उनके परिवार अक्सर उन बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं, जहां न साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होती है, न पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता। इन बस्तियों में केवल गरीबी और संघर्षों की कहानियां ही छिपी नहीं होती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता, प्रशासनिक उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का भी आईना होता है।



चंचल
एक्टिविस्ट

इन बस्तियों में साक्षरता की दर भी काफी कम होती है। यहां रहने वाले अधिकांश परिवार देश के तमाम हिस्सों और आसपास के छोटे शहरों से रोजगार की तलाश में आते हैं, जहां शहर ने उन्हें काम तो दिया, लेकिन सम्मानजनक जीवन नहीं। ऐसी बस्ती में गंदगी और जलभराव आम समस्या है। संकरी गलियों में कूड़े के ढेर, खुले नाले और दूषित जल स्रोत बीमारियों को खुला न्योता देते हैं। कई परिवारों को पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं होता, जिसके कारण डायरिया, टाइफाइड और त्वचा संबंधी बीमारियां आम हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के बावजूद इन बस्तियों तक सफाई की व्यवस्था प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई है।

> भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

इन समस्याओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित होते हैं बच्चे। पलायन कर इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के पास अक्सर वैध दस्तावेज़ नहीं होते, जैसे कि आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र। इसके अभाव में उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। शिक्षा से वंचित ये बच्चे धीरे-धीरे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई बच्चे नशे की लत का शिकार हो जाते हैं या फिर बाल मजदूरी करने लगते हैं। सड़कों पर काम करते, कूड़ा बीनते या छोटे-मोटे ढाबों पर काम करते बच्चे हमारे समाज की उस सच्चाई को उजागर करते हैं, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेष रूप से किशोरियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। शिक्षा के अभाव और सामाजिक दबाव के कारण इनकी कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है। जल्द ही वे मातृत्व की जिम्मेदारी उठा लेती हैं, लेकिन पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# जिम्मेदारियां उसे तोड़ नहीं पातीं

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निःस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है, जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है, इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।



कृति जैन
लेखिका

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना— ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में 'माता' वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है, इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं— वह हर उपमा से परे है।

जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना— यही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# बच्चों के लिए अनुशासन जुल्म न बन जाए

कानपुर की एक अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले 24 वर्षीय प्रशिक्षु अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। मरने से पहले लिखे गए उनके सुसाइड नोट में आर्थिक संकट, प्रेम प्रसंग या करियर में असफलता का उल्लेख नहीं था। उसमें बार-बार बचपन से महसूस किए गए अपमान, भय, नियंत्रण और भावनात्मक घुटन का जिक्र था, जिसे उन्होंने अपने पिता की कठोरता से जोड़ा, हालांकि सुसाइड नोट में लिखी बातें व्यक्तिगत आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच का विषय है, फिर भी यह घटना भारतीय पैरेंटिंग के उस चेहरे को सामने लाती है, जिस पर समाज लंबे समय से आंखें मूंदे बैठा है।

> माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने। डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे।

अनुशासन के नाम पर अपमान, नियंत्रण और डर को सामान्य मान लिया जाता है। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम पूछें— क्या हम अपने बच्चों को संवार रहे हैं, या अनजाने में तोड़ रहे हैं? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, अनुशासित रहे और जीवन में भटके नहीं।

डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे। जब हर गलती पर चरित्र पर हमला हो, हर असहमति को बदतमीजी कहा जाए और हर निर्णय भय से मनवाया जाए, तब अनुशासन धीरे-धीरे जुल्म में बदल जाता है। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करना, लगातार शक करना, हर गतिविधि पर नियंत्रण रखना और भावनाओं को महत्वहीन बताना बच्चे को सुधारता नहीं, भीतर से कमजोर करता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि 'मार-डांट से ही बच्चे बनते हैं।' अनेक माता-पिता अपनी कठोरता को प्रेम और जिम्मेदारी का हिस्सा मानते हैं। उन्हें लगता है कि डर रहेगा, तो बच्चा अनुशासित रहेगा और गलत रास्ते पर नहीं जाएगा। कई बार वे गर्व से कहते हैं, 'हमने भी अपने मां-बाप से मार खाई है, तभी कुछ बन पाए हैं,' लेकिन यह तर्क इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर पीढ़ी की मानसिक और भावनात्मक जरूरतें अलग होती हैं। आज का बच्चा केवल आदेश नहीं, संवाद चाहता है; केवल नियंत्रण नहीं, सम्मान चाहता है।

लगातार डांट, ताने, तुलना और अपमान झेलने वाला बच्चा धीरे-धीरे अपना आत्मविश्वास खोने लगता है। उसे महसूस होने लगता है कि वह कभी पर्याप्त अच्छा नहीं हो पाएगा। वह हर समय गलती के डर में जीता है और अपनी स्वाभाविक अभिव्यक्ति दबाने लगता है। ऐसे बच्चे बाहर से आज्ञाकारी दिख सकते हैं, लेकिन भीतर से लगातार चिंता, आत्मसम्मान की कमी और भावनाओं को दबाकर रखने की प्रवृत्ति से जूझ रहे होते हैं। कुछ बच्चे विद्रोही बन जाते हैं, कुछ पूरी तरह चुप। सबसे खतरनाक स्थिति तब होती है, जब बच्चा अपनी पीड़ा व्यक्त करना ही बंद कर देता है।

भारतीय परिवारों में बच्चों पर करियर, विषय, जीवनशैली और यहां तक कि मित्र चुनने तक का दबाव असामान्य नहीं है। 'हम तुमसे ज्यादा जानते हैं', 'तुम्हारे भले के लिए कह रहे हैं'— इन वाक्यों के पीछे कई बार बच्चे की व्यक्तिगत पहचान दब जाती है। हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या अफसर नहीं बनना चाहता। हर बच्चा एक जैसी क्षमताओं और रुचियों के साथ पैदा नहीं होता। जब उसकी पसंद, क्षमता और व्यक्तित्व की अनदेखी कर सिर्फ अपेक्षाएं थोपी जाती हैं, तो वह अपने ही जीवन से कटने लगता है।

बहुत से माता-पिता यह मानते हैं कि लोगों के सामने डांटने से बच्चा सुधर जाएगा, जबकि मनोविज्ञान बताता है कि सार्वजनिक अपमान बच्चे के आत्मसम्मान पर गहरा प्रहार करता है। घर वह स्थान होना चाहिए, जहां बच्चा सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करे। यदि वहीं उसे बार-बार बेइज्जती मिले, तो उसके लिए दुनिया में कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचता। बच्चों की गलतियां सुधारी जानी चाहिए, लेकिन उनकी गरिमा तोड़े बिना। यह समझना भी जरूरी है कि अधिकतर कठोर माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, सुरक्षित रहे और जीवन में आगे बढ़े। समस्या उनके इरादों में नहीं, तरीकों में होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

माता का दर्जा कितना उच्चकोटि का है कि वाल्मीकि रामायण में 'मित्राणि धन धान्यानि प्रजानां सम्मतानिव, जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' कहा गया है। अर्थात 'मित्र, धन्य, धान्य आदि का संसार में बहुत अधिक सम्मान है, (किंतु) माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यहां जननी का स्थान तो स्पष्ट है कि जन्म देने वाली मां है, लेकिन जन्मभूमि से मतलब गांव या जिला या घर-द्वार नहीं बल्कि मां की कोख है, जिस कोख में शिशु को आकृति मिलती है। इस कोख रूपी भूमि में मां के रक्त-मज्ज़ा से नौ माह बाद शिशु जन्म लेता है। मां की कोख रूपी भूमि से विलग होते समय शिशु रोता है कि जिस भूमि में उसे मां की श्वासों से सुकून मिलता था, उससे वह वंचित होने जा रहा है।

सागर की अथाह गहराइयों जैसी होती है मां के हृदय की ममता की गहराइयां। मां की महत्ता पर धर्मग्रंथों से लेकर साहित्य ही नहीं, इतिहास के पन्ने भरे पड़े हैं। मां को 'मातृदेवो भव' कहकर भगवान के रूप में प्रथम स्थान दिया गया है। जब कभी ईश-वंदना होती है, तो 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव... त्वमेव सर्वं मम देवदेव' श्लोक में माता को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य ने 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति' श्लोक अंश में स्पष्ट कर दिया है कि कुपुत्र का होना संभव है, किंतु कहीं भी कुमाता नहीं होती।

धर्मग्रंथों में गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में भगवान राम ने मां की महत्ता का दृष्टांत पेश किया है। जन्म लेते वे चतुर्भुजी नारायण के रूप में मां कौशल्या को ही दर्शन दिया। श्रीराम ने मां को चतुर्भुजी रूप में दर्शन दिया। श्रीराम को जब वनवास दे दिया गया और वे माता कौशल्या को बताने गए, 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू, जहं सब भांति मोर बड़ काजू' तो माता कौशल्या ने 'जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता, जौं पितु मातु कहेऊ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' चौपाई में माता कौशल्या ने कहा कि माता को बड़ी जानकर वन मत जाओ, लेकिन जब माता-पिता दोनों वन जाने को कहें तो वह तुम्हारे लिए वन सैकड़ों अयोध्या के समान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजस्थान में गेहूं की खेती क्यों बनती जा रही महंगा सौदा

राजस्थान में गेहूं पैदा करना अब किसानों के लिए लगातार महंगा सौदा बन गया है। हालात ऐसे हैं कि एक तरफ खेती की लागत तेजी से बढ़ रही है और दूसरी तरफ किसानों की बचत उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रही। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के विपणन अनुमान 2025 के आंकड़ों से इस समस्या की गंभीरता साफ दिखाई देती है। बड़ा सवाल है कि निरंतर बढ़ती लागत को किसान कैसे और कब तक झेल पाएंगे?



आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में एक क्विंटल गेहूं पैदा करने की लागत करीब 1488 रुपये तक पहुंच चुकी है। वहीं पंजाब में यही लागत लगभग 905 रुपये है। यानी राजस्थान का किसान पंजाब के किसान की तुलना में करीब 64 प्रतिशत ज्यादा खर्च करके गेहूं उगा रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि उन मुश्किल परिस्थितियों की हकीकत है, जिसे झेल कर राजस्थान का किसान खेती कर रहा है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

देश में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी सभी राज्यों के लिए एक समान तय किया जाता है। इस साल गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। सुनने में यह व्यवस्था बराबरी वाली लगती है, लेकिन समस्या इसलिए पैदा होती है, क्योंकि खेती की लागत हर राज्य में अलग-अलग है। पंजाब और हरियाणा में बेहतर सिंचाई व्यवस्था, मजबूत कृषि ढांचा और ज्यादा उत्पादन होने के कारण किसानों की लागत अपेक्षाकृत कम रहती है। वहीं राजस्थान का किसान कम पानी, महंगी सिंचाई और बढ़ती मजदूरी के बीच खेती करने को मजबूर है। ऐसे में समान एमएसपी होने के बावजूद उसकी वास्तविक बचत काफी कम रह जाती है।

राजस्थान में पानी की कमी खेती की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई इलाकों में किसान पूरी तरह ट्यूबवेल और भूमिगत जल पर निर्भर हैं। भूजल लगातार नीचे जा रहा है और सिंचाई के लिए बिजली तथा डीजल पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। गेहूं को समय पर और कई बार सिंचाई चाहिए, बिजली और डीजल के खर्च के कारण यह सिंचाई स्वाभाविक रूप से यहां ज्यादा महंगी पड़ती है। इसके मुकाबले पंजाब में वर्षों से नहरों और भूजल आधारित सिंचाई का मजबूत नेटवर्क किसानों को राहत देता रहा है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के ज्यादातर इलाकों में नहरों का जाल बिछा हुआ है, लेकिन यहां भी फसलों की जरूरत के समय नहर बंदी समस्या पैदा करती है।

खेती की लागत बढ़ने में मजदूरी भी बड़ा कारण बन रही है। पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में कृषि मजदूरी तेजी से बढ़ी है। गांवों से मजदूरों का शहरों की ओर पलायन बढ़ने के कारण खेती के समय मजदूर आसानी से उपलब्ध नहीं होते। मजबूरन, किसानों को ज्यादा दिहाड़ी देकर मजदूर बुलाने पड़ते हैं। छोटे किसानों के लिए यह खर्च और ज्यादा भारी साबित होता है। मशीनों का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य कृषि उपकरणों का किराया पहले की तुलना में काफी महंगा हो चुका है। डीजल के बढ़ते दामों ने इस बोझ को और बढ़ा दिया है। जिन किसानों के पास कम जमीन है, उनके लिए मशीनों की लागत उत्पादन के अनुपात में और ज्यादा पड़ती है।

यही वजह है कि सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि सरसों, चना और जौ जैसी फसलों की लागत भी लगातार ऊपर जा रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना शुरू किया है। यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, क्योंकि इससे किसानों को कुछ आर्थिक सहारा मिलता है, लेकिन जिस तेजी से खेती की लागत बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह राहत कम ही है। कई किसानों का मानना है कि सरकार को बोनस राशि बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक राहत मिल सके। केवल बोनस से समस्या का पूरा समाधान संभव नहीं है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# 89,766 ने दी प्रवक्ता परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रवक्ता संवर्ग के अंतर्गत कुल 18 विषयों की लिखित परीक्षा के क्रम में शनिवार को प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में कुल 9 विषयों की परीक्षा प्रदेश के 17 जनपदों (मंडल मुख्यालयों) में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक कराई गई।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक 278 परीक्षा केंद्रों पर

**• परीक्षा केंद्रों पर एआई कैमरों से रखी गई नजर**

भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:30 बजे से 4:30 बजे तक 269 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की गई। इस दौरान आयोग के सदस्य, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः पारदर्शी, नकलविहीन, सुचितापूर्ण, निर्विघ्न एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न हुई। लिखित परीक्षा में कुल 89,766 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही।

# अयोध्या में जल जीवन मिशन का पहला स्किल सेंटर स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और स्थानीय स्तर पर दक्ष तकनीकी कार्यबल तैयार करने के लिए अयोध्या में प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया गया है। यहां अब तक 550 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर विभिन्न पेयजल योजनाओं में तैनात किया गया है।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने यह केंद्र अयोध्या के रुदौली

**• महिलाएं भी बनीं पंप ऑपरेटर स्थानीय स्तर पर तैयार हो रहा दक्ष तकनीकी कार्यबल**

विकासखंड स्थित मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में स्थापित किया है। सक्रिय जलापूर्ति योजना के बीच संचालित इस केंद्र में प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव भी मिल रहा है।

**22 बैच में 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित :** केंद्र में फिटर, प्लंबर, मिस्त्री और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 22 प्रशिक्षण बैच पूरे हो



चुके हैं, जिनमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल रहे। कुल 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित हो चुके हैं, जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं। प्रशिक्षित कारीगरों की सेवाएं अयोध्या के अलावा सुल्तानपुर और देवरिया की जल जीवन मिशन परियोजनाओं में भी ली जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण के बाद पाइप

### बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम, स्थानीय को लाभ

स्थानीय प्रशिक्षित कार्यबल की उपलब्धता से बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम हुई है तथा परियोजनाओं की गति तेज हुई है। उचित संस्थापन और गुणवत्तापूर्ण कार्य से रखरखाव लागत में कमी, परिसंपत्तियों के जीवनकाल में वृद्धि और जलापूर्ति प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ रही है, जो मिशन के मूल उद्देश्य "हर घर नल से जल" को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

जॉइंटिंग में मानकीकरण से रिसाव की घटनाएं कम हुई हैं, निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर हुई है और सुरक्षा मानकों का पालन बढ़ा है।

**प्रशिक्षित होकर 10 महिलाएं पंप ऑपरेटर के रूप में दे रही सेवाएं :** केंद्र की एक खास उपलब्धि महिला भागीदारी है। अब तक 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर अयोध्या की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया जा चुका है। ये महिला ऑपरेटर अपने गांवों में जलापूर्ति प्रणाली का कुशल संचालन कर रही हैं। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए तकनीकी रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश में बनेंगे 165 पांटून पुल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 165 नए पांटून पुल मंजूर किए गए हैं। ये पुल यातायात की सुविधा के लिए विभिन्न नदियों पर बनाए जाएंगे। इनके निर्माण पर 52.70 करोड़ रुपये लागत आएगी। पांटून पुल नदियों को पार करने की अपेक्षाकृत सुरक्षित अस्थाई व्यवस्था होती है, जो सिर्फ मानसून सीजन में हटा ली जाती है। ये पुल उन स्थानों पर बनाए जाते हैं, जहां पक्के पुलों का अभाव है। ये पांटून पुल आगरा, अलीगढ़, अमेठी, औरैया, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फर्रुखाबाद, इटावा, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई और कुशीनगर में बनाए जाएंगे। इसके अलावा लखीमपुर खीरी, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कौशाम्बी, वाराणसी जिलों में भी बनाए जाएंगे। शासन ने इन कार्यों को चालू वित्त वर्ष में ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### एक करोड़ कीमत की अवैध हेरोइन बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हरियाणा के सहयोग से एएनटीएफ यूनिट सहारनपुर की टीम ने करनाल के सदर थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 454 ग्राम अवैध हेरोइन व एक मोबाइल फोन मिला है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये के करीब बताई जा रही है। एएनटीएफ सहारनपुर के उपनिरीक्षक नवीन कुमार के बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सहारनपुर जिले के गागलहेडी थाना क्षेत्र स्थित बुढा खेड़ा गांव निवासी वंश यादव पुत्र सुनील यादव बताया।

### अल्पसंख्यक छात्रों के लिए शुरू होगी दंत स्वास्थ्य योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग प्रदेश के अल्पसंख्यक और मदरसा छात्रों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नई पहल करने जा रहा है। विभाग ने कोलगेट-पामोलिव कंपनी के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत विशेष कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मदरसा और अल्पसंख्यक छात्रों के बीच मुख स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नियमित दंत परीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। योजना के तहत छात्रों को नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य किट दी जाएंगी, जिनमें टूथब्रश, टूथपेस्ट और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल होगी। साथ ही समय-समय पर दंत परीक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना ढाई घंटे होने लगी बिजली कटौती

## यूपीपीसीएल ने सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों के लिए जारी किया आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली संकट को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर सामने आया है। उप्र. पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों में प्रतिदिन 2. 30 घंटे की नियोजित बिजली कटौती का आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। यूपीपीसीएल के आंतरिक आदेश ने राज्य सरकार के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अधीक्षण अभियंता (प्रणाली नियंत्रण), लखनऊ द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटौती सुबह और दोपहर, दो चरणों में की जाएगी। प्रदेश के अलग-अलग एरिया लोड डिस्पैच सेंटर (एएलडीसी), लखनऊ, पनकी, सारनाथ और मोदीपुरम अंतर्गत आने वाले जिलों के लिए अलग-अलग समय-सारिणी जारी की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, व्यापारियों और आम



### ग्रिड सुरक्षा के तहत लिया गया फैसला

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सेंट्रल इलेक्ट्रिकसिटी रेगुलरट्री कमीशन) के दिशा-निर्देशों और ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जरूरत पड़ने पर प्रणाली नियंत्रण को अतिरिक्त कटौती करने का अधिकार भी दिया गया है।

उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर इस नियोजित कटौती को उपभोक्ताओं से लाइन फॉल्ट या तकनीकी खराबी बताकर छिपाया जा रहा है। आदेश से यह साफ हो गया है कि मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कटौती का सहारा लिया जा रहा है।

**एएलडीसी लखनऊ :** एएलडीसी लखनऊ अंतर्गत 19 जिलों में आंबेडकर नगर, बहराइच, बाराबंकी, बदांयू, गोंडा, लखीमपुरखीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, अमेठी, बलरामपुर, बरेली, अयोध्या, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती और सुल्तानपुर की तहसीलों में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक, दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक व दोपहर में 2 बजे से 3.15 बजे तक तक कटौती जारी रहेगी।

**एएलडीसी सारनाथ :** एएलडीसी सारनाथ अंतर्गत 21 जिलों में प्रयागराज, बलिया, भदोही, देवरिया, गाजीपुर, वाराणसी, कुशीनगर, मऊ, संतकबीर नगर, सोनभद्र, आजमगढ़, बस्ती, चंदौली, फतेहपुर, गोरखपुर, कौशांबी, महाराजगंज, मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर और प्रतापगढ़ जिले शामिल हैं, इनकी तहसीलों में सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक और दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक कटौती की जा रही है, साथ ही नगर पंचायतों में सुबह 5.45 से 6.45 बजे तक और दोपहर में 1.15 से 2.45 बजे तक कटौती जारी रहेगी।

**एएलडीसी पनकी :** आदेश में एएलडीसी पनकी अंतर्गत 21 जिलों में आगरा, अलीगंढ़, औरैया, चित्रकूट, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, झांसी, कासगंज, महोबा, मथुरा, कानपुर, बांदा, एटा, फर्रूखाबाद, हमीरपरु, जालौन, कानपुर देहात, ललितपुर, मैनपुरी, कन्नौज में सुबह 6.15 से 7.45 बजे तक और दोपहर में 3.30 से 4.30 बजे तक कटौती रहेगी, नगर पंचायत में सुबह सात से आठ बजे तक और दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक रोजाना कटौती की जाएगी।

**एएलडीसी मोदीपुरम :** इसके अलावा मोदीपुरम अंतर्गत 6 जिले, अमरोहा, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, संभल और मुरादाबाद की तहसीलों में सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक, दोपहर में 3 बजे से 4 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6.45 से 7.45 तक, दोपहर में 2.45 से 4.15 बजे तक कटौती की जाएगी।

# बैडमिंटन की तरह युवा अपने सपनों को भी टूटने न दें : योगी

## अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों से कहा कि जैसे बैडमिंटन में खिलाड़ी शटल को जमीन पर नहीं गिरने देते, उसी तरह जीवन में अपने सपनों और हौसलों को भी टूटने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता, संघर्ष और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की सीख देता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी में द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता (बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस) 2025-26 का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, बैडमिंटन खेला और प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 1,400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**2017 से पहले उपेक्षित थे खिलाड़ीः** योगी आदित्यनाथ ने



प्रतियोगित के उद्घाटन मौके पर बैडमिंटन में हाथ आजमाते मुख्यमंत्री योगी।

कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में खेल सुविधाएं सीमित थीं और खिलाड़ी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर रहते थे। अब राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। खेल कोटे के तहत नौकरियों में दो प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 534 खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से यूपी पुलिस और अन्य विभागों में नियुक्ति दी जा चुकी है, जबकि 546 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2021 से अब तक 334 खिलाड़ियों को पदोन्नति दी गई है।

# ऊर्जा क्षेत्र में यूपी की बनी नई पहचान

## ऊर्जा मंत्री बोले- पीक पावर सप्लाई में देश में पहले स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, जिससे प्रदेश देश के प्रमुख ऊर्जा केंद्रों में शामिल हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले छह वर्षों से बिजली दरों में वृद्धि नहीं की गई है। किसानों को निःशुल्क बिजली सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 489 यूनिट थी,

**• बिजली उत्पादन और वितरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि**



ऊर्जा मंत्री एके सिंह।

जो अब बढ़कर 630 यूनिट तक पहुंच गई है। इसी अवधि में प्रदेश की औसत पीक डिमांड लगभग 13,000 मेगावाट से बढ़कर 30,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष अधिकतम 31,468 मेगावाट और इस वर्ष 28 अप्रैल को 29,475 मेगावाट की मांग की सफलतापूर्वक आपूर्ति की

### तापीय उत्पादन क्षमता हुई दोगुनी

मंत्री एके शर्मा के अनुसार, वर्ष 2017 में प्रदेश की अधिकतम तापीय विद्युत उत्पादन क्षमता 5,160 मेगावाट थी, जो अब बढ़कर 9,120 मेगावाट हो गई है। घाटमपुर परियोजना की 660 मेगावाट इकाई शीघ्र शुरू होने वाली है। इसके अलावा ओबरा-डी, अनपरा-ई, मेजा और मिर्जापुर परियोजनाओं के माध्यम से 10,600 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जा रही है।

गई। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित प्रबंधन से बिलिंग त्रुटियों में कमी आई है और उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

# राजस्व सरप्लस राज्य बना यूपी: आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से शनिवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित उच्चस्तरीय ''मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) कॉन्क्लेव'' में देश के दिग्गज कंपनियों के 175 से अधिक सीएफओ और सीएक्सओ शामिल हुए। इनमें से कई शीर्ष अधिकारी पहली बार लखनऊ पहुंचे थे, जिन्होंने राज्य के अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर और नए औद्योगिक परिदृश्य को सराहा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने "राजकोषीय अनुशासन, तीव्र विकासः राज्य की बैलेंस शीट से कॉर्पोरेट फाइनेंस क्या सीख सकता है" विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश



सीएफओ कान्क्लेव में उपस्थित कंपनियों के सीएफओ और प्रदेश के अधिकारी।

आज राजस्व सरप्लस राज्य है। राज्य में तेजी से विकसित हो रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश-अनुकूल वातावरण और प्रभावी सुधार औद्योगिक विकास को नई गति दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में शामिल लगभग 90 प्रतिशत सीएफओ पहली बार लखनऊ आए थे, जबकि कई प्रतिनिधि एक दशक बाद शहर पहुंचे। सभी ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, शहरी विकास और उद्योग-अनुकूल माहौल में आए व्यापक बदलाव पर आश्चर्य व्यक्त किया, जिसने उत्तर प्रदेश को लेकर उनकी सोच को सकारात्मक रूप से बदल दिया।

प्रमुख सचिव, नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन आलोक

## सीएफओ कॉन्क्लेव

**• इंफ्रास्ट्रक्चर और नीति सुधारों से प्रदेश बना निवेशकों की पसंद**

कुमार ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की रणनीति साझा की। उन्होंने बड़े पैमाने पर विकास, निवेश संवर्धन, नवाचार और प्रस्तावित लखनऊ एआई सिटी जैसी नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने उत्तर प्रदेश को घरेलू और वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बताया। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के चलते उत्तर प्रदेश को बीआरएपी के तहत 'टॉप अचीवर' श्रेणी में है।

# 'संध्या संवाद' की शुरुआत, विशेष शिविर लगाकर मंडलायुक्त ने सुनी समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के देवीपाटन मंडल में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'संध्या संवाद' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसकी शुरुआत श्रावस्ती जिले की ग्राम पंचायत टेंडवा महंथ से की गई, जहां मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने खुली चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्राम पंचायत में आयोजित विशेष शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को मौके पर लाभ उपलब्ध कराया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'संध्या संवाद' का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को सीधे गांवों तक पहुंचाना और शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत करना है। श्रावस्ती दौरे के दौरान मंडलायुक्त ने जनसुनवाई कर कई शिकायतों के तत्काल समाधान के निर्देश दिए। साथ ही संभावित बाढ़ को देखते हुए राहत और बचाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं और पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

# बिना शोधित कोई नाला नदियों में न जाए : जलशक्ति मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा जल निगम (ग्रामीण) सभागार में की।

जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे परियोजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नाला बिना शोधित हुए नदियों में न जाए। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# मल्टीलेयर चुनाव माफिया से है लड़ाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए समाजवादियों को मल्टीलेयर चुनाव माफियाओं से लड़ना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में कई स्तरों पर चुनाव माफिया सक्रिय हैं और संवैधानिक संस्थाओं की साख बचाने के लिए सभी को मिलकर मुकाबला करना होगा।

सपा प्रमुख पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नकारात्मक और समाज में दरार पैदा करने वाली पार्टी है। सपा की मांग है कि जब अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों में बैलेट पेपर से मतदान होता



प्रेस कांफ्रेंस करते अखिलेश यादव।

है तो भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए और वोटों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी मतदाता सूची में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा वोट के साथ जनता के अधिकार भी छीन रही है।

### अखिलेश बोले- मुख्यमंत्री की शक्ति का हो रहा 'कटाव'

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं पर तंज कसते हुए कहा कि 'दिल्ली से पर्ची आ गई क्या?' उनके इस बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। शनिवार शाम को सोशल मीडिया एक्स पर सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री की शक्ति का 'कटाव-झटाव'' हो रहा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिनका मंत्रिमंडल है, उनसे भी पूछ लो। साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष की अगल-बगल की जोड़ी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि रील बनाएंगे या कुछ भला-चंगा भी होगा?

# फार्मर रजिस्ट्री में 2.23 करोड़ का पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत अब तक 2.23 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। यह केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 77.43 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने शेष किसानों का पंजीकरण 6 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 5 नवंबर 2024 से शुरू हुए अभियान के तहत 9 मई तक 2,23,54,644 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि करीब 65.15 लाख किसानों का पंजीकरण अभी शेष है।

**उपलब्धि** | प्रदेश में गर्भवती महिलाओं तक औसतन 7 मिनट में पहुंच रही मदद

# 102 एंबुलेंस सेवा से मातृ मृत्यु दर में कमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में 102 एंबुलेंस सेवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सेवा के सुदृढ़ होने से प्रदेश में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) के मुताबिक, वर्ष 2015-17 में उत्तर प्रदेश का मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रति एक लाख जीवित जन्म था, जो वर्ष 2021-23 में घटकर 141 रह गया।

**• रोज 40 हजार से अधिक जच्चा बच्चा हो रहे लाभान्वित**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष के अनुसार, प्रदेश में वर्तमान में 102 सेवा के तहत 2,270 एंबुलेंस संचालित हैं। इनके माध्यम से औसतन प्रतिदिन 40,524 गर्भवती महिलाओं और नवजातों को अस्पताल पहुंचाने तथा अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस का औसत रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट 6 सेकंड रह गया है, जबकि वर्ष 2016 में यह 11 मिनट 28

### रिस्पांस टाइम सबसे कम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि 102 सेवा के बेहतर संचालन से गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश का 7 मिनट 6 सेकंड का रिस्पांस टाइम देश में सबसे कम है। तुलना में राजस्थान का औसत समय 7 मिनट 57 सेकंड और केरल का 10 मिनट 45 सेकंड है।

सेकंड था। कोविड काल के दौरान 2020 और 2021 में यह समय बढ़ा, लेकिन बाद में इसमें तेजी से सुधार हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर नई एंबुलेंस शामिल की गईं। वर्ष 2019 और 2023 में कुल 2,228 पुरानी एंबुलेंस बदली गईं, जबकि सेवा विस्तार के लिए 306 अतिरिक्त एंबुलेंस जोड़ी गईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण तथा एंबुलेंस सेवा की बेहतर निगरानी के कारण गर्भवती महिलाओं को आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल रही है, जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिला है।

## एचएमएसआई ने मोटरसाइकिलें वापस मंगाईं

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिलों की स्वैच्छिक रूप से वापसी की घोषणा की है। यह कदम फ्यूल पाइप फिट करने के तरीके सहित दो तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए उठाया गया है।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 10 मई 2026
www.amritvichar.com



# भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में आईटीसी

अजय दयाल, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बीते साल मार्च में आईटीसी लिमिटेड ने आदित्य बिरला रियल एस्टेट लिमिटेड के अंतर्गत आने वाली लालकुआं (उत्तराखंड) स्थित सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण किया। यह सौदा लगभग लगभग 3,500 करोड़ रुपये में किया गया है। हालांकि अधिग्रहण की औपचारिकताएं अगले माह तक पूरा होने की प्रक्रिया में है। आईटीसी की मौजूदा चारों पेपर इकाइयां दक्षिण भारत (तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) और पश्चिम बंगाल में हैं। लालकुआं मिल के जरिए अब उत्तर में उनकी सीधी पहुंच और पकड़ मजबूत होगी।

सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा लगभग 32 वर्षों से यहां सेवाएं दे रहे हैं। बीते साल ही वह वाइस प्रेसिडेंट बने। पदोन्नति से पूर्व नरेश चन्द्रा बतौर वरिष्ठ महाप्रबन्धक, मिल की सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, जल प्रबन्धन व सामाजिक दायित्व जैसे विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे। सेंचुरी की रणनीति, मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भविष्य को लेकर उनसे 'अमृत विचार' की लंबी बातचीत हुई। **पेश इस बातचीत के कुछ अंश-**



सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा से खास बातचीत

**सवाल:** प्लास्टिक को पर्यावरण का सबसे बड़ा खतरा बताया जाता है। कागज इंडस्ट्री के पास क्या इसका विकल्प है?

**जवाब:** फिलहाल हम भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में हैं। जहां तक सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के प्रयोग की बात है तो इसपर अंकुश लगाने की पहल हर नागरिक को करनी होगी। कुछ देशों में सख्त कानून व जुर्माना है, यह नौबत न आए इसके लिए हमें अपने आचरण को बदलना ही होगा।

**सवाल:** ऐसा नहीं लगता कि हमारे पास पॉलिथीन जैसा सस्ता का विकल्प नहीं है?

**जवाब:** हां, कह सकते हैं कि अभी हमारे पास पॉलीथिन जैसा सस्ता पर्यावरण अनूकूल विकल्प नहीं है। लेकिन मोबाइल को हाथ में लेकर चलने की ही तरह हम झोला हाथ में लेकर चलने को आदत क्यों नहीं बना सकते।

**सवाल:** फिर ग्रीन पैकिजिंग से क्या है?

**जवाब:** पर्यावरण नियमों और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के कारण कागज आधारित टिकाऊ पैकेजिंग की मांग बढ़ रही है। हम ई-कॉमर्स, फार्मा, और फूड डिलीवरी जैसे क्षेत्रों के लिए ईको-फ्रेंडली पैकेजिंग समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारी आईटीसी नेक्स्ट रणनीति के तहत होगा।

**सवाल:** क्या इसके लिए कोई लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है?

**जवाब:** कंपनी का लक्ष्य 2028 तक अपनी 100 प्रतिशत पैकेजिंग को रिसाइकिल या कंपोस्टेबल बनाना है। साथ ही, पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय में तेजी से विस्तार करने का इरादा है।

**सवाल:** एक ओर पेपर लेस कल्चर को बढ़ावा, दूसरी ओर पेपर इंडस्ट्री को बूस्ट करने की योजना है, कैसे संभव है?

**जवाब:** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मुख्य रूप से राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर, कॉपियर पेपर, टिशू पेपर और पैकेजिंग बोर्ड्स का निर्माण करता है। आने वाले समय हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

**सवाल:** सबसे बड़ी चुनौती क्या है?

**जवाब:** स्वाभाविक है लकड़ी आधारित अन्य उद्योग हमारे सामने चुनौती हैं। उदाहरण के तौर पर कागज व रेडीमेड फर्नीचर दोनों ही उद्योगों में रॉ मैटेरियल यानि उपयोग किए जाने वाले पेड़ों (लकड़ियों) की मांग है। कागज उद्योग मुख्य रूप से जिन वृक्षों पर निर्भर है। फर्नीचर उद्योग द्वारा इन लकड़ियों की सीधी खरीद ने कागज मिलों के लिए कई संकट पैदा कर दिए हैं।

**सवाल:** बगास (गन्ने की खोई) का उपयोग तो आप बेहतर कर रहे हैं लेकिन क्या पराली का भी सदुपयोग है?

**जवाब:** हमने प्रयास किया लेकिन पराली से परिणाम नहीं मिल सके। इससे कागज का निर्माण करने में सर्वाधिक उपयोगी गोंद की कमी रही।

**सवाल:** सेचुरी पेपर के बिजनेस का भविष्य क्या है?

**जवाब :** हमारा इरादा पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय से पीछे हटने का नहीं, बल्कि इसमें तेजी से विस्तार करने का है। हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

## 2015 से अब तक 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजीजीबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) ने अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है। सीतारमण ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक सस्ती वित्तीय सुरक्षा पहुंचाना है। ये तीनों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नौ मई 2015 को शुरू की गई थीं। बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 27 करोड़, 58 करोड़ और 9 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं।

### बिजनेस ब्रीफ

## सैमसंग ने शुरू किया नवाचार और शिक्षा का पांचवां संस्करण

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने शुक्रवार को भारत में अपने प्रमुख नवाचार और शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो' के पांचवें संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को दो करोड़ रुपये तक का 'इनक्यूबेशन' अनुदान दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचारों को आगे विकसित कर सकें। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये तथा उसके बाद शीर्ष 40 टीमों को आठ लाख रुपये, सैमसंग के उपकरण और मेंटरशिप सहायता दी जाएगी।

## हिमाचल में चेरी की खरीद शुरू करेगा अडानी एग्री फ्रेश

**लखनऊ।** अडानी इंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को स्टोन फ्रूट श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि वह अब हिमाचल प्रदेश में चेरी तथा दूसरे स्टोन फ्रूट की खरीद शुरू करने की योजना बना रही है। इससे फलों की स्टोरेज अवधि बेहतर होगी, किसानों को बड़े बाजार मिलेंगे और उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा। हिमाचल में एएएफएल के छह जगहों पर मौजूद कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोरेज सुविधाओं को अब चेरी के भंडारण और वितरण के लिए आधुनिक बनाया गया है।

## यूरोपीय मूल्यों के अनुरूप है पीएम मोदी का संदेश -ईयू राजदूत

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है तथा दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। डेल्फिन ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान के साथ गहराई से मेल खाता है। उन्होंने करीब साढ़े तीन महीने पहले आयोजित भारत-ईयू शिखर सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताय। कहा- प्रतीकात्मकता, सार्थकता और रणनीतिक महत्व के मेल से ऐतिहासिक परिणाम सामने आए। यह उपलब्धियां दोनों पक्षों के नेताओं के बीच राजनीतिक विश्वास और प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं थीं।

## पांडा ने संभाला सेल के कोएमडी का पदभार

**नई दिल्ली।** डॉ. अशोक कुमार पांडा ने शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। इससे पहले कंपनी में निदेशक (वित्त) पद पर थे और लगभग नौ महीनों तक निदेशक (वाणिज्य) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाले हुए थे।

# श्रम सुधार: लागू हुआ चार नई संहिताओं वाला कानून

## पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद सरकार ने जारी की अधिसूचना

नयी दिल्ली, एजेंसी

पांच साल से अधिक के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू कर दिया है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा तय करना है।

चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता, 2020 शामिल हैं।

ये सभी 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गई थीं। इन संहिताओं को 29 मौजूदा श्रम कानूनों को एकीकृत कर एक सरल और आधुनिक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन चारों संहिताओं के तहत नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है और इसके साथ ही इनके पूर्ण क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को कानून बन गई थीं, लेकिन नियमों के अभाव में कुछ प्रावधान स्पष्ट नहीं हो पाए थे। मसौदा नियम 30 दिसंबर, 2025 को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए जारी किए गए थे, जिन्हें विधिक जांच के बाद अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया गया।

इन नियमों का प्रकाशन संहिताओं को पूरी तरह लागू करने के लिए आवश्यक था। चार संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को समेटने का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही जटिलताओं को दूर करना और प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना है।

इसका उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता बढ़ाना, रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना तथा प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



**ये हैं चार नई संहिता**

1- वेतन संहिता-2019
2- औद्योगिक संबंध संहिता 2020
3-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और
4-व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता 2020

## आरबीआई अफसरों ने की गवर्नर से पदोन्नति नीति में सुधार को हस्तक्षेप की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है।

आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

## गुजरात ने विकसित किया 870 मेगावाट बैटरी भंडारण नेटवर्क

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए राज्य में पांच स्थानों पर कुल 870 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की शुरुआत की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली को संग्रहित करने के लिए जरूरी मानी जाती है। इससे अतिरिक्त बिजली भार का प्रबंधन करने और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात ने अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में अतिरिक्त बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए 13 परियोजनाएं भी पंजीकृत की हैं।

निवेश की पाठशाला

## अटल पेंशन योजना : हर माह 210 करें निवेश, 5000 पेंशन

कारोबार डेस्क

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को आज यानी 9 मई को 11 साल पूरे हो गए हैं। मोदी सरकार ने यह योजना मई 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत निवेश करने वाले व्यक्ति को 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए तक की पेंशन मिलती है। बस, आपको न्यूनतम राशि निवेश करनी होती है। यहां हम आपको अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इससे जुड़कर आप लाभान्वित हो सकें-




### टैक्सपेयर को नहीं मिलता लाभ

वास्तव में अटल पेंशन योजना टैक्सपेयर्स के लिए नहीं है। अर्थात यदि आप इनकम टैक्स चुकाते हैं तो इस योजना में अकाउंट नहीं खोल सकेंगे। सरकार ने ये नियम पहली अक्टूबर 2022 से लागू किया है। इसमें 18 लेकर 40 तक आयु के व्यक्ति के लिए निवेश और पेंशन की जानकारी इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पेंशन के हिसाब से तय होगी निवेश की धनराशि

- यदि आपकी आयु 18 वर्ष है तो आपको कितनी राशि का निवेश करना होगा, यह इस पर निर्भर करेगा कि कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए आपको 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा।
- यदि कोई सब्स्क्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा।

### कितने पैसे जमा करने पर मिलेगी कितनी पेंशन?

- अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 84 रुपए जमा करने पर 2000 रुपए पेंशन।
- 126 रुपए जमा करने पर 3000 रुपए पेंशन।
- 168 रुपए जमा करने पर 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 210 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 582 रुपए जमा करे, तो 2000 रुपए पेंशन।
- 873 रुपए जमा करे, तो 3000 रुपए पेंशन।
- 1164 रुपए जमा करे, तो 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 1454 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर उसे हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

### अपनी सुविधा के हिसाब से दे सकते हैं किस्त

- इस योजना के तहत इन्वेस्टर्स मंथली, क्वाटरली या सेमी-एनुअल यानी 6 माह की अवधि में निवेश कर सकते हैं। कॉन्ट्रीब्यूशन ऑटो-डेबिट हो जाएगा, यानी आपके अकाउंट से तय राशि अपने आप कट जाएगी और आपके पेंशन खाते में जमा हो जाएगी।

### ग्राहक की मृत्यु के बाद जीवनसाथी को मिलेगी पेंशन

- सब्सक्राइबर यानि योजना में नामित व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके स्पाउस (जीवनसाथी) को समान पेंशन का भुगतान किया जाएगा और सबस्क्राइबर और स्पाउस दोनों के निधन पर 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी।
- वहीं 60 साल से पहले ग्राहक की मृत्यु होने पर उसका जीवनसाथी (एपीवाई) खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक के पति या पत्नी को वही पेंशन मिलेगी जो ग्राहक को मिलनी थी। अगर वो चाहे तो ऐसा न करके खाते में जमा पूरा पैसा निकाल भी सकता है।

## उद्योग जगत को उम्मीद- पश्चिम बंगाल में वृद्धि को गति देंगे अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

- **उद्योग जगत के दिग्गजों ने मुख्यमंत्री बनने पर दी शुभेंदु अधिकारी को बधाई**

उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य में विकास और वृद्धि के नए दौर की उम्मीद जताई। आरपीजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राज्य को शुभेंदु अधिकारी से काफी उम्मीदें हैं। गोयनका ने कहा कि उनका पश्चिम बंगाल से भावनात्मक जुड़ाव है और वह राज्य के विकास में हरसंभव योगदान देने के इच्छुक हैं।

आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी शुभेंदु अधिकारी और नवगठित मंत्रिपरिषद को शुभकामनाएं दीं। पुरी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में राज्य वृद्धि और समृद्धि के नए दौर का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र का विकसित भारत का दृष्टिकोण राज्य की प्रगति के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कोलकाता मुख्यालय वाले एक भारतीय समूह के रूप में आईटीसी पिछले एक सदी से अधिक समय से राज्य से जुड़ा हुआ है। कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अपनी बढ़ती मौजूदगी के जरिए कंपनी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने शपथ ग्रहण को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं बल्कि बंगाल की प्रगति, समृद्धि, स्थिरता और नए विश्वास की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। चुनावी जनादेश उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने विकास, पारदर्शी शासन, औद्योगिक पुनरुत्थान, रोजगार सृजन और सामाजिक सौहार्द पर आधारित भविष्य में विश्वास जताया है।



# हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्तिः न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- **मृतक ने बसीयत बनाई हो या नहीं, ये प्रतिबंध लागू रहेगा**

उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जो व्यक्ति किसी की हत्या करता है या हत्या में मदद करता है, तो उसे मृतक की संपत्ति पर अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि कानून ऐसे व्यक्ति को विरासत पाने से रोकता है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति पर हत्या करने या हत्या के लिए उकसाने का आरोप है, तो वह मृतक की संपत्ति नहीं पा सकता। यह तब भी लागू होगा जब मृतक ने वसीयत नहीं छोड़ी हो और तब भी, जब वसीयत बनाई हो।

मुकदमा जारी रहने पर भी यह रोक लागू रहेगी। बिना वसीयत के उत्तराधिकार व्यक्तिगत कानून के नियमों के अनुसार होता है, जबकि वसीयत के माध्यम से उत्तराधिकार तब लागू होता है, जब संपत्ति एक उत्तराधिकार के माध्यम से दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर उस इंसान की हत्या का आरोप हो, जिसकी संपत्ति में वह हिस्सा मांग रहा है, तो उसे संपत्ति पर अधिकार जताने का हक नहीं मिलेगा।

यह रोक केवल हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के कारण ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और नैतिक समानता के सिद्धांतों के आधार पर भी लागू होती है। यह फैसला कर्नाटकहाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया, जिसमें संपत्ति के उत्तराधिकार से संबंधित बेंगलुरु की सिविल अदालत के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

### सारा जहां हमारा ...



कोलकाता में भाजपा के पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ इस तरह जनता का अभिवादन किया..मानों घोषणा कर रहे हों केवल बंगाल ही नहीं सारा जहां हमारा है।

## कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन : मांगा पुनर्वास नीति और रोजगार पैकेज

**जम्मू, एजेंसी।** घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने शनिवार को जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय को दोबारा घाटी में बसाने के लिए एक व्यापक पुनर्वास नीति तैयार करने और उसे लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने साथ ही प्रधानमंत्री के विशेष पैकेज के तहत 15,000 शिक्षित विस्थापित युवाओं के लिए एक नए रोजगार पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की।

# प्रधानमंत्री मोदी और शाह ने तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा।

'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में मंच के पास भाजपा के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इसी मैदान पर शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने शपथ ली। स्मारक में एक बड़े 'बोर्ड' पर 'शहीदों' के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि! ' उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा-उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है।

### शपथ लेकर शुभेंदु ने की राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद भी उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के संचालन के बारे में भी जानकारी ली और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहें।

## विधानसभा से हटाई गई ममता की कुर्सी नये सीएम शुभेंदु करेंगे दूसरी कुर्सी का उपयोग

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले 15 वर्षों से राज्य विधानसभा में इस्तेमाल की जा रही कुर्सी को राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नेता प्रतिपक्ष के कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है । एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग नहीं करेंगे और मुख्यमंत्री कक्ष में उनके लिए एक अलग कुर्सी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को दिन में अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## खरगे, राहुल ने केरल के कांग्रेस नेताओं संग की चर्चा, सीएम का फैसला 'बहुत जल्द'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और इस संदर्भ में 'बहुत जल्द' अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई बैठक में खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, वी डी सतीशन तथा कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक एवं प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी शामिल हुए। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी नेताओं से एक साथ विचार-विमर्श करने के साथ ही उनसे अलग-अलग भी बात की। वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। दीपा दासमुंशी ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज खरगे जी और राहुल गांधी जी से हमारी लंबी चर्चा हुई... हममें से हर किसी ने खरगे जी और राहुल जी के सामने अपनी बात रखी। हमने व्यक्तिगत रूप से भी बात की और उन्होंने हमें अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आलाकमान द्वारा अंतिम निर्णय किया जाएगा।

# ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय

## अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, समयसीमा के दबाव में काम नहीं करेंगे : ईरान

**दुबई/मनामा, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच प्रस्तावित युद्धविराम पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक वीडियो में लड़ाकू विमानों को उन टैंकरों की चिमनियों और पतवार पर हमला करते दिखाया गया है, जो कथित तौर पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच, एक मालवाहक जहाज पर आग लगने से कम से कम एक नाविक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह जहाज उन्हीं दो टैंकरों में से एक है जिन पर अमेरिका ने हमला करने का दावा किया है।

इस सैन्य कार्रवाई से कुछ घंटे पहले अमेरिकी नौसेना ने अपने तीन पोतों पर हुए हमलों को नाकाम करने और जवाबी कार्रवाई में ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही थी। तनाव के इस माहौल में बहरीन के गृह मंत्रालय ने ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' से जुड़े होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि बहरीन सरकार युद्ध की आड़ में घरेलू राजनीतिक विरोध को दबा रही है।

राजनयिक मोर्चे पर, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा है कि तेहरान अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और वह किसी 'समयसीमा' के दबाव में काम नहीं करेगा। दूसरी ओर, ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने इन दावों को खारिज किया कि सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अस्वस्थ हैं, उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस युद्ध को रोकने की कोशिशें जारी हैं। रूस और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालयों ने एक स्थायी और दीर्घकालिक समझौते के लिए निरंतर राजनयिक प्रयासों का आह्वान किया है। मिस्र और कतर के शीर्ष राजनयिकों ने भी दोहराया है कि केवल कूटनीति के माध्यम से ही इस संकट का समाधान निकाला जा सकता है। ज्ञात हो कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान द्वारा जलमार्ग अवरुद्ध किए जाने के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।



### अगले हफ्ते हो सकती है वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वार्ता फिर शुरू हो सकती है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक महीने की वार्ता प्रक्रिया के लिए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं। इस प्रस्तावित रूपरेखा में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और यूरेनियम भंडार को तीसरे देश में स्थानांतरित करने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है।

## होर्मुज पर नियंत्रण की कोशिशों पर संरा सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाएगा अमेरिका

**रोम।** अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण स्थापित करने की ईरानी कोशिशों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इटली में पत्रकारों से कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग पर ईरान का दावा 'अवैध और अस्वीकार्य' है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान को बारूदी सुरंगें बिछाने या जलमार्ग नियंत्रित करने की अनुमति दी गई, तो यह दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन जाएगी। रुबियो ने स्पष्ट किया कि इस प्रस्ताव के जरिए रूस और चीन की स्थिति भी दुनिया के सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई देश इसे वीटो करता है, तो स्पष्ट हो जाएगा कि समाधान में बाधा कौन है। विदेश मंत्री ने फारस की खाड़ी में फंसी बड़ी मात्रा में मानवीय सहायता को बाहर निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए रुबियो ने कहा कि अभियान समाप्त होने के बावजूद अमेरिका अपने जहाजों पर हमलों का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि हमारे जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल दागे जाएंगे, तो आत्मरक्षा में कदम उठाना अनिवार्य है। ईरान के लिए अमेरिकी 'रेड लाइन' को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि वे अमेरिकियों को धमकी देंगे, तो उन्हें उड़ा दिया जाएगा।

### प्यास बुझ रही है लेकिन शरीर मिनरल्स के लिए तरस रहा

# ये कैसी शुद्धता की सनक

अक्सर हम पड़ोसी या रिश्तेदार के घर नया वाटर प्यूरीफायर देखकर अपने घर में भी आरओ लगवा लेते हैं। लेकिन यह 'स्टेटस सिंबल' आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। क्योंकि वाटर प्यूरीफायर कंपनियों के विज्ञापनों ने आपकी सेहत पर जो 'भ्रम का पर्दा' डाला है, उसे हटाने का वक्त आ गया है। अगर आपका सर्विस इंजीनियर कहता है कि पानी का टीडीएस 30 कर दिया है, अब यह एकदम शुद्ध है,₹ तो संभल जाइए! वह आपके लिए शुद्ध पानी नहीं, बल्कि 'मृत पानी' (Dead Water) तैयार कर रहा है। 'मृत पानी' इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसमें जीवन के लिए जरूरी प्राकृतिक गुण और खनिज खत्म हो चुके होते हैं।






### क्या है 300 का 'मैजिक नंबर'?

- विज्ञान बहुत सीधा है : अगर आपके घर के पानी का टीडीएस 300 से कम है, तो आपको महंगे RO (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम की कोई जरूरत नहीं है।
- डब्लूएचओ का मंत्र : विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि 300 टीडीएस तक का पानी 'एक्सीलेंट' है। इसमें शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम का सही संतुलन होता है।
- आरओ का खेल : आरओ असल में खारे पानी (500+ टीडीएस) के लिए बना था। जब आप इसे 300 से कम वाले पानी पर चलाते हैं, तो यह पानी को इतना निचोड़ देता है कि वह 'डेड वाटर' बन जाता है।

### स्मार्ट चॉइस

### क्या करें?

टीडीएस चेक करें : टीडीएस मीटर लें। अगर रीडिंग 300 से कम है, तो आरओ को 'बाय-बाय' कहें और सिर्फ UV+UF फिल्टर लगाएं। यह कीटाणु मारेगा, मिनरल्स नहीं।

एडजस्ट करवाएं : आरओ मजबूरी है, तो मैकेनिक से कहकर टीडीएस को 150 से अधिक सेट करवाएं।

मिट्टी का घड़ा : शोध यह भी कहते हैं कि फिल्टर किए पानी को मिट्टी के घड़े में रखने से उसका pH लेवल फिर से संतुलित हो जाता है।

डिकोडर बॉटमलाइन : पानी सिर्फ H2O नहीं है, यह खनिजों का खजाना है। इसे इतना साफ मत कीजिए कि यह सिर्फ प्यास बुझाए, शरीर को पोषण देना भूल जाए।

### वैज्ञानिकों की चेतावनी: डेड वाटर का खतरा

- दुनियाभर के शोध, जिसमें चेक गणराज्य का मशहूर अध्ययन और डब्लूएचओ की 'डीमिनरलाइज्ड वाटर' रिपोर्ट शामिल है, एक डरावनी सच्चाई बताते हैं। बहुत कम टीडीएस (30-50) वाला पानी 'प्यास' तो बुझाता है, लेकिन शरीर के साथ 'धोखा' करता है :
- दिल पर वार : शोध बताते हैं कि पानी में मैग्नीशियम की कमी सीधे हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।
- मिनरल्स की चोरी : वैज्ञानिकों ने इसे 'हंग्री वाटर' इसलिए कहा है क्योंकि इसमें खुद के खनिज नहीं होते। जैसे ही यह आपके शरीर में जाता है, यह आपकी हड्डियों और कोशिकाओं से कैल्शियम और मैग्नीशियम 'चुराने' लगता है।
- एसिडिक हमला : कम टीडीएस वाला पानी अम्लीय हो जाता है, जो आपके डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म की धज्जियां उड़ा सकता है।

### एनजीटी का हंटर: कंपनियां चुप क्यों?

एनजीटी ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद कहा था कि टीडीएस 500 से कम है तो आरओ की जरूरत नहीं है। आरओ से सेहत खराब हो रही है, बल्कि 1 लीटर पानी के लिए 3 लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

### पानी में जरूरी मिनरल्स

भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, पानी में इन मिनरल्स का होना आवश्यक है। ● **कैल्शियम** : हड्डियों और दांतों की मजबूती, रक्त के थक्के जमने और मांसपेशियों के कार्य के लिए जरूरी है। ● **मैग्नीशियम** : हृदय स्वास्थ्य, नर्वस सिस्टम के सही संचालन और 300 से अधिक मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। ● **पोटेशियम :** शरीर में तरल पदार्थ का संतुलन बनाए रखने और हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने में मदद करता है। ● **सोडियम :** तंत्रिका संकेतों को भेजने और मांसपेशियों के संकुचन के लिए महत्वपूर्ण है।

● टीडीएस का पूरा नाम Total Dissolved Solids (कुल घुलनशील ठोस पदार्थ) है। यह पानी में घुले हुए सभी अकार्बनिक लवणों और कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा को मापता है।

### वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा: दंपति की हत्या में भारतीय मूल के तीन लोग दोषी

**एबोट्सफोर्ड।** कनाडा की एक अदालत ने मई 2022 में एबोट्सफोर्ड में आर्नोल्ड और जोआन डी जोंग दंपति की हत्या के मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को दोषी करार दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश ब्रेंडा ब्राउन ने शुक्रवार को गुरकरण सिंह, अभिजीत सिंह और खुशवीर तूर को हत्या और लूट का दोषी पाया। दोषियों ने जोंग के घर से क्रेडिट कार्ड, चेक और एक पावर वॉशर चुराने के लिए उनकी हत्या की योजना बनाई थी। अदालत 28 मई को दोषियों को सजा सुनाएगी।

### शेख हसीना ने सुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सुश्री हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और श्री अधिकारी के मुख्यमंत्री पद संभालने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का यह फैसला उनके नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास का प्रमाण है। शेख हसीना ने अपनी और बांग्लादेश की जनता की ओर से नए मुख्यमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### सीबीआई ने पुर्तगाल से गैंगस्टर अभय राणा का प्रत्यर्पण कराया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को पुर्तगाल से वांछित गैंगस्टर अभय राणा उर्फ अभय के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। हरियाणा पुलिस को जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और संगठित अपराध गिरोह चलाने जैसे गंभीर मामलों में राणा की लंबे समय से तलाश थी।सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस जारी किया गया था। इस अभियान के लिए सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय किया। शनिवार को आरोपी को भारत लाया गया, जहां हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की टीम ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

### भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 को

**नई दिल्ली।** भारत 31 मई को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे 'भारत-अफ्रीका फोरम समिट' के दौरान अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश करेगा। इस शिखर सम्मेलन में कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था, व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यह बैठक ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और जलवायु परिवर्तन जैसे साझा हितों पर केंद्रित होगी।

## ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **अमेरिकी सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप**

अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क और उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने वाले संस्थानों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन संस्थानों पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में तकनीकी सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह तस्वीरें प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की तकनीकी सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी वित्त विभाग ने 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जो ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए कच्चा माल और हथियार प्राप्त करने में मदद कर रहे थे। प्रतिबंधित संस्थानों में मुख्य रूप से चीन स्थित कंपनियाँ शामिल हैं। इनमें 'मीनट्रॉपी टेक्नोलॉजी' और 'द अर्थ आई' पर ईरानी सैन्य उपयोग के लिए डेटा उपलब्ध कराने का आरोप है। वहीं, 'चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड' पर आरोप है कि उसने अमेरिकी सैन्य स्थलों की तस्वीरें एकत्र कर पहले से प्रतिबंधित हूतियों को डेटा प्रदान किया था।

यह कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद ईरान की सैन्य आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने के अमेरिकी अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद उठाया गया है।

## रूस ने मनाई विजय दिवस की 81वीं वर्षगांठ

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने शनिवार को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की 81वीं वर्षगांठ 'विजय दिवस' के रूप में मनाई। इस अवसर पर मॉस्को के रेड स्क्वायर में भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया और देशभर में छोटे सैन्य जुलूस निकाले गए। इस युद्ध में जान गंवाने वाले लगभग 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

रूस में यह दिवस हर साल 9 मई को मनाया जाता है, क्योंकि 1945 में जर्मनी के आत्मसमर्पण के समय मॉस्को में 9 मई की तारीख हो चुकी थी। समारोह के दौरान रूस ने दो दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी, हालांकि यूक्रेन ने इसे स्वीकार नहीं किया। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि कीव 9 से 11 मई तक युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है।यूक्रेन संघर्ष के कारण इस वर्ष पश्चिमी देशों में सोवियत प्रतीकों पर प्रतिबंधों का असर भी आयोजनों पर देखने को मिला।

### रूस-यूक्रेन में कैदियों की अदला-बदली पर सहमति

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विजय दिवस के अवसर पर रूस और यूक्रेन के बीच 9 से 11 मई तक तीन दिनों के युद्धविराम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत दोनों देश 'हजार के बदले हजार' के अनुपात में कैदियों की अदला-बदली भी करेंगे, जो चार साल से जारी संघर्ष के दौरान अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि यह समझौता राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता के बाद संभव हुआ है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध में दोनों देश सहयोगी थे। श्री उशाकोव के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन इस प्रक्रिया में यूक्रेन के साथ भी निरंतर संपर्क में था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी पुष्टि की है कि यूक्रेन इस युद्धविराम का पालन करेगा और यह अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे शांति प्रयासों का हिस्सा है।यह घोषणा पिछले कई दिनों से जारी भारी तनाव और एक-दूसरे पर हमलों के आरोपों के बीच हुई है। इससे पहले रूस ने 9 मई के लिए एकतरफा युद्धविराम की बात कही थी, जबकि यूक्रेन का दावा था कि उसने 6 मई से ही व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था जिसे रूस ने नजरअंदाज कर दिया।सुरक्षा कारणों और यूक्रेन द्वारा संभावित हमलों की आशंका के चलते लगभग दो दशकों में पहली बार रूस की विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया गया। अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और मॉस्को व सेंट पीटर्सबर्ग जैसे शहरों में मोबाइल इंटरनेट सुविधाओं पर प्रतिबंध की चेतावनी दी गई है। इस वर्ष रेड स्क्वायर की सैन्य परेड का पैमाना भी काफी छोटा रखा गया है, जिसमें केवल बेलारूस, मलेशिया, लाओस और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के ही शामिल होने की उम्मीद है।

### तपती गर्मी और टाइगर का टशन



**जयपुर।** राजस्थान की मरूधरा पर सूरज इन दिनों आग उगल रहा है और पारा आसमान छू रहा है। जब इंसान बेहाल हैं, तो जंगल के राजा को गर्मी कैसे न सताए? जयपुर के मशहूर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से एक बेहद सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है।पार्क के 'महाराज' यानी हमारे टाइगर को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए वनकर्मियों ने खास इंतज़ाम किया। शनिवार को जब गर्मी अपने शबाब पर थी, तब वन विभाग के एक जांबाज कर्मचारी ने पाइप उठाकर टाइगर को 'शाही स्नान' कराया। ठंडे पानी की फुहारें जैसे ही बाघ के बदन को छुईं, उसकी सारी थकान और गर्मी काफूर हो गई। पार्क प्रशासन का कहना है कि ये 'शाही शॉवर' सिर्फ शौक नहीं, बल्कि ज़रूरत है। ● एजेंसी

## अमेरिका का एच1बी वीजा धारकों को काम पर रखने के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने H-1B वीजा कार्यक्रम के तहत विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन सीमा में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। अमेरिकी श्रम विभाग द्वारा 'अमेरिका में विदेशी नागरिकों के अस्थायी और स्थायी रोजगार के लिए वेतन सुरक्षा में सुधार' शीर्षक से पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य स्थानीय अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और विदेशी कर्मचारियों द्वारा उनके वेतन स्तर को कम करने की संभावना को रोकना है।विभाग के अनुसार, मौजूदा वेतन स्तर लगभग 20 साल पुराने हैं और वर्तमान आर्थिक स्थिति के अनुरूप नहीं हैं।

प्रस्तावित परिवर्तनों का सीधा असर H-1B के साथ-साथ H-1B1, E-3 और PERM श्रम प्रमाणन कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। प्रस्ताव पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहाँ अधिकारी इसे स्थानीय रोजगार सुरक्षा के लिए जरूरी मान रहे हैं, वहीं विरोधियों का कहना है कि वेतन में अचानक इतनी बड़ी वृद्धि से छोटी कंपनियाँ नए और प्रवेश स्तर के कर्मचारियों को नियुक्त नहीं कर पाएंगी। श्रम विभाग ने इस नियम पर 26 मई तक सार्वजनिक सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद प्रतिक्रियाओं की समीक्षा कर अंतिम नियम अधिसूचित किया जाएगा।

### भारत पर संभावित प्रभाव

आईटी कंपनियों पर वित्तीय बोझ : टीसीएस (TCS), इंफोसिस और विप्रो जैसी भारतीय कंपनियों के लिए परिचालन लागत बढ़ जाएगी। चूंकि 70% से अधिक H-1B वीजा भारतीयों को मिलते हैं, इसलिए वेतन में 30-33% की वृद्धि से कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन पर सीधा असर पड़ेगा।

जूनियर पेशेवरों के लिए मुश्किल : प्रवेश स्तर (Level-1) के वेतन में भारी बढ़ोतरी के कारण अब कंपनियां कम अनुभवी इंजीनियरों को अमेरिका भेजने के बजाय अनुभवी पेशेवरों को प्राथमिकता देंगी। इससे नए युवाओं के लिए अमेरिका जाकर काम करने के अवसर कम हो सकते हैं।

ऑफशोरिंग में वृद्धि : उच्च लागत से बचने के लिए अमेरिकी कंपनियां काम को भारत (Offshore) स्थानांतरित कर सकती हैं।

### कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार ट्रांसफर हो सकता है।

**तुला** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे।

**वृष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** — आज आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है।

**धनु** — आज आपके कार्य की गति कुछ धीमी रहेगी। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में परेशानी हो सकती है।

**कर्क** — आज आप नया व्यवसाय आरंभ करने के विचार में हैं। घर में साज-सजावट करेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे।

**सिंह** — आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा।

**कुंभ** — आज क्रोध के कारण संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। शांतचित्त के लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक बातें हावी हो सकती हैं।

**कन्या** — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बच्चों पर अपनी मर्जी को न थोपें। शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**मीन** — आज शुभ कार्यों पर आप अत्यधिक धन खर्च करेंगे। आपकी मनोस्थिति मजबूत रहेगी। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 .06 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-धनिष्ठा 11 मई 00 .50 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### सुडोकू - 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

**उपलब्धि** — डॉ . एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का चीरा सीना

# अग्नि : भारत ने भरी महाशक्ति बनने की उड़ान



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली**

भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और ऊंची छलांग लगाते हुए दुनिया को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया है। शनिवार को रक्षा मंत्रालय ने उस गौरवशाली पल की तस्वीर साझा की, जब डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का सीना चीर दिया।

इस मिसाइल की सबसे बड़ी खूबी इसका MIRV (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल) सिस्टम है। आसान भाषा में कहें तो यह एक ऐसी 'स्मार्ट' मिसाइल है जो अंतरिक्ष में जाने के बाद एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर सटीक निशाना साध सकती है। यानी एक तीर, और कई निशाने!शुक्रवार, 8 मई को हुआ यह परीक्षण न केवल भारत की तकनीकी महारत को दर्शाता है, बल्कि हिंद महासागर से लेकर पूरे क्षेत्र में देश की सुरक्षा दीवार को अभेद्य बनाता है। यह 'अग्नि' का नया अवतार दुश्मनों के लिए एक साफ संदेश है कि भारत की सरहदें अब पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और ताकतवर हाथों में हैं।

### अग्नि : क्यों है खास

अग्नि मिसाइल की यह नई तकनीक भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करती है जिनके पास MIRV (बहु-लक्ष्यीय स्वतंत्र रूप से लक्षित) क्षमता है।

**एक साथ कई शिकार:** इस तकनीक की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एक ही मिसाइल के ऊपर कई 'वॉरहेड' (बम) लगाए जा सकते हैं। हवा में एक निश्चित ऊंचाई पर पहुँचने के बाद, यह मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में अपने वॉरहेड्स को छोड़ सकती है, जो अलग-अलग शहरों या ठिकानों को एक साथ निशाना बना सकते हैं।

**मिसाइल डिफेंस को चकमा:** दुश्मन के रडार और मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक मिसाइल को रोकना आसान होता है, लेकिन जब एक ही मिसाइल से अचानक 3-4 वॉरहेड अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते हैं, तो उन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

**स्वदेशी तकनीक का दम:** अग्नि-5 और इसके उन्नत संस्करणों को DRDO ने भारत में तैयार किया है। मारक क्षमता 5,000 से 7,000 किमी तक है, जिसका मतलब है लगभग पूरा एशिया और यूरोप का एक बड़ा हिस्सा ।

**डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि:** यह परीक्षण उसी द्वीप (व्हीलर आइलैंड) से किया गया जिसका नाम भारत के 'मिसाइल मैन' डॉ. कलाम के नाम पर रखा गया है।



"आईपीएल से पहले टीम के अंदर हुए एक अभ्यास मैच के दौरान श्रेयस भाई ने मुझसे कहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और मुझे ज्यादा सोचना नहीं चाहिए। अगर मैं उन चीजों के बारे में सोचता जो मेरे नियंत्रण में नहीं थीं तो मैं उस स्थिति में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता।।
–सूर्यांश शेडगे


# स्टेडियम

लखनऊ, रविवार,10 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - शाम 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
समय - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट



लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान महिला सेमीफाइनल में जर्मनी की यिंग हान के खिलाफ सर्विस करतीं जापान की मिवा हरिमोटो। एजेंसी

# गिल की विस्फोटक पारी से टाइटंस ने रॉयल्स को दिया 230 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की शतकीय साझेदारी

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर गिल ने बाएं पैर में परेशानी के बावजूद 44 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से तेजतर्रार 84 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की सहायता से 55 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

पारी के अंतिम ओवरों में वॉशिंगटन सुंदर ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए, जबकि राहुल तेवतिया ने चार गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। तेवतिया ने आखिरी ओवर में दो छक्के जड़े, जिससे टीम ने 21 रन बटोरे और मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 47 रन देकर दो विकेट झटके। इसके अलावा यश राज पुंजा और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

रॉयल्स की मुश्किलें शुरुआत से ही बढ़ गई थीं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में 18 रन लुटाए, जिसमें पांच अतिरिक्त रन भी शामिल थे। सुदर्शन ने उनकी खराब लाइन का पूरा फायदा उठाया। आर्चर ने अपने तीन ओवरों में 46 रन दिए। सुदर्शन ने ऑफ साइड में लगातार आकर्षक शॉट लगाए, जबकि गिल ने शुरुआत में संभलकर खेलने के बाद तेजी से रन गति बढ़ाई। गुजरात ने नौ ओवर में बिना विकेट खोए 108 रन बना लिए थे।

राजस्थान को पहली सफलता यश राज पुंजा ने 11वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने सुदर्शन को आउट कर बड़ी साझेदारी तोड़ी। इस बीच नौवें ओवर में गिल के बाएं पैर में दर्द की शिकायत हुई और उन्हें फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और आसानी से अपना अर्धशतक पूरा किया। जोस बटलर ने भी 10 गेंदों पर 13 रन बनाने के बाद रन गति तेज करने की कोशिश में जडेजा की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। गिल को उनकी पारी के दौरान दो जीवनदान भी मिले। 54 रन के स्कोर पर शिमरोन हेटमायर ने डीप मिडविकेट पर उनका कैच छोड़ दिया और गेंद सीमा रेखा पार कर छक्के में बदल गई।

इसके बाद 61 रन पर हेटमायर ने एक और मुश्किल कैच टपका दिया। इन मौकों का फायदा उठाते हुए गिल ने तुरंत जवाबी हमला किया। उन्होंने यश राज के खिलाफ रिवर्स स्कूप सहित कई आकर्षक शॉट लगाए और मैदान के चारों ओर रन बटोरे। आर्चर के दूसरे स्पेल में भी गिल ने कवर ड्राइव, लॉफ्टेड शॉट और सीधे बल्ले से दमदार प्रहार कर दबदबा बनाए रखा।

जडेजा की अगुवाई में राजस्थान के स्पिनरों ने कुछ समय के लिए रन गति पर अंकुश लगाया, लेकिन गिल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने पूरी पारी के दौरान नियंत्रण बनाए रखा।



गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (दाएं) और साई सुदर्शन। एजेंसी

### गुजरात टाइटंस

**229/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आर्चर बो यश राज | 55 |
| शुभमन गिल का देशपांडे बो बृजेश | 84 |
| जोस बटलर का फरेरा बो जडेजा | 13 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 37 |
| जेसन होल्डर का जायसवाल बो बृजेश | 07 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 14 |

अतिरिक्त: 19, विकेट पतन: 1-118, 2-150, 3-185, 4-205, गेंदबाजी : आर्चर 3-0-46-0, देशपांडे 4-0-52-0, बृजेश 4-0-47-2, यश राज 4-0-37-1, जडेजा 4-0-34-1, फरेरा 1-0-11-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –475 रन
- केएल राहुल दिल्ली–468 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ–16 विकेट

## प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगा चेन्नई

**चेन्नई।** अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को यहां सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है। लखनऊ की टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।

## मुंबई के खिलाफ आरसीबी को करना होगा दमदार प्रदर्शन

रायपुर। पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

## यशस्वी और शेफाली को डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा को पिछले साल निर्धारित डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध न होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने नोटिस जारी किया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) का हिस्सा रहे दोनों खिलाड़ियों ने परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं रहने के कारण नहीं बताए हैं। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किए गए। एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''संबंधित खिलाड़ियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इसकी सूचना राष्ट्रीय महासंघ (बीसीसीआई) और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को भी दे दी गई है।'' नाडा ने हालांकि गोपनीयता का हवाला देते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## फीफा विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा



**टोरंटो।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13 :30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा। यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रयेज़, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिंस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

# तीरंदाजी विश्व कप में जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना

शंघाई, एजेंसी





विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।

भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी।

जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की।

जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रूवेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

# विनेश के नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती में शामिल होने पर रोक

संवाददाता गोंडा





- प्रतियोगिता से एक दिन पहले विनेश फोगाट को बड़ा झटका
- डब्लूएफआई ने कारण बताओ नोटिस देकर मांगा जवाब

**अमृत विचार।** जिले के नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से ठीक 24 घंटे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट को बड़ा झटका लगा है। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने से फिलहाल रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

शनिवार दोपहर जारी किऑ गए इस नोटिस में विनेश फोगाट से कई गंभीर आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डब्लूएफआई ने साफ किया है कि जवाब मिलने के बाद ही उनके प्रतियोगिता में भाग लेने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

विनेश को 14 दिनों के भीतर अपना जवाब देना होगा। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से नोटिस उनके पंजीकृत पते, ईमेल आईडी और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, ताकि बाद में नोटिस न मिलने का विवाद न हो सके। भारतीय कुश्ती संघ की तरफ से जारी नोटिस में विनेश फोगाट पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें संन्यास की घोषणा करने के बाद दोबारा वापसी, अनुशासनहीनता और भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण शामिल है। संघ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में निर्धारित वजन सीमा तक नहीं पहुंच पाने के मामले को भी नोटिस में शामिल किया है। डब्लूएफआई का कहना है कि इससे भारतीय कुश्ती को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। इसके अलावा भारतीय कुश्ती संघ के संविधान और नियमों के बार-बार उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। नोटिस में डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन का मामला भी शामिल है।

भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह के हस्ताक्षर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि विनेश फोगाट ने 18 दिसंबर 2025 को एक अनिवार्य टेस्ट मिस किया गया था, जिसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने 4 मई 2026 को भेजे गए पत्र के माध्यम से दी थी। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि 11 मार्च 2024 को एनआईएस पटियाला में आयोजित चयन ट्रायल में उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों वर्गों में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता नियमों का उल्लंघन किया।

### गोंडा में आयोजित प्रतियोगिता को लेकर लगाया था आरोप

**गोंडा।** गोंडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विनेश फोगाट पहले भी भारतीय कुश्ती संघ पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पंजीकरण में बाधा डाली जा रही है। हालांकि डब्लूएफआई ने दावा किया था कि आरोप लगाने से पहले ही उनका पंजीकरण हो चुका था। इसके बाद विनेश ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि "बृजभूषण के इलाके में कुश्ती हो रही है, वहां मैं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती। अगर मेरे साथ कुछ होता है तो सरकार जिम्मेदार होगी।" भारतीय कुश्ती संघ ने उस समय उनके आरोपों को खारिज कर दिया था। वहीं अब शो कॉज नोटिस जारी होने के बाद मामला और गरमा गया है।

### आईपीएल

देर रात तफरीह करने के आ रहे थे वीडियो, बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने खिलाड़ियों समेत पूरे स्टाफ को किया आगाह

# प्रतिबंधित जगहों पर रील बनाना बोर्ड के कड़े रुख की वजह

बेंगलुरु, एजेंसी



प्रतिबंधित जगहों पर रील्स बनाना, सुरक्षा मंजूरी के बिना तफरीह करना और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से खिलाड़ियों की निकटता ऐसी वजहें रही जिनके कारण बीसीसीआई को कड़े परामर्श जारी करने पड़े और अब आईपीएल टीमें निजता से समझौता किए बिना इनका पालन करने की कोशिश में जुटी हैं।

बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत मेहमानों को लेकर चेताया और यह भी आगाह किया कि यह 'हनी ट्रैप' हो सकता है। नतीजतन बीसीसीआई ने परामर्श जारी किया जिसमें मेहमानों पर प्रतिबंध के साथ खिलाड़ियों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन के प्रमुख मामलों में खिलाड़ियों की इंफ्लुएंसर्स से निकटता है जिनकी सेवायें प्रतिभागी टीमों के लिये सोशल मीडिया कंटेट तैयार करने के मकसद से अल्प अवधि के लिये ली जाती हैं। एक घटना में टीम के युवा खिलाड़ियों में से एक ने कंटेट टीम के नये सदस्य से रील्स बनाने, वीडियो और तस्वीरें लेने में उनकी मदद करने के लिए कहा जो उनके निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने के लिये था। किसी खिलाड़ी के लिए नियो-मीडिया कंटेंट बनाने के लिए बाहर से मदद लेना कोई नयी बात नहीं है लेकिन इस खास मामले में ब्लॉगर ने ''ट्रैक्शन'' पाने के लिए अपने प्राइवेट अकाउंट पर कुछ वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल किया। यह शूट सीमारेखा के भीतर किया गया जिसमें टीम के अभ्यास और अन्य मैदानी गतिविधियों के दृश्य हैं। बाद में खिलाड़ी के होटल के कमरे के भी दृश्य इसमें हैं।

एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने पीटीआई से कहा हमें बीसीसीआई से नये नियमों के निर्देश मिले हैं और उनका पालन कराने के उपाय किये जा रहे हैं। नये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और यह आधुनिक ट्रेंड है जिसे स्वीकार करना होगा लेकिन बीसीसीआई द्वारा तय सीमा के भीतर ही किया जाना चाहिए। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं है। यह एक मसला है। हम खिलाड़ियों और कंटेंट टीमों को बीसीसीआई के नियमों और उन्हें तोड़ने के परिणामों से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा हम कंटेट टीम के सदस्यों की संख्या भी कम कर रहे हैं खासकर उनकी जिन्हें आईपीएल सत्र के दौरान दो तीन महीने के लिये नियुक्त किया जाता है। सीनियर खिलाड़ियों को नियमों के बारे में पता है और यह भी पता है कि उनका पालन कैसे करना है। पहली बार आईपीएल खेल रहे क्रिकेटरों को हालात की गंभीरता के बारे में पता नहीं है।

### अनाधिकृत आगंतुकों को लेकर गहराई चिंता

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के कमरों में अनधिकृत आगंतुकों को लेकर बोर्ड की चिंता गहरा गई जब हाल ही में एक और खिलाड़ी अक्सर देर रात तक अपने कमरे में कुछ लोगों की मेजबानी करता पाया गया। बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी ने टीम मैनेजर को समन किया लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं था। मैनेजर ने टीम में खिलाड़ी की वरिष्ठता का हवाला देकर उसका बचाव करने की कोशिश की। आईपीएल में बतौर टीम मैनेजर लंबे समय तक काम कर चुके एक पूर्व अधिकारी ने कहा मैं हैरान नहीं हूं। कई बार खिलाड़ी अपने कद का फायदा उठाकर नियमों को ताक पर रख देते हैं।

# इटालवी ओपन के दूसरे दौर में डिनो से हारकर नोवाक जोकोविच बाहर

रोम, एजेंसी



छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज़मिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए, जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुँच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोकोविच और प्रिज़मिक के बीच यह पहली भिड़ंत थी।

जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली। छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक ज़ोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिज़मिक ने ज़ोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेज़ी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पाँचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, हालाँकि उन्होंने यह माना कि वे आधा कदम पीछे रह गए।